**सच, सिर्फ सच**

**
# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 21 जुलाई, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 197, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**10 कंपनियों की पूंजी 94,433 करोड़ घटी**

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 94,433.12 करोड़ रुपये की गिरावट आयी। } 14

**मेरा साक्षात्कार 21 मार्च 1977 को हुआ था, जिस दिन आपातकाल हटा**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दिल्ली में उनका यूपीएससी साक्षात्कार 21 मार्च, 1977 को हुआ था – जिस दिन देश से आपातकाल हटाया गया था। } 16



# मोदी चार दिन की ब्रिटेन-मालदीव की यात्रा पर बुधवार को होंगे रवाना

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। इस यात्रा का उद्देश्य भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मोदी पहले चरण में दो दिवसीय यात्रा पर ब्रिटेन जायेंगे और फिर मालदीव में स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री की 25 से 26 जुलाई तक होने वाली मालदीव यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह द्विपक्षीय संबंधों को पुनः स्थापित करने का प्रतीक है। चीन समर्थक माने जाने वाले मोहम्मद मुइज्जू के नवंबर 2023 में सत्ता में आने के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव पैदा हो गया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार, अपनी यात्रा के पहले चरण में मोदी 23 से 24 जुलाई को ब्रिटेन की यात्रा पर जाएंगे और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की लंदन यात्रा के दौरान भारत और ब्रिटेन द्वारा मुक्त व्यापार समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किये जाने की उम्मीद है। मई में भारत और ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया था जिससे 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात को टैरिफ से ...शेष पृष्ठ 14 पर

# विपक्ष पहलगाम, ट्रंप का उठायेगा मुद्दा, सरकार चर्चा को तैयार

## सत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दे सकते हैं ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत बयान

एजेंसी



नयी दिल्ली। सरकार ने रविवार को संकेत दिया कि वह संसद के आगामी मनसून सत्र में विपक्ष की प्रमुख मांगों में से एक ऑपरेशन सिंदूर सहित सभी मुद्दों पर चर्चा को तैयार है।

वहीं, विपक्षी इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) ने जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस मामले के साथ-साथ अमेरिकी राष्ट्रपति के पाकिस्तान के साथ संघर्षविराम के दावों और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर भी जवाब देना चाहिए। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री द्वारा संसद में इन मुद्दों पर स्वयं जवाब देने की संभावना बहुत कम है। हालांकि, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने जोर देकर कहा कि जब भी भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर चर्चा होगी, सरकार उचित जवाब देगी। सत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर एक विस्तृत बयान दिये जाने की संभावना है। सिंह ने शुक्रवार शाम को अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ दो प्रमुख बैठकें कीं और एक अन्य बैठक शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ की। राजग सहित कई नेता ऑपरेशन सिंदूर पर विभिन्न संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के माध्यम से सरकार की विदेश पहुंच की उपलब्धियों को उजागर करने के लिए चर्चा भी चाहते हैं। सूत्रों ने बताया कि सरकार संसद में अपना विचार रखने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी मैदान में उतार सकती है। सोमवार से शुरू हो रहे सत्र से पहले पारंपरिक सर्वदलीय बैठक के बाद रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार ने महीने भर चलने वाले सत्र के दौरान संसद के सुचारू संचालन में विपक्ष से सहयोग मांगा है। केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार और विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए। रीजीजू ने कहा कि उन्होंने विपक्ष और सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटकों को धैर्यपूर्वक सुना और आशा व्यक्त की कि आगामी सत्र बहुत लाभदायक होगा। रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में विभिन्न दलों के 54 नेताओं और निर्दलीय संसद सदस्यों ने हिस्सा लिया। रीजीजू ने कहा, हम ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### नैना देवी मंदिर में लाउडस्पीकर और ढोल पर लगा प्रतिबंध

बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)। श्रावण अष्टमी मेले के दौरान श्री नैना देवी परिसर के अंदर लाउडस्पीकर, ढोल और बैंड के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गयी। यह मेला 25 जुलाई से तीन अगस्त तक चलेगा। आदेश के अनुसार, जिला मजिस्ट्रेट राहुल कुमार ने मंदिर परिसर में हलवा, नारियल और प्रसाद चढ़ाने के लिए बांस की टोकरियों के इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। यह निर्णय सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बयान में कहा गया है कि जिलाधिकारी ने मेले के दौरान श्री नैना देवी मेला परिसर में लाउडस्पीकर, ढोल, बैंड व अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। आवश्यक जन संदेश या घोषणाएं केवल नियंत्रण कक्ष के माध्यम से ही प्रसारित की जाएंगी। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेले के दौरान प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करें तथा मंदिर परिसर में शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण बनाए रखने में सहयोग करें।

### द. कोरिया में भारी बारिश, 17 की मौत

सियोल। दक्षिण कोरिया में पांच दिन से हो रही भारी बारिश के कारण वर्षाजनित घटनाओं में 17 लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य लापता हो गए। सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी। आंतरिक एवं सुरक्षा मंत्रालय ने बताया कि बारिश के कारण रविवार को एक मकान के ढह जाने से वहां रहने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई और सियोल के उत्तर-पूर्व में स्थित गैप्योंग शहर में एक अन्य व्यक्ति उफनती नदी में बह जाने के बाद मृत पाया गया। मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी शहर सानचियोंग में रविवार को भारी बारिश के बीच भूस्खलन की घटना, मकान ढहने और अचानक बाढ़ आ जाने के कारण आठ लोग मृत पाए गए जबकि छह अन्य लोग लापता हो गए। गैप्योंग और दक्षिणी शहर ग्वांगजू में छह लोग लापता हैं।

# योगी ने की कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा

## असामाजिक तत्व कांवड़ यात्रा की आड़ में माहौल खराब करने की कोशिश कर सकते हैं: सीएम




जिला संवाददाता

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि कुछ असामाजिक तत्व कांवड़ यात्रा की आड़ में माहौल खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। योगी ने मेरठ में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा श्रद्धा, अनुशासन और लोक कल्याण की प्रतीक है। सरकार की प्राथमिकता है कि यह यात्रा निर्विघ्न संपन्न हो, लेकिन जो भी व्यक्ति हुड़दंग या तोड़फोड़ करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानून हाथ में लेने की किसी को अनुमति नहीं है। योगी ने मेरठ पहुंचकर कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की और यात्रा के सुचारू संचालन के लिए प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस दस्ते तैयार हैं और कांवड़ यात्रा समाप्त होने के बाद उपद्रवियों को चिन्हित कर उनके पोस्टर लगाने का काम भी होगा। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों की निगरानी के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से उपद्रवियों की पहचान कर उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। योगी ने रविवार को मेरठ पहुंचकर कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की और यात्रा के सुचारू संचालन के लिए प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने साफ किया, भक्ति में बाधा डालने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर दोपहर करीब 12 बजे शोभित विश्वविद्यालय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मुख्यमंत्री ने किया दूधेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन-पूजन

मुजफ्फरनगर/गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरिद्वार से लौट रहे कांवड़ियों का मुजफ्फरनगर के शिवचौक में हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री योगी ने गाजियाबाद के दूधेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन भी किये।

व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिलदेव अग्रवाल सहित कई लोगों ने योगी की इस पहल की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। हजारों श्रद्धालु शिव चौक पर परिक्रमा करने के बाद अपने घरों की ओर रवाना हुए। जिला प्रशासन ने 23 जुलाई को समाप्त होने वाली कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग और गंग नहर मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की हुई है। इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अपने दौरे के तहत गाजियाबाद स्थित प्राचीन दूधेश्वर नाथ मंदिर में पूजा की। मंदिर के मुख्य पुजारी महंत नारायण गिरि ने पत्रकारों को बताया कि भगवान शिव को गंगा जल अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री ने मार्ग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को किसी भी बाधा को दूर करने के निर्देश दिए।

# स्कूली बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट करेगा यूआईडीएआई



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) दो महीने बाद चरणबद्ध तरीके से विद्यालयों के माध्यम से बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट शुरू करने की परियोजना पर काम कर रहा है। एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भुवनेश कुमार ने बताया कि सात करोड़ से ज्यादा बच्चों ने आधार के लिए अपने बायोमेट्रिक अपडेट नहीं किए हैं। पांच साल की आयु के होने के बाद यह प्रक्रिया करना अनिवार्य है। कुमार ने कहा कि यूआईडीएआई, विद्यालयों के जरिये अभिभावकों की सहमति से बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट करने की परियोजना पर काम कर रहा है। हम इस समय इस प्रौद्योगिकी का परीक्षण रहे हैं और यह 45 से 60 दिनों में तैयार हो जाएगी। बच्चों के बायोमेट्रिक डेटा की सटीकता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट का समय पर पूरा होना एक अनिवार्य आवश्यकता है। अगर सात वर्ष की आयु के बाद भी अपडेट नहीं किया जाता है तो मौजूदा नियमों के अनुसार, आधार संख्या निष्क्रिय की जा सकती है। यह अपडेट यदि पांच से सात वर्ष की आयु के बीच किया जाता है, तो निःशुल्क है लेकिन सात वर्ष की आयु के बाद अपडेट के लिए 100 रुपये का शुल्क निर्धारित है। इसका उद्देश्य स्कूल ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कांवड़ यात्रा सामाजिक एकता का पर्व

## देहरादून में सीएम धामी ने हरियाणा के सीएम का किया भव्य स्वागत

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। देवभूमि उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में एक गरिमामयी क्षण देखने को मिला जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आत्मीय स्वागत किया। यह भेंट दो राज्यों के बीच सौहार्द और सहयोग की नई मिसाल बनी। मुख्यमंत्री धामी ने अपने समकक्ष को चारधाम यात्रा का पवित्र प्रसाद और उत्तराखंड के हाउस ऑफ हिमालया ब्रांड के विशेष स्थानीय उत्पादों की सौगात भेंट की।

दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच मुलाकात में उत्तराखंड और हरियाणा के पारस्परिक हितों से जुड़े समसामयिक विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में राज्य स्तर पर विकास, निवेश, पर्यटन, तीर्थ यात्रा प्रबंधन और आपदा प्रबंधन जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस सौहार्द्रपूर्ण भेंट को दोनों राज्यों के संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांवड़ यात्रा को लेकर गहरी आस्था और भावनात्मक जुड़ाव दर्शाया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा महज एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि श्रद्धा, समर्पण और अनुशासन का संगम है। उन्होंने कहा कि देशभर से लाखों शिवभक्त प्रत्येक वर्ष श्रावण माह में मां गंगा से पवित्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

# इजराइली सेना के हमले में 73 लोग मारे गये

एजेंसी



दीर अल-बलाह। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि रविवार को गाजा में विभिन्न स्थानों पर राहत सहायता की प्रतीक्षा करने के दौरान 73 लोग गोलीबारी में मारे गए।

स्वास्थ्य मंत्रालय और स्थानीय अस्पतालों के अनुसार, सबसे अधिक मौतें उत्तरी गाजा में हुईं, जहां इजराइल के साथ लगने वाली जिकिम क्रॉसिंग के जरिये उत्तरी गाजा में आ रही राहत सामग्री का इंतजार कर रहे कम से कम 67 फलस्तीनी मारे गए। अस्पतालों के अनुसार, 150 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि ये लोग इजराइली सेना की गोलीबारी में मारे गए या हथियारबंद गिरोहों ने उन्हें निशाना बनाया। लेकिन कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली सेना ने भीड़ पर गोलियां चलाईं। इजराइल की सेना ने इस घटना पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है।

### सीरिया के स्वैदा में संघर्ष थमा यूएस ने की शांति की अपील

माजरा। सीरिया के दक्षिणी शहर स्वैदा में करीब एक हफ्ते तक चले झड़प के बाद बेदुइन समुदाय के सशस्त्र लड़ाकों ने रविवार को शहर से हटने की घोषणा की है। यह कदम अमेरिका की मध्यस्थता में हुए संघर्षविराम के बाद उठाया गया है। इस बीच, मानवीय सहायता लेकर 32 ट्रकों का काफिला शहर में दाखिल हुआ है, क्योंकि झड़पों के चलते शहर में बिजली, पानी, दवाइयों और ईंधन की भारी कमी हो गई थी। स्वैदा शहर, जहां द्रूज समुदाय बहुसंख्यक है, वहां बीते कुछ दिनों से बेदुइन सुन्नी मुस्लिम कबीले और द्रूज मिलिशिया के बीच जबरदस्त झड़पें हो रही थीं। इन झगड़ों की शुरूआत कुछ आपसी अपहरणों से हुई थी, जो बाद में सांप्रदायिक हिंसा में बदल गई। इनमें सैकड़ों लोगों की मौत हुई और हजारों लोग अपने घर छोड़कर दरआ और अन्य इलाकों में चले गए। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, कुल 1,28,571 लोग बेघर हुए, जिनमें से सिर्फ शनिवार को ही 43,000 लोग विस्थापित हुए।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 33.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 28.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- गरीब परिवार के मुखिया को मिलेगा 18,400 रुपये मासिक वेतन (पृष्ठ-02)
- कपिलवस्तु का होगा पर्यटन विकास (पृष्ठ-02)
- वाहन निर्यात 22 प्रतिशत बढ़कर 14.57 लाख इकाई पर (पृष्ठ-14)
- 3,558 जाली कंपनियां पकड़ी गयी (पृष्ठ-14)
- इस सप्ताह सीमित दायरे में कारोबार करेगा सोना (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** अपने प्रभाव में न आने वाले लोगों को राजेश उपाध्याय की मदद से नोटिस भिजवाता था छांगुर

# छांगुर का मददगार निकला कोर्ट का बाबू, एटीएस ने किया गिरफ्तार

जिला संवाददाता





बलरामपुर। धर्मांतरण के धंधेबाज छांगुर बाबा को लेकर रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। अब बलरामपुर में न्यायालय का एक बाबू छांगुर बाबा का मददगार निकला है। गलत धंधों में छांगुर बाबा के सहयोगी और कुछ संपत्तियों में हिस्सेदार रहे बलरामपुर न्यायालय कर्मी राजेश उपाध्याय को एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है।

उसकी पत्नी संगीता से पूछताछ हो रही है। ईडी ने तीन दिन पहले उपाध्याय दंपत्ति के लखनऊ के नौबस्ता स्थित मकान पर छापेमारी की थी। इसके पहले मामला सामने आने के बाद राजेश को सस्पेंड कर दिया गया था। छांगुर बाबा प्रकरण में अब तक कुल आठ लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। कोर्ट के बाबू राजेश उपाध्याय पर आरोप है कि वह छांगुर बाबा के इशारे पर काम करता था। प्रभाव न आने वाले लोगों को छांगुर बाबा राजेश उपाध्याय की मदद से नोटिस भिजवाता था। केस भी दर्ज कराता था। अवैध धर्मांतरण और लव जिहाद की मुहिम में प्रापर्टी से आने वाली रकम भी खूब खर्च गई। यहां के कई प्रापर्टी डीलरों ने उसे कई जमीनें खरीदवाई। इसके बदले छांगुर ने उन्हें अच्छा कमीशन दिया। एटीएस जल्दी ही रडार पर आए इन प्रापर्टी डीलरों से पूछताछ करेगी। छांगुर इन प्रापर्टी डीलरों से ज्यादा मिलता नहीं था। जरूरत पड़ने पर ये लोग बलरामपुर जाते और उसके गिरोह के दूसरे सदस्यों से सम्पर्क कर लौट आते थे। उतरौला के सुभाषनगर, छिपिया, मनकापुर रोड स्थित लालगंज इलाके में कई युवकों की पहचान की गई है जो जमीन की खरीदफरोख्त में लिप्त थे। ये लोग भी छांगुर के सम्पर्क में थे। एटीएस ने अभी इनमे से सिर्फ आधा दर्जन से ही पूछताछ की है। हालांकि ईडी की भी नजर इन प्रापर्टी डीलरों पर है और वह भी पूरी चेन पर होमवर्क कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पार्टी डीलिंग में कुछ अफसरों का भी पैसा लगा है जो जिले में तैनाती के दौरान छांगुर से सम्पर्क में आए। छांगुर के अवैध धर्मांतरण की आंच बहराइच में भी रही। यहां भी कई धर्म परिवर्तन के मामले हुए। एटीएस अब धर्मांतरण में फंसी यहां की लड़कियों के बारे ...शेष पृष्ठ 14 पर

# पटनाः गैंगस्टर चंदन हत्या में मुख्य शूटर और साथी पकड़े गये

एजेंसी

पटना। बिहार पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने पटना के एक निजी अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या के मुख्य आरोपी और उसके तीन साथियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार लोगों में मुख्य आरोपी तौसीफ उर्फ बादशाह और तीन अन्य शामिल हैं। इन्हें बिहार और पश्चिम बंगाल की पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में शनिवार शाम कोलकाता से गिरफ्तार किया और बाद में पटना लाया गया। बिहार पुलिस ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि शस्त्र अधिनियम के एक मामले में पुलिस द्वारा वांछित मुख्य आरोपी तौसीफ और उसके तीन अन्य सहयोगियों को बिहार और कोलकाता पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने कहा कि चारों को पटना की एक अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस हिरासत में पूछताछ के लिए उनकी रिमांड की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि चारों को हत्या और शस्त्र अधिनियम से संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड सहित वैज्ञानिक और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर जांचकर्ताओं ने कोलकाता में ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# गरीब परिवार के मुखिया को मिलेगा 18,400 रुपये मासिक वेतन

## स्किल्ड ट्रेनिंग के बाद राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में दिलायी जायेगी नौकरी, गरीब परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने को उठाया कदम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने जीरो पावर्टी अभियान के तहत प्रदेश में गरीबी को जड़ से खत्म करने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। योगी

- योगी सरकार जीरो पावर्टी अभियान के चिन्हित परिवार के सदस्यों को देगी स्किल ट्रेनिंग
- अभियान के तहत पहले चरण में चिन्हित निर्धन 300 परिवार के मुखिया को देगी ट्रेनिंग
- योगी सरकार होटल ताज, एसबीआई बैंक, एल एंड टी लि. जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में दिलायेगी नौकरी

सरकार जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित निर्धन परिवारों के सदस्यों को न केवल गारंटीड स्किलिंग प्रोग्राम से जोड़ेगी बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार भी दिलाएगी। योगी सरकार का उद्देश्य निर्धन परिवार को रोजगार से जोड़कर उन्हे एक निश्चित आय उपलब्ध कराना है ताकि उनका जीवन स्तर सामान्य हो सके। अभियान के तहत योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में कोई भी परिवार ऐसा न हो जिसे गरीबी के कारण दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करना पड़े।

**यूपी कौशल विभाग देगा ट्रेनिंग, एक हजार ट्रेनिंग पार्टनर भी देंगे सहयोग :** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीरो पावर्टी अभियान योगी सरकार की उन योजनाओं में से है, जो गरीबों को वास्तविक सशक्तिकरण की ओर ले जा रही है। यह पहल न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रही है, बल्कि सामाजिक समरसता और समान अवसर की दिशा में भी एक सशक्त कदम साबित हो रही है। योगी सरकार का यह प्रयास भविष्य में पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकता है, जहां सरकार और उद्योग जगत मिलकर गरीबी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं। इसी के तहत योगी सरकार ने जीरो पावर्टी अभियान के तहत चिन्हित परिवार के



मुखिया को गारंटीड स्किलिंग प्रोग्राम से जोड़ा जाएगा। इसके तहत पहले फेज में अड्डियान के तहत चिन्हित 300 निर्धन परिवार के मुखिया को स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद प्रदेश भर में अभियान के तहत चिन्हित सड्डी परिवार के मुखिया को स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी। यह ट्रेनिंग उत्तर प्रदेश कौशल विकास विभाग की ओर से दी जाएगी। इससे एक हजार ट्रेनिंग पार्टनर ड्डी जुड़ेंगे। यह ट्रेनिंग पूरी तरह से व्यावसायिक और रोजगारोन्मुखी होगी, जिसमें प्रतिभागियों को उन क्षेत्रों में दक्ष बनाया जाएगा, जहां नौकरी की संभावनाएं अधिक हैं। इसके बाद उन्हें सीधे नौकरी से जोड़ा जाएगा।

**360 डिग्री फामूर्ले पर दी जाएगी ट्रेनिंग, प्रतिष्ठित कंपनियों में मिलेगा रोजगार का अवसर :** मुख्य सचिव ने बताया कि परिवार के मुखिया को 360 डिग्री फामूर्ले के तहत संपूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें ऑफिस, टॉयलेट क्लीनिंग, गेस्ट अटेंडेंट, हाउसकीपिंग, हॉस्पिटैलिटी जैसे सात प्रकार की ट्रेनिंग शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें लैंग्वेज स्किल की भी शिक्षा दी जाएगी ताकि वे कॉर्पोरेट सेक्टर में आत्मविश्वास के साथ काम कर सकें। यह ट्रेनिंग कार्यक्रम सुनिश्चित करेगा कि प्रशिक्षण का स्तर गुणवत्ता युक्त और उद्योग की जरूरतों के अनुसार हो। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग पूरी होने के बाद होटल ताज, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), एल एंड टी लिमिटेड, मेदांता, अडानी ग्रुप जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में नौकरी दिलाई जाएगी। यह पहली बार है जब कोई सरकार सीधे गरीबों को स्किल ट्रेनिंग देकर प्राइवेट सेक्टर की टॉप कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराने जा रही है। वहीं योगी सरकार की ओर से यह भी सुनिश्चित किया गया है कि प्रशिक्षित मुखिया को कम से कम 18,400 रुपये मासिक वेतन मिले, जिससे वे अपने परिवार का सम्मानजनक तरीके से भरण-पोषण कर सकें।

**योगी सरकार की पहल को देश, प्रदेश और विदेश के उद्योग जगत का मिला समर्थन :** योगी सरकार की गारंटीड स्किलिंग प्रोग्राम और गारंटेंड प्लेसमेंट प्रोग्राम को देश, प्रदेश और विदेश के उद्योग जगत का भी व्यापक समर्थन मिला है। अब तक 40 बड़े उद्यमियों ने जीरो पावर्टी अभियान से जुड़े परिवारों को नौकरी देने की प्रतिबद्धता जताई है। यह सहयोग इस अभियान की व्यापकता और सफलता का संकेत देता है। योगी सरकार का प्रयास केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता को भी सुनिश्चित कर रहा है।

जीरो पावर्टी अभियान इसी सोच का विस्तार है, जो गरीब परिवारों को दया या अनुदान नहीं, बल्कि सम्मान और अवसर देने की दिशा में काम करता है। योगी सरकार का मानना है जब तक प्रदेश का सबसे गरीब व्यक्ति मुख्यधारा से नहीं जुड़ता, तब तक विकास अधूरा है। यह अभियान उस अंतिम व्यक्ति को आगे लाने का प्रयास है, जो अब तक हाशिए पर रहा है। ऐतिहासिक पहल से यह स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश अब सिर्फ विकास की बात नहीं कर रहा, बल्कि उसके हर नागरिक को विकास से जोड़ने की दिशा में ठोस काम कर रहा है।

# प्रदेश के हर मंडल में बनेगी 'आदर्श गौशाला'

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के हर मंडल में 'आदर्श गोशाला' बनाने का फैसला किया है। इसके तहत प्रथम चरण में आठ मंडलों में एक गोशाला को आत्मनिर्भर और एक ब्लॉक को प्राकृतिक खेती हेतु चयनित कर मॉडल क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाएगा। यह योजना गो-संवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

- मुख्यमंत्री के ग्राम-ऊर्जा मॉडल से बदल जायेगी गांवों की सूरत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के प्रथम चरण में 8 मंडलों की 8 गोशालाओं को 'आदर्श गोशाला' के रूप में चुना जा रहा है। इनमें अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर, चित्रकूट, बरेली, आगरा, कानपुर और झांसी शामिल हैं। इन गोशालाओं को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा, जो अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगी। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि बरेली मंडल के मझगवां ब्लॉक स्थित खंगवा श्याम सृष्टि मंगलम गोशाला को प्रदेश की पहली आदर्श गोशाला घोषित किया गया है। इसमें इंटर-लॉक्ड वेस्ट-फ्री शेड डिजाइन अपनाया जाएगा, जिससे चारे की बर्बादी में कमी आएगी। वहां से मंडल-स्तरीय आत्मनिर्भर गोशाला मॉडल की शुरुआत हुई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'ग्राम-ऊर्जा मॉडल' के तहत गोशालाओं को ग्रामीण विकास का केंद्र बनाया जाएगा। मझगवां ब्लॉक को पूरी तरह गो-आधारित प्राकृतिक कृषि क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे किसानों को रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। योगी सरकार की योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को गोशालाओं से जोड़ा जाएगा। महिलाओं और युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और गो-आधारित उत्पादों से आय अर्जित करने में मदद मिलेगी।

# कपिलवस्तु का होगा पर्यटन विकास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बौद्ध पर्यटन निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वर्ष 2024 में राज्य में कुल 61,47,826 बौद्ध पर्यटक पहुंचे, जिनमें से 79,418 ने कपिलवस्तु का भ्रमण किया। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य सरकार सिद्धार्थनगर स्थित कपिलवस्तु में पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए छह करोड़ रुपए की परियोजनाएं स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में कपिलवस्तु में कुल 79,418 बौद्ध पर्यटक पहुंचे थे। इनमें 62,790 घरेलू जबकि 16,628 विदेशी पर्यटक थे। वर्ष 2022 में कपिलवस्तु आने वाले पर्यटकों की कुल संख्या 26,805 थी, जिनमें 26,707 घरेलू और महज 98 विदेशी पर्यटक थे। मगर, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा किए गए प्रयासों का प्रतिफल रहा कि दो साल के भीतर कपिलवस्तु आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई। इसी क्रम में विभाग कपिलवस्तु में 06 करोड़ रुपए की लागत से पर्यटन सुविधाओं का विकास करने जा रही है। उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर



- 6 करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्वीकृत :जयवीर सिंह

सिंह ने बताया कि कपिलवस्तु भगवान बुद्ध का बाल्यकालीन निवास स्थल रहा है, जिससे यह स्थान बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए अत्यंत पावन माना जाता है। आंकड़े दशार्ते हैं कि कपिलवस्तु बौद्ध धर्मावलंबियों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है। सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे बौद्ध सर्किट, पर्यटक सुविधाएं और प्रचार-प्रसार ने इस सफलता में अहम भूमिका निभाई है। राज्य सरकार का विजन है कि विकास योजनाओं के माध्यम से कपिलवस्तु को वैश्विक धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर मजबूती से स्थापित किया जाए। श्री सिंह ने बताया कि कपिलवस्तु, बुद्ध के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों में से एक है, जहां उन्होंने अपने जीवन के 29 वर्ष बिताए थे। यह स्थान प्राचीन शाक्य गणराज्य की राजधानी थी और राजकुमार सिद्धार्थ (जो बाद में गौतम बुद्ध बने) का घर था। वर्तमान में यह बौद्ध धर्म मानने वालों के लिए तीर्थ स्थल है। यहां भगवान बुद्ध के अवशेषों वाले स्तूप सहित अन्य पुरातात्विक स्थल हैं, जो दुनियाभर के बौद्ध अनुयायियों को आकर्षित करता है। कपिलवस्तु नगर मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर स्थित है। पर्यटकों के लिए यहां कपिलवस्तु म्यूजियम, शांति स्तूप, थाई मोनेस्ट्री, तिलौराकोट की प्राचीन साइट आदि हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कपिलवस्तु न केवल बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए एक पावन स्थल है, बल्कि यह भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# संभव अभियान के तहत 5 आंगनबाड़ी कार्यकत्री सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य के निर्देशन में प्रदेश में संचालित संभव अभियान ने बाल एवं मातृ पोषण की दिशा में उल्लेखनीय परिवर्तन लाते हुए राज्य की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका को एक नई पहचान दी है।

वर्ष 2024-25 में संभव अभियान

- कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने किया सम्मानित
- कुपोषित बच्चों को नया जीवन-एनआरसी और ई-कवच के माध्यम से पुनरुत्थान

0.4 तक के विभिन्न चरणों में, जनपद वाराणसी, चंदौली, श्रावस्ती, उन्नाव व फरूर्खाबाद की कार्यकत्रियों ने पोषण सुधार के क्षेत्र में सराहनीय एवं अनुकरणीय प्रयास किए हैं। ये प्रयास न केवल कुपोषण की रोकथाम तक सीमित रहे, बल्कि समग्र स्वास्थ्य सुधार, मातृत्व सुरक्षा और किशोरी बालिकाओं की जीवन गुणवत्ता में भी सकारात्मक परिवर्तन लाए। प्रत्येक चयनित कार्यकत्री




ने स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए सैम (गंभीर रूप से कुपोषित) बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया और उन्हें कुपोषण से बाहर लाने में सफलता प्राप्त की। सरिता देवी ने संभव अभियान को अपने कार्यक्षेत्र में एक जनांदोलन में बदल दिया। 12 से 14 अधिक सैम बच्चों के पोषण सुधार हेतु स्वास्थ्य विभाग से सक्रिय समन्वय कर उन्हें जीवन की नई दिशा दी। एनआरसी में भर्ती दो बच्चों को गंभीर कुपोषण से बाहर निकालना उनके जमीनी प्रयासों का प्रमाण है। क्षेत्र में स्तनपान को लेकर जब उन्होंने 80 प्रतिशत तक जागरूकता फैलाई और टीकाकरण दर को 90 प्रतिशत तक पहुँचाया, तो यह साफ हो गया कि उनका नेतृत्व सिर्फ केंद्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे समुदाय में प्रभावशाली है। किशोरी बालिकाओं के लिए पोषण एवं स्वच्छता शिक्षा देकर उन्होंने भविष्य को भी सुरक्षित किया। चंदौली की सुजाता कुशवाहा ने अपनी सूझबूझ, सरलता और दृढ़ निश्चय से मातृत्व पोषण को गंभीरता से लिया। उन्होंने सैम बच्चों के लिए समय पर दवा, उपचार और पोषण योजना सुनिश्चित की। उनके अथक प्रयासों से 90 प्रतिशत बच्चों को 06 माह तक केवल स्तनपान कराया गया, और टीकाकरण की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ। किशोरियों के एनीमिया से लड़ने हेतु उन्हें पोषण शिक्षा, आई.एफ.ए. दवा का सेवन और जीवनशैली सुधार का प्रशिक्षण देना उनके मानवीय दृष्टिकोण को दशार्ता है। पोषण ट्रैकर पर 100 प्रतिशत वजन और गृह भ्रमण रिपोर्टिंग कर उन्होंने डिजिटल दक्षता में भी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। श्रावस्ती के एक छोटे से गाँव से जुड़ी पानकली ने अपने काम से यह सिद्ध कर दिया कि संकल्प हो तो संसाधन बाधा नहीं बनते। उन्होंने 12 से अधिक सैम बच्चों को चिन्हित कर स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया और उन्हें पोषण सेवाओं से जोड़ा। 06 एनीमिक महिलाओं को भोजन, आयरन और परामर्श देकर सशक्त बनाया। स्तनपान और ऊपरी आहार जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाकर उन्होंने समुदाय में पोषण संवाद की नींव रखी। किशोरियों की स्थिति में सुधार उनकी मेहनत का जीवंत प्रमाण है। सजनी अवस्थी की कहानी सिर्फ सेवा की नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की भी है। उन्होंने 04 कुपोषित बच्चों को ई-कवच पोर्टल पर फीड कराकर उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिलाया। 05 किशोरी बालिकाओं को एनीमिया से निकालकर उन्हें पुनः शिक्षा से जोड़ना एक ऐसी उपलब्धि है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 64 महिलाओं को लाभ दिलाया और ईसीसीई के तहत बच्चों को शिक्षा से जोड़ने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। समुदाय में उनकी छवि एक भरोसेमंद जनसेविका की बनी है। शमसाबाद की चन्द्रमुखी ने गंभीर कुपोषण से ग्रस्त 03 बच्चों को ई-कवच पोर्टल पर फीड कर एनआरसी में भर्ती कराया और सुधार सुनिश्चित किया। 09 अन्य बच्चों को समुदाय के सहयोग से सामान्य पोषण स्थिति में लाना उनकी नेतृत्व क्षमता का परिचायक है। उनकी डिजिटल सक्षमता इस बात से साबित होती है कि पोषण ट्रैकर पर 100 प्रतिशत ई.के.वाई.सी. और प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण हुआ। लगातार तीन वर्षों से उनके विरुद्ध कोई शिकायत आई.जी.आर.एस.पोर्टल पर नहीं आना, उनके अनुशासन और कार्यकुशलता का प्रतीक है। सभी स्वास्थ्य अभियानों में सक्रिय सहयोग और मातृ समिति की प्रभावी बैठकों ने लो बर्थ वेट की समस्या में भी कमी लाई है।

# भाजपा दलितों और गरीबों की दुश्मन बन गई है : राजेन्द्र पाल गौतम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति/जनजाति विभाग कांग्रेस के चेयरमैन राजेन्द्र पाल गौतम ने पत्रकार बन्धुओं को सम्बोधित किया। प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति

- 2027 में कांग्रेस की सरकार बनेगी तभी दलितों को अत्याचारों से मिलेगा निराकरण

विभाग कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन तनुज पुनिया सांसद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ज पूर्व मंत्री, पूर्व मंत्री राज बहादुर सिंह एवं डॉ.मसूद अहमद, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी,




प्रो.आर.बी. बौद्ध, प्रदेश प्रवक्ता पुनीत पाठक, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति/जनजाति विभाग कांग्रेस के चेयरमैन राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि भाजपा दलितों और गरीबों की दुश्मन बन गई है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सत्ता आने के बाद न सिर्फ दलितों का उत्पीड़न और उनके खिलाफ अपराध बढ़े हैं बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से हाशिए पर ढकेलने का काम भी किया गया है। उनके मान-सम्मान और अस्मिता को कुचलने का एवं उनके हर प्रतीक का जो उनके स्वाभिमान से जुड़ा है उसे क्षत विक्षत करने का काम किया जा रहा है। असल में यह लोग अपनी खीझ मिटा रहे हैं। यह इस बात से परेशान हैं कि हजारों साल से इनके गुलाम रहे दलित क्यों अपना हक मांग रहे, क्यों पढ़ लिख कर इनकी बराबरी में बैठना चाह रहे हैं। भाजपा सरकार के यह मनुवादी लोग दलितों की प्रगति को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। 2027 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद दलितों को मिलेगा इन अत्याचारों से निरकारण।

राजेन्द्र गौतम ने कहा कि एक तरफ एनसीआरबी 2023 की रिपोर्ट के अनुसार उप्र दलितों के प्रति अपराध में एक नंबर पर था और प्रदेश में दलितों के खिलाफ अपराध घटने के बजाए बढ़ गए हैं। दुर्भाग्य यह है कि केन्द्र सरकार ने उसके बाद एनसीआरबी के आंकडे.ही नहीं जारी किए। सवाल गंभीर है कि भाजपा के शासनकाल में ऐसे दौर में जब आएदिन दलितों पर जुल्म की इंतेहाँ हो रही है उन पर पेशाब करने जैसी विकृत घटनाएं हो रही हैं, ऐसे दौर में भाजपा सरकार दलितों का मान-सम्मान, स्वाभिमान एवं उनकी सुरक्षा तो नहीं करपा रही हाँ आंकड़ों को छुपाकर सच पर पर्दा डलाने की कोशिश जरूर कर रही है। दलितों के खिलाफ अपराध के 51656 केस भारत में वर्ष 2022 में दर्ज किए गए थे जिसमें सबसे ज्यादा मुकदमें 12287 (23.78) प्रतिशत उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए थे। राजेन्द्र गौतम ने कहा कि भारत में समानता बन्धुत्व स्थापित करने वाले संविधान रचायिता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेड़कर की प्रतिमाएं पिछले सालों में जगह-जगह तोड़ी जा रही हैं। मानसिक रूप से विकृत लोग जो सोच से मनुवादी हैं जिन्हे समानता पसंद नहीं है ऐसे लोग बाबा साहब की प्रतिमाओं पर कालिख लगाते हैं उन्हें क्षत विक्षत करते हैं और योगी सरकार तमाशा देखती है। अगर हाल फिलहाल की घटनाओं पर नजर डाले तो अभी 30 जून को जनपद सुलतानपुर में आराजक तत्वों द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा को छठवीं बार क्षतिग्रस्त किया गया।

# भाजपा ने छात्रों, नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा युवा विरोधी पार्टी हैं प्रदेश का युवा बेरोजगार है। भाजपा ने छात्रों, नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। आज छात्रों, युवाओं के पास नौकरी, रोजगार नहीं है। भाजपा सरकार ने सभी विभागों की नौकरियों को संविदा और आउटसोर्स करके नौजवानों की जिंदगी में अंधेरा कर दिया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा साजिश के तहत विभागों का निजीकरण कर रही है। अब बिजली विभाग इस सरकार के निशाने पर है। बिजली व्यवस्था को अपने चहेतों को देकर सरकार बड़ी संख्या में युवाओं को नौकरी और आरक्षण से वंचित करने का षडयंत्र कर रही है। भाजपा के पास युवाओं के भविष्य को लेकर कोई रोड मैप नहीं है। नौकरी, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य हर मुद्दे पर फेल भाजपा सरकार समाज में नफरत और भेदभाव फैलाने में जुट गयी है। अखिलेश यादव



ने कहा कि भाजपा सरकार में छात्रों को लगातार अपमानित किया जा रहा है। 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण का मामला हो या मेडिकल और अन्य क्षेत्रों में, हर जगह युवा अपमानित किये जा रहे है। हक की मांग करने पर सरकार पुलिस से लाठीचार्ज कराकर युवाओं की आवाज दबा देती है। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में बड़ी तादाद में पद भरे जाने हैं, पर हो कुछ नहीं रहा है। प्रदेश में लाखों की संख्या में पढ़े-लिखे नौजवान भर्तियों का इंतजार करते हैं। परीक्षाओं की तैयारी करते है, लेकिन उन्हें निराशा ही मिल रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने युवाओं को नौकरी, रोजगार के झूठे सपने दिखाएं। बड़े-बड़े इन्वेस्टर मीट समिट किये। इसमें लाखों नौकरियों का दावा तो किया गया लेकिन जमीन पर कोई काम दिखाई नहीं दे रहा है। नौ साल की सरकार में प्रदेश में कहीं कोई फैक्ट्री और कम्पनी नहीं लगी। भाजपा सरकार के झूठ और उपेक्षित रवैये से युवा निराश और आक्रोशित है। 2027 के विधानसभा चुनाव में युवा भाजपा को सत्ता हटाकर अपने अपमान का बदला लेगा।

# मनरेगा के तहत खेल मैदानों के निर्माण से यूपी की निखर रही खेल प्रतिभाएं : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को निखारने, दक्ष,और सक्षम बनाने के लिए ग्रामीण अंचल में खेलकूद का आधारभूत ढ़ाचा मजबूत करने के लिए मनरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण अंचल में खेल मैदान बनाये

- नयी प्रतिभाएं निखरने के साथ मनरेगा श्रमिकों को मिल रहा रोजगार

जा रहे हैं। गांवों में स्टेडियम व ओपेन जिम बनाकर खेल प्रतिभाओं को सरकार प्रोत्साहन दे रही है।युवा पीढ़ी गांवो के खेल मैदानों से निखर और संवर कर अपने गांव घर का नाम रोशन करेंगी और गांवों की खेल प्रतिभाएं, दुनिया में भारत का परचम लहरायेगीं।मनरेगा योजनान्तर्गत स्टेडियम,ओपेन जिम, खेल मैदान और पार्क गांवों में बनाये जा रहे हैं और इनका उपयोग भी किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण इलाकों में खेल मैदान बनाए जा रहे हैं। इससे गांवों में नई



प्रतिभाएं तो निखर ही रही है साथ ही मनरेगा के तहत इन मैदान का निर्माण होने की वजह से श्रमिकों को निरंतर रोजगार भी मिल रहा है। इस पहल का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य और समग्र सामुदायिक विकास के लिए स्कूली छात्रों और गांव के अन्य सदस्यों के बीच खेलों को प्रोत्साहित करना है। खेल मैदानों में रनिंग ट्रैक बनने से ग्रामीण अँचलों में रहने वाला युवा आर्मी, पैरा मिलिट्री फोर्स, पुलिस, सीआरपीएफ इत्यादि की तैयारी अपने गांव में ही रहकर कर रहे हैं। ग्राम्य विकास विभाग की इस योजना के चलते खेल मैदान बनने से गांव के युवाओं को मैदान में ही दौड़ लगाने के साथ शारीरिक अभ्यास करने में भी मदद मिल रही है। उत्तर प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ग्रामीण इलाकों में बनाये जा रहे खेल मैदान गाँव के पिकनिक स्पॉट साबित हो रहे हैंग्रामीण क्षेत्रों में खेल के बुनियादी ढांचे के निर्माण और उन्नयन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता न केवल एथलीटों को सशक्त बना रही है बल्कि शहरी और ग्रामीण विभाजन को पाटने के साथ समुदायों के कल्याण को भी बढ़ावा दे रही है।

# आरओ/एआरओ परीक्षा के लिए चाक-चौबंद तैयारी

## आरओ/एआरओ परीक्षा को शुचितापूर्ण और पारदर्शी बनाने के लिए आयोग और सरकार की अभूतपूर्व तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 27 जुलाई को प्रस्तावित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/एआरओ) परीक्षा-2023 को पूरी तरह शुचितापूर्ण, पारदर्शी और निर्बाध तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से अभूतपूर्व व्यवस्थाएं की गई हैं।

परीक्षा के दौरान कोई ड्डी गड़बड़ी, लीक या अनुचित साधनों का प्रयोग परीक्षा को दूषित न कर सके, इसके लिए प्रौद्योगिकी, गोपनीयता, प्रशासनिक निगरानी और कड़े सुरक्षा उपायों की पूरी व्यवस्था की गई है। इसमें एआई के उपयोग से लेकर सीसीटीवी और सोशल मीडिया के जरिए भी निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 27 जुलाई को सभी 75 जनपदों में यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक एक पाली में आयोजित होने जा रही इस परीक्षा में 10.76 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए समस्त जनपदों में 2,382 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हर जिले में जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है जो परीक्षा की संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी करेंगे और आवश्यकतानुसार त्वरित निर्णय ले सकेंगे।

**फूलप्रूफ होगी प्रश्नपत्रों की सुरक्षा :** परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए प्रश्नपत्र दो अलग-अलग सेट में दो अलग-अलग मुद्रकों से तैयार कराए गए हैं। परीक्षा के दिन प्रश्नपत्र का चयन कंप्यूटर आधारित रैंडमाइजेशन से ठीक परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पूर्व किया जाएगा। सभी प्रश्नपत्र आठ मल्टीपल जंबल्ड सीरीज में होंगे, जिन पर यूनिक एवं वैरिएबल बारकोड अंकित होंगे। इन्हें त्रिस्तरीय लॉक वाले गोपनीय ट्रंक बॉक्स में रखा जाएगा, जो पांच स्तरीय

- एआई, सीसीटीवी और सोशल मीडिया से होगी निगरानी
- 27 जुलाई को 75 जिलों के 2382 केंद्रों पर एक पाली में होगी परीक्षा, 10.76 लाख अभ्यर्थी होंगे शामिल
- जिलाधिकारी होंगे नोडल अधिकारी, हर केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती

टेम्पर्ड प्रूफ पैकिंग से सुरक्षित होंगे। इस गोपनीयता के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया की निगरानी लाइव सीसीटीवी स्ट्रीमिंग के जरिए होगी, जिसे केंद्र, जिला और आयोग स्तर से देखा जा सकेगा।

**बायोमेट्रिक और फेस रिकग्नीशन से होगा प्रवेश :** अभ्यर्थियों की पहचान और केंद्र निर्धारण भी पूरी तरह डिजिटल और सुरक्षित रखा गया है। केंद्र आवंटन की प्रक्रिया कंप्यूटर रैंडमाइजेशन से की गई है, ताकि किसी प्रकार की पक्षपात की संभावना न रहे। ई-प्रवेश पत्र को ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) आधारित आठ स्तरीय सत्यापन प्रक्रिया से जोड़ा गया है, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, श्रेणी, हाईस्कूल वर्ष और रोल नंबर जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। प्रवेश के समय बायोमेट्रिक सत्यापन और फेस रिकग्निशन तकनीक के माध्यम से पहचान सुनिश्चित की जाएगी, जबकि डबल लेयर फ्रिस्किंग की जिम्मेदारी पुलिस बल और कार्यदायी संस्था साझा रूप से निभाएंगे।

**परीक्षा केंद्रों पर होगा सख्त पहरा :** परीक्षा केंद्रों पर हर कोण से निगरानी रखने के लिए एक सेक्टर मजिस्ट्रेट, एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, दो सह केंद्र व्यवस्थापक तथा प्रशिक्षित अंतरीक्षक तैनात किए जाएंगे। इनमें से 50 प्रतिशत अंतरीक्षक केंद्र व्यवस्थापक द्वारा और शेष 50 प्रतिशत जिलाधिकारी या जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नियुक्त किए जाएंगे। अंतरीक्षकों की ड्यूटी का निर्धारण भी कंप्यूटर रैंडमाइजेशन से किया जाएगा, जिससे निष्पक्षता बनी रहे। इसके अलावा सोशल मीडिया पर किसी भी अफवाह, लीक या अनुचित गतिविधि की निगरानी के लिए विशेष सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल ड्डी गठित किया गया है। परीक्षा केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

संक्षेप

## मादा शावक में अपेक्षित सुधार देखने को मिल रहा

इटावा। बीते माह अप्रैल में बब्बर शेरनी रूपा से जन्में दो शावक, जिन्हे हेंड रियरिंग कर पाला जा रहा था, में से एक नर शावक की 16 जुलाई को सुबह 5:30 बजे मृत्यु हो गयी थी। चूँकि दोनो शावक एक साथ लगभग 85 दिन तक रहे। अतः दोनो शावकों के बीच अच्छी बान्डिंग हो गयी थी। नर शावक की मृत्यु के बाद मादा शावक वियोग के कारण कुछ व्यथित रहने लगी थी तथा अपना आहार समुचित मात्रा में नही ले रही थी। उक्त के दृष्टिगत इस मादा शेर शावक का एकाकीपन कम करने के लिये उसे तेंदुआ शावको के बगल वाले क्राल में रखा गया है, जिससे उक्त मादा शेर शावक अपने साथी शावक को भूल सके तथा अपने सामान्य स्थिति में आकर फिर से अपने प्राकृतिक स्वभाव में आ सके। तेंदुआ शावक के बगल में आने के बाद उक्त मादा शावक में अपेक्षित सुधार देखने को मिल रहा है परन्तु अभी भी कभी-कभी वह अपने साथी को खोज रही है।

## हिस्ट्रीशीटर तमंचा कारतूस समेत गिरफ्तार

बकेवर, इटावा। लवेदी थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को रात गस्त के दौरान लखना चकरनगर मार्ग स्थित सब्दलपुर के समीप आईटीआई विधालय के सामने से रात को एक तमंचा व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष लवेदी कपिल चैधरी ने बताया कि उपनिरीक्षक राजेश कुमार हमराह फोर्स के साथ लखना चकरनगर मार्ग पर गस्त पर थे कि तभी ग्राम सब्दलपुर के पास आई टीआई विधालय के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया जिसे पुलिस ने रोककर देखा तो वह अनूप उर्फ ब ऊआ पुत्र प्रकाश नारायण निवासी सब्दलपुर बताया जिसकी जामातलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 315 वोर व दो जिन्दा कारतूस बरामद किये। पकडा गया युवक लवेदी थाने का हिस्ट्रीशीटर है। जिसके विरुद्ध 8 मुकदमें थाना सिविल लाइन व लवेदी में दर्ज हैं। जिसे पकडकर आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज करके जेल भेजा गया।

## आतंक का पर्याय बना लंगूर पकड़ा गया

सरहरी, गोरखपुर। मजनू चौकी क्षेत्र के कई ग्राम सभाओं में लोगो को काट कर आतंक फैलाने वाले लंगूर को वन विभाग की टीम कई दिनों के प्रयास के बाद पकड़ने में सफल रही क्षेत्रीय लोगो के बीच बन्दर पकड़े जाने पर लोगो में खुसी की लहर दौड़ गयी मजनू चौकी क्षेत्र के कई ग्राम सभाओं में दो महीनों से लंगूर बंदर का आतंक फैला हुआ था लंगूर लोगों को दौड़ा कर काट लेता है जिसका शिकार दर्जनो लोग हो चुके थे जिसे पकड़ने के लिये बन बिभाग की टीम कई दिनो से प्रयास रत थी अन्ततः रविवार को दिन में गुरुनगर गाँव में बन बिमाग के टीम को सफलता मिल ही गयी लगूर बन बिभाग के बुने जाल में फस ही गया बन बिभाग के रेंजर समर सिंह ने बताया कि काफी मसक्कत से कई दिन के प्रयास के बाद लंगूर को पकड़ने में सफलता मिली है बन बिभाग द्वारा तीन टीम पकड़ने के लिये लगाया गया था टीम के बन दरोगा राजेन्द्र त्रिपाठी, मो० हसन, गेल्ही, शहजाद, निजामुद्दीन का सहयोग सराहनीय रहा।

# हिंदी भाषियों के पक्ष में उतरे केंद्रीय मंत्री आठवले से भेंट कर ज्ञापित किया धन्यवाद



चौरीचौरा, गोरखपुर। अखिल भारतीय ब्राह्मण जनकल्याण समिति के राष्ट्रीय महामंत्री करुणेश पांडेय ने केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले से भेंट कर हिंदी भाषियों के समर्थन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार अपना खोते हुए राजनीतिक वर्चस्व को बचाने के लिए भाषा के नाम पर देश को खंडित करने की साजिश ठाकरे परिवार कर रहा है यह बेहद ही निंदनीय है।, भाषा यदि हिंसा के रूप में परिवर्तित होती है तो यह विश्वगुरु की परिकल्पना कर रहे राष्ट्र के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है,। ज्ञात हो कि विगत दिनों केंद्रीय मंत्री आठवले ने मुम्बईवासियों को पत्र लिखकर भाषा के नाम पर फैलाए जा रहे असहिष्णुता और भाषिक विद्वेष की लहर पर विरोध व्यक्त करते हुए कहा था कि सभी लोग एक ही राष्ट्र के व्यक्ति हैं। किसी पर भी भाषा के नाम पर हाथ उठाना अनुचित है। जिन्हें मराठी नहीं आती है उन्हें सिखाई जा सकती है,। लेकिन भारत रत्न डॉ आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान ने हर भाषा, प्रांत के नागरिकों को सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार दिया है। श्री पांडेय ने हिंदी भाषियों के समर्थन हेतु रामदास आठवले को बुके देकर अभिवादन व धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जेई से हुई अभद्रता कार्रवाई करने की मांग

इटावा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत वीमार्ट के बगल वाली गली स्वरूपनगर में बकाया बिलों का अभियान चलाया गया। रतनभूषण केवी विद्युत उपकेन्द्र गुरु तेग बहादुर पर अवर अभियन्ता के पद पर कार्यरत है। उच्च अधिकारियों के निदेर्शानुसार राजस्व वसूली एवं बकाया बिलो के संयोजन विच्छेदन हेतु सुबह अपने हमराही संविदाकर्मी प्रदीप शंखवार आशीष यादव एवं राधारमन राजपूत लाइनमैन के साथ रेलवे बजरिया फीडर के अर्न्तगत वी मार्ट के बगल वाली गली स्वरूपनगर में उपभोक्ता मोहम्मद यासिन के मकान पर पहुँचकर उनसे बकाया बिल जमा कराने हेतु अनुरोध किया गया परन्तु उक्त व्यक्ति द्वारा अभद्रता के साथ बकाया बिल जमा करने से मना कर दिया अतः जिस कारण मेरे द्वारा संविदाकर्मी राधारमन को जैसे ही उक्त उपभोक्ता के संयोजन को काटने का निर्देश दिया गया तभी मोहम्मद यासीन आवेश में आ गये और मेरे व सर्विदाकर्मियों के साथ मारपीट, गाली-गलौज एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए सरकारी दस्तावेज फाड़ दिये। छायाप्रति संलग्न एवं उपरोक्त समस्त घटनाकम की वीडियोग्राफी कर रहे संविदाकर्मी आशीष यादव के हाथ से मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। उक्त घटित आकस्मिक घटना के कारण मैं और मेरे संविदाकर्मी उक्त घटना से आहत अत्यन्त भयभीत एवं असहज महसूस कर रहे है। दोषी व्यक्ति मोहम्मद यासीन पुत्र के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा, सरकारी अभिलेखो को फाड़ना व नष्ट करना सरकरी सेवको से अभद्रता, गाली-गलौज और मारपीट व जान से मारने की धमकी जैसे कृत्य करने के कारण सुसंगत धाराओं मे प्राथमिकी दर्ज की जाए।

## दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर चार घायल, दो रेफर

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के करवल मझगांवा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार की सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गयी जिसमें तीन युवक व एक महिला घायल हो गयी सभी घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गगहा ले जाया गया जहां गम्भीर रूप से घायल आशा देवी निवासी रूस्तमपुर गोरखपुर व रियांव गगहा निवासी हर्ष को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन की मासिक बैठक आयोजित



इटावा। उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन इकाई की आवश्यक बैठक यूनियन के अस्थाई कार्यालय कोर्ट रोड पंजाब नेशनल बैंक के पास चैगुर्जी पर संपन्न हुई, बैठक में पिछली बैठक के बिंदुओं पर विचार विमर्श हुआ और तय पाया गया कि उस बैठक के समस्त बिंदुओं पर प्रगति काफी अच्छी है। तत पश्चात बैठक में आगामी कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने विस्तृत चर्चा की। बैठक में यह तय किया गया की कचहरी प्रांगण में पत्रकारों को कवरेज हेतु अस्थाई टीनशेड या फिर बचत कार्यालय के बगल में स्थित कक्ष का जीणोद्धार कर पत्रकारों के बैठने हेतु स्थान निर्मित कराने के लिए जिला प्रशासन से लगातार अनुरोध और संपर्क किए जाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में पत्रकारों की एक अन्य ज्वलंत समस्या कि सरकारी चिकित्सालयों में पत्रकारों के उपचार में आ रही बाधा को दूर किए जाने हेतु जिला प्रशासन के साथ लगातार संपर्क स्थापित करते हुए अस्पतालों में मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त प्रथम लाइन के गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों एवं समस्त अन्य पत्रकारों के लिए उपचार के लिए स्थाई समाधान निकाले जाने पर सहमत बनी। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पौधारोपण अभियान का सभी पत्रकारों ने समर्थन करते हुए एक स्वर से मांग की की 27 जुलाई को जिलाधिकारी एवं प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी से संपर्क स्थापित कर यूनियन के समस्त पत्रकार साथियों की सहभागिता में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न कराया जाए। इसके लिए अध्यक्ष अमित मिश्रा एवं कार्यवाहक अध्यक्ष अतुल बीएन चतुवेर्दी को यह जिम्मेदारी सौंप गई कि वह 27 जुलाई को यूनियन के वृक्षारोपण अभियान हेतु प्रशासन एवं वन विभाग से संपर्क कर कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास करें। बैठक यूनियन के संरक्षक हेमकुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। और सभी अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य गणों ने बैठक में दिखाए गए बिंदुओं पर अपनी सहमति जताई। बैठक में महामंत्री आनंद स्वरूप त्रिपाठी, सलाहकार आशीष बाजपेई, उपाध्यक्ष संजय चैहान, कोषाध्यक्ष गौरव सिंह चैहान उपाध्यक्ष सुशील सम्राट, उपाध्यक्ष विवेक दुबे, संयुक्त सचिव विनय बाथम, सचिव मेघ सिंह, सचिव मनोज कुमार, सचिव बलबीर सिंह यादव, कुलदीप शर्मा और करन कठेरिया मौजूद रहे।

## 60 डाक कांवड़ियों का जत्था सोरों कछला घाट के लिए रवाना

जसवंतनगर, इटावा। सावन माह की शिवभक्ति में डूबा नगरिया जसोहन शनिवार को हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। यहां के प्राचीन शिव मंदिर से 60 डाक कांवड़ियों का जत्था सोरों कछला घाट के लिए भव्य तरीके से रवाना हुआ। यह दल गंगाजल लेकर लौटेगा और कचैरा घाट रोड के शिव मंदिर व नहर पुल पर स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करेगा। कांवड़ यात्रा के शुभारंभ अवसर पर गांव में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। दिवारी लाल, ध्रुवेश तोमर, केशवदयाल, शिवनारायण, ज्ञाप्रसाद, हजारी सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने कांवड़ियों को तिलक कर मंगलकामनाओं के साथ विदा किया। ढोल-नगाड़ों की थाप और हर-हर महादेव के जयघोष से माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया। माताएं और बहनें भी घरों से निकलकर कांवड़ियों को आशीर्वाद देने पहुंचीं। कांवड़ियों ने बताया कि यह यात्रा न केवल शिवभक्ति का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी देती है। रास्ते में विश्राम के दौरान श्रद्धालु जलपान व प्रसाद ग्रहण करेंगे और सावन के इस पावन महीने में भोलेनाथ का जलाभिषेक कर क्षेत्र में सुख-शांति की कामना करेंगे।

## एल पी के इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ एक विशेष देशभक्ति कार्यक्रम

चौरीचौरा, गोरखपुर। पंडित महामना फाउंडेशन ट्रस्ट एवं पंडित परशुराम मणि त्रिपाठी लोक कल्याण न्यास के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को लेडी प्रसन्न कौर इंटर कॉलेज में एक विशेष देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय सेना के मिशन सिंदूर को समर्पित इस कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने अपने हाथों से देशभक्ति राखियाँ और धन्यवाद पत्र तैयार किए हैं।, जिन्हें रक्षाबंधन पर्व से पूर्व भारतीय सेना के वीर जवानों को भेजा जाएगा। साथ ही, छात्राओं द्वारा बनाई गई देशभक्ति पेंटिंग्स भी सेना को समर्पित की जाएगी। इन सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर घोषित किए जाएंगे।, जिससे इस दिन की गरिमा और भी विशेष बन जाएगी। कार्यक्रम के आयोजक सचिन गौरी वर्मा ने बताया कि देशभक्ति को जन-जन तक पहुँचाने के इस अभियान को वे कई वर्षों से निरंतर संचालित कर रहे हैं। एवं इस वर्ष यह कार्यक्रम नमामि गंगे के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है, जिसमें काशी हिंदू विश्वविद्यालय से गंगा मित्र धर्मेंद्र कुमार पटेल का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डाक्टर दिनेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का संचार करते हैं। जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।

## किशोरी ने फंदे से लटक कर किया खुदकुशी

गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के गीडा सेक्टर 22 स्थित जायसवाल भोजनालय व रेस्टोरेंट में मां के साथ रह रही किशोरी को किसी बात को लेकर मां द्वारा दी गई डांट से नाराज होकर किशोरी ने पंखे की कुंडी में चद्दर के सहारे लटक कर खुदकुशी कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के देवरार तुला निवासी मीना पत्नी स्व राजकुमार जो गीडा सेक्टर 22 स्थित जायसवाल भोजनालय एवं रेस्टोरेंट में सफाई कर्मी के साथ भोजन बनाने का कार्य करती है। और अपने 16 वर्षीय बेटी रागिनी के साथ रहती है। शनिवार को दोपहर 2 बजे के करीब मां ने उसे किसी बात को लेकर फटकार लगाया था। जिससे नाराज होकर कमरे में सोने चली गई थी। कुछ देर बाद मृतका की मां जब कमरे पर पहुंची तो फाटक अंदर से बंद था। चिल्लाने पर जब फाटक नहीं खुला तो जंगले से झांका तो किशोरी पंखे की कुंडी में लटक रही थी। शोर मचाने पर ग्राहक भी दौड़े और फाटक तोड़कर उसे पंखे की कुंडी से नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर सीओ गीडा रत्नेश्वर सिंह, चौकी इंचार्ज संतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

# बेल्ट टेस्ट में 50 प्रतिभागियों को मिला येलो, ऑरेंज और ब्लू बेल्ट



गोला, गोरखपुर। इंटरनेशनल शोतोकान कराटे डू क्योंकाई के तत्वाधान में आज एमके कराटे एकेडमी गोला बाजार गोरखपुर वी एस एस वी इंटर कॉलेज के सामने प्रथम कराटे कलर बेड ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें टेस्ट के बाद लगभग 50 प्रतिभागियों को येलो, ऑरेंज और ब्लू बेल्ट से सम्मानित किया गया। एमीए कराटे एकेडमी पर आयोजित यह बेल्ट टेस्ट परीक्षा ब्लैक बेल्ट 5 वी. डान डिग्री शिहान पन्नेलाल यादव तथा ब्लैक बेल्ट 3 वी. डान शंभू नाथ, मनोज कुमार और ज्वाला प्रसाद अन्तर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियन की देखरेख में सम्पन्न हुई। बेल्ट टेस्ट में दीपिका भारती, रामेस्ट कसौधन, अथर्व राय, पुरुषार्थ मिश्रा, माधवी मोदनवाल, शौर्य साहनी, मयंक यादव, कृतार्थ तिवारी, संतोष, रामप्रकाश, आशीष कुमार, अदनान कुरैशी, आन्वी द्विवेदी, रेहान खान, सूर्यांश चंद, अजीत प्रजापति, अनुराग गुप्ता, वैष्णवी यादव, अंश गुप्ता, आयुषी मिश्रा, श्याम गुप्ता, धैर्य चंद, रहीम परवीन, फैजान, रेहान को येलो बेल्ट मिला। तथा और दिव्यांश जायसवाल, आरो यादव, अक्षिता यादव, पवन कुमार, आमिर हमजा अरेंज बेल्ट ..

तथा आदर्श कुमार, हरिओम कुमार, पवन कुमार यादव ब्लू बेल्ट इत्यादि खिलाड़ी बेल्ट प्राप्त किये।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोला बाजार नगर के प्रसिद्ध व्यवसायी श्री दिलीप कुमार उमर जी व कई प्रतिष्ठित लोग और गार्जियन उपस्थित रहे।

## कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गम्भीर

सरहरी, गोरखपुर। गुलरिहा थाना अन्तर्गत सरहरी चौकी क्षेत्र के मलंग स्थान बांसस्थान के बीच कार चालक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक घायल होकर नीचे गिर गया, सूचना पर पहुचे परिजनो ने गम्भीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिये अस्पताल भर्ती करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार महराजगंज जिले के ग्राम सभा सुमेर गढ़ पाण्डेय टोला थाना श्यामदेउरवा निवासी बीरू पुत्र रमाकांत रविवार को शुबह इग्यारह बजे के आस पास अपनी वाइक से भटहट की तरफ से मलंगस्थान की तरफ आ रहा था अभी बासस्थान मंदिर से कुछ आगे बढ़ा ही था कि तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक सवार को पीछे से ठोकर मार दी जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल होकर नीचे गिर कर तड़पने लगा राहगीरो की सूचना पर पहुचे परिजनो ने घायल युवक को इलाज के लिये अस्पताल लेकर चले गये कार सवार भागने में सफल रहा मगर अगल बगल के लोगो ने कार का नम्बर नोट कर लिया है।

# सपा सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक संपन्न




इटावा। समाजवादी पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ की मासिक बैठक सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कमलेश चंद्र के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई। संचालन जिला प्रवक्ता शिवशंकर यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए कमलेश चंद्र ने कहा कि इस समय बूथ स्तर पर तैयारियों की जरूरत है सभी सदस्य अपने क्षेत्रों में जाकर लोगों से मिलकर देश के पूर्व रक्षा मंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने सैनिकों के हित के लिए जो कार्य किए हैं उन कार्यों को जा जा कर बताना। समाजवादी पार्टी ने सैनिकों के लिए उनके पार्थिव शरीर को घर पहुंचाने का कार्य किया पेंशन में बढ़ोतरी कराई जिसका फायदा आज भी लोग उठा रहे लेकिन समय के साथ लोग सब कुछ भूल बैठे हैं। आने वाले चुनाव में पीडीए के लोगो से सामंजस्य बनाकर पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम करें। अन्य वक्ताओं ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करने के लिए अपने विचार रखें। इस दौरान कुछ नए साथियों को संगठन में जिम्मेदारी देते हुए मनोनयन पत्र दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव विश्राम सिंह, रविन्द्र यादव, मंडल प्रभारी जयबीर सिंह, प्रवक्ता शिव शंकर यादव, मेघ सिंह, मेहरबान सिंह, शर्मन सिंह, धर्मवीर सिंह, बृजमोहन सिंह, राजकिशोर सिंह, नेम सिंह, राजवीर सिंह, गणेश चंद्र, सुभाष चंद्र, कीरत सिंह, कैलाश यादव, मोहर सिंह यादव, यश पी सिंह, रमेश चंद्र, हरि किशन, रामशंकर कठेरिया, घनश्याम सिंह, अनिल कुमार, संजीव कुमार, राममहेश इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## माकपा ने आंदोलन तेज करने का फैसला लिया



इटावा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न हुई. राज्य पर्यवेक्षक कामरेड मुकुट सिंह ने भी भाग लिया। बैठक में दक्षिणांचल और पूवार्चल विधुत निगमो के निजीकरण स्मार्ट-प्रीपेड मीटर बिजली के दामों में 3 गुना वृद्धि, प्राइमरी स्कूल बंदी, रसोइयों की छटनी, केन्द्र सरकार द्वारा उर्वरको की सब्सिडी में कटौती, खादों की किल्लत, अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौता वार्ता और उ.प्र. में जंगलराज के खिलाफ तथा स्थानीय मुददो पर आंदोलन और तेज करने का फैसला लिया गया। माकपा जिलजामंत्री नाथूराम यादव उक्त जानकारी देते हुए बताया कि हमने पिछले आंदोलनो की समीक्षा करते हुए आगे उल्लिखित मुददो पर आंदोलन की तैयारी में पर्चा, पोस्टर गांवो में भ्रमण, चैपाल मीटिंग आदि करने का फैसला लिया है। माकपा जिलामंत्री ने बताया कि माकपा ने अपने पूर्व महासचिव कामरेड सीताराम येचुरी की याद में 12 अगस्त से 12 सितम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों के देशव्यापी आहवान के तहत इटावा में सेमिनार, पार्टी स्कूल, वर्कशाप, सभाओ आदि का अयोजन किया जायेगा। अमरीका ने दादागिरी कर समाजवादी देश क्यूबा की गई आर्थिक नाकेबंदी की माकपा ने कड़ी निंदा करते हुए क्यूबा की जनता की आर्थिक मदद हेतु एक सप्ताह धन संग्रह किया जायेगा। साथ ही अमरीकी साम्राज्यवाद की विश्व दरोगाई फिलस्तीन नरसंहार, ईराक पर हमला, भारत से मुक्त व्यापार समझौता करने का दबाव बनाने इस समझौते से कृषि क्षेत्र दुग्ध मत्स्य पालन आदि क्षेत्रों पर खतरा आदि मुददो को जनता के बीच ले जायेगी। बैठक की अध्यक्षता अमर सिंह शाक्य ने तथा संचालन जिलामंत्री नाथूराम यादव ने किया। संतोष शाक्य, प्रेमशंकर यादव, डा0 शौकीन सिंह, ओपी सिंह, रामवरन यादव, रामबृजेश, विश्राम सिंह पूर्व प्राधानार्चा आदि ने भाग लिया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता का किया स्वागत



इटावा। कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं, उनके बिना संगठन चलाना सम्भव नहीं। भाजपा कार्यकर्ता संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ अन्नू गुप्ता ने शहर में तकिया रोड स्थित दीपू चैधरी पैलेस में अपने स्वागत समारोह में कही।

कार्यक्रम में समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सीपू चैधरी एवं ईरशाद अली उर्फ टिंकू ने अरुण कुमार उर्फ अन्नू गुप्ता का 51 किलो की माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि उनके द्वार हमेशा आम जनता एवं कार्यकर्ता के लिए खुले हैं। किसी की कोई समस्या है उसका वह अपने स्तर से निस्तारण करने का पूरा प्रयास करते हैं, चाहे इसके लिए उन्हें अधिकारियों से लडना भी पड़े। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व ब्लाक प्रमुख विमल भदौरिया, ब्लाक प्रमुख गणेश राजपूत, भाजपा महासचिव प्रशांत राव चैबे, शिवाकांत चैधरी, मनोज गौड़, पूर्व चेयरमैन सौरभ दीक्षित, पत्रकार मसूद तैमूरी, डॉ. जयकरन राजपूत, मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, कल्लू गुप्ता आदि लोगों का माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर तमाम भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आवश्यकता है

'वॉयस ऑफ लखनऊ' हिन्दी दैनिक प्रतिष्ठित समाचार पत्र हेतु उत्साही एवं कर्मठ संवाददाताओं की निम्न जिलों (अलीगढ़, अंबेडकरनगर, बस्ती, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, गोण्डा, हमीरपुर, हरदोई, झाँसी, कन्नौज, कानपुर, महाराजगंज, मऊ, मैनपुरी, मुरादाबाद, पीलीभीत, प्रयागराज, वाराणसी, सहारनपुर) के लिए आवश्यकता है।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना संक्षिप्त परिचय, शैक्षिक योग्यता एवं संपर्क विवरण हमारे ईमेल/पते पर यथाशीघ्र प्रेषित करें।

ईमेल- voiceoflucknow@gmail.com
पता- 1/5 विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ- 226010
फोन नं.- 8090856978, 0522-4059440-41-42-43

# ऑनलाइन ठगी करने वाले चार साइबर अपराधी गिरफ्तार



**इटावा।** पुलिस द्वारा गिरोह बनाकर ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड के माध्यम से साइबर ठगी करने वाले 4 अन्तर्राज्यीय अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। कब्जे से 6 मोबाइल, पैन ड्राइव, 3 पासबुक, 7 चेकबुक, 2 आधार कार्ड, मैट्रो कार्ड, 3 पेन कार्ड, 13 एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, 3 क्यूआर कोड, फर्म की मोहर, मोटर साइकिल कार की गयी बरामद। एसओजी, सर्विलांस टीम, थाना साइबर क्राइम व थाना कोतवाली पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से की गयी कार्यवाही। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी नगर अभयनारायण राय के नेतृत्व में 20 जुलाई की सुबह थाना कोतवाली पुलिस, एसओजी, सर्विलांस टीम व थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत टीटी तिराहे पर भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि गिरोह बनाकर साइबर ठगी करने वाले अभियुक्त बाइस ख्वाजा गेट के सामने खडे है। प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना कोतवाली, एसओजी, सर्विलांस व थाना साइबर टीम द्वारा 4 अभियुक्तों को बाइस ख्वाजा गेट के सामने से गिरफ्तार किया। बरामदगी के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम लोगों को साइबर ठगी करने के लिए बडे स्तर पर रुपयों के ट्रांजेक्शन के लिए चालू खाता की आवश्यकता होती है, इसलिए हम लोग फर्म या लघु उद्योग के नाम पर सर्टीफिकेट बनवाते हैं और उस सर्टीफिकेट के आधार पर अलग-अलग बैंकों मे जाकर चालू खाता फर्म के नाम से खुलवाकर उन खातों की डिटेल्स को टेलीग्राम एप्प व व्हाट्सएप के पैनल ग्रुप्स पर भेजते है, टेलीग्राम ग्रुप व व्हाट्सएप के पैनल ग्रुप्स में भेजे गये खातों में से प्रत्येक खाते में लगभग करोड़ रुपये की धनराशि का ट्रांजेक्शन कर लेते है, जिसमें से 3 से 4 प्रतिशत कमीशन हम लोगों को प्राप्त होता है, जिसे हम आपस में बांट लेते है। साथ ही टेलीग्राम एप्प तथा व्हाट्सएप ग्रुप पर जुड़े अन्य साथी अभियुक्तों से कभी मुलाकात न करके उनसे केवल टेलीग्राम एप्प व व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से संपर्क करके साइबर अपराध कारित करते हैं। उपरोक्त सभी अभियुक्तगण देहरादून में छक। की तैयारी के दौरान एक-दूसरे के संपर्क में आए और वहीं से इनकी आपराधिक मानसिकता ने एक संगठित स्वरूप लेना शुरू किया। शॉर्टकट में अमीर बनने की चाह ने इन्हें साइबर अपराध के दलदल में झोंक दिया।

संक्षेप

## वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी पांडेय के निधन से शोक की लहर

**सोहावल-अयोध्या।** तहसील क्षेत्र की नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के ग्राम विबियापुर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी कुमार पांडेय का निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे। उनकी मृत्यु हृदयगति रुकने से हुई। उनके आकस्मिक निधन से फैजाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं और क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर है। रविवार को दोपहर बाद भरतकुंड शमशान स्थल पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

उनके बड़े पुत्र पुष्कर पांडेय ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में अधिवक्ता मनीष पांडेय, ओम प्रकाश मिश्रा, संत प्रकाश उपाध्याय, स्वदेश सिंह (गुड्डू), अशोक तिवारी, केके पांडेय, अशोक सिंह,राजन तिवारी, अल्ला मियां आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जेई की गैर मौजूदगी में हो रहा आर सीसी सड़क का निर्माण

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जिले के हाटा-कप्तानगंज मार्ग पर स्थित धर्मपुर गांव में जेई की गैर मौजूदगी में आरसीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण में ठिकेदार द्वारा मनमाने तरीके से गिट्टी के जगह ईंट डालकर फिर ढलाई का कार्य किया जा रहा है। इसका विरोध ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है लेकिन जिम्मेदार इस पर ध्यान नहीं दे रहे है। बता दें कि हाटा ब्लॉक के गांव धर्मपुर में पीडब्ल्यूडी से आरसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। यह सड़क हाटाझकप्तानगंज मुख्य मार्ग को जोड़ता है। करीब एक किमी से ज्यादा लंबी बन रहे आरसीसी सड़क में ठिकेदार द्वारा मनमाने तरीके से गिट्टी के जगह ईंट डालकर ऊपर से ढलाई का कार्य किया जा रहा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। ताज्जुब इस बात की है कि कई दिनों से हो रहे निर्माण कार्य का संबंधित जेई ने निरीक्षण नहीं किया। जेई के गैर मौजूदगी में हो रहे निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव के आनंद सिंह, गुड्डू यादव, अमरजीत यादव, सम्पूणानंद सिंह, धर्मवीर, वकील यादव, गंगा दयाल, रामनिवास, कन्हैया सहित दर्जनों लोगों ने विभाग से सड़क जांचकर पुनः निर्माण कराने की मांग किया है। इस संबंध में जेई से बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल नंबर स्विच ऑफ बता रहा है।

- गिट्टी के जगह ईंट डालकर हो रहा है ढलाई, हाटा ब्लॉक के धर्मपुर का मामला

## दिवंगत उमादत्त अवस्थी को अर्पित की गयी श्रद्धांजलि

**अयोध्या।** अखिल भारतीय नौजवान सभा के पूर्व नगर अध्यक्ष एवं समाजवादी विचारक उमादत्त अवस्थी का लम्बी बीमारी के बाद आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरयू तट पर किया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र सुनील कुमार अवस्थी ने मुखाग्नि दी।

वे अपने पीछे धर्मपत्नी निर्मला अवस्थी, दो पुत्र, दो बहुएं, दो पुत्रियां तथा पौत्र पौत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

वे लगभग तीन साल से बीमार चल रहे थे उनका इलाज लखनऊ में हो रहा था। दिवंगत उमादत्त अवस्थी बाराबंकी जनपद के मूल निवासी थे उनके माता-पिता स्वतंत्रता सेनानी रहे।वे अयोध्या में आकर भगवदाचार्य स्मारक सदन के पास (सब्जी मंडी के निकट) रहकर एक दुकान चलाने लगे धीरे-धीरे उनकी माता जी के नाम सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान आबंटित हुई। बच्चों की पढ़ाई लिखाई हुई और सभी सरकारी नौकरियां पा गए।

## अखिलेश यादव अपना मानसिक संतुलन खो चुके है: ओपी राजभर



**देवरिया।** कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर रविवार को देवरिया पहुंचे। जहां उन्होंने बलटिकरा में प्रदेश प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी के कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद इन्होंने पंचायत प्रतिनिधि सद्भावना सम्मेलन में शामिल हुए। जिसमें कार्यकताओं ने माला पहनाकर इनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ओपी राजभर ने सपा और बीएसपी पर जमकर हमला बोला और कहा कि सपा सिर्फ यादवों के हित में सोचती है। यही नही बीएसपी भी अपने ओरिजिनल एजेंडे से भटकी गई है। लोग अब भाजपा और एनडीए गठबंधन की ओर देख रहे हैं, जनता को अब समझ आ चुका है सच्चा हितैषी कौन झूठा। स्वामी अनिरुद्धाचार्य विवाद पर पूछे गए सवाल के जवाब में ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। तभी वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव ने ब्राह्मण बनाम यादव और राजपूत बनाम दलित करके प्रदेश में दंगा कराने की कोशिश की। लेकिन योगी सरकार में दंगे नहीं होते। छांगुर बाबा प्रकरण पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि सपा सरकार में ही उसे बसाया गया था। अब जब उसके कारनामे सामने आ रहे हैं, तो योगी सरकार उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।

## जिले में 4 नए नगर पंचायत गठन की कार्रवाई शुरू

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा जनपद के नए चार बाजारों- अहिरौली, नौरंगिया, लक्ष्मीगंज और कुबेरस्थान को नगर पंचायत बनाने का प्रस्ताव पूर्व में शासन को भेजा गया था, जिसमें कुछ बिंदुओं पर शासन द्वारा सूचना की मांग की गई, जिसे शासन को तत्समय उपलब्ध करा दिया गया था।

तत्पश्चात शासन द्वार पुनः आपत्ति लगाए जाने के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा आपत्तियों का निस्तारण करते हुए दिनांक 19 जुलाई 2025 को पुनः संशोधित पत्र शासन को प्रेषित कर दिया गया।डीएम ने बताया कि शीघ्र ही उक्त 4 नए नगर पंचायतों की स्वीकृति शासन द्वारा मिलने की संभावना है।

## अवध विवि के सामने तालाब के भीतर आज मौन सत्याग्रह करेंगे अभिषेक सावंत

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** जहां पूरा देश भूजल सप्ताह मना रहा है, वहीं अयोध्या में एक युवा सामाजिक कार्यकर्ता ने जल संरक्षण को लेकर एक ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक कदम उठाने की घोषणा की है। कल 21 जुलाई, सुबह 10 बजे सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक सावंत अयोध्या के डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सामने स्थित उपेक्षित तालाब में जल के भीतर बैठकर एकल मौन सत्याग्रह करेंगे। उनका यह सत्याग्रह किसी विरोध की अपेक्षा एक नैतिक और वैचारिक दबाव है कृ प्रशासन और समाज दोनों के प्रति, ताकि अयोध्या जैसे सांस्कृतिक नगर में जलस्त्रोतों की दुर्दशा को रोका जा सके।

अभिषेक सावंत ने कहा जब देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री स्वयं बार-बार जल ही जीवन है, पर्यावरण संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है जैसे संदेश दे रहे हैं, तब अयोध्या जैसे धार्मिक और वैश्विक नगर में विश्वविद्यालय के ठीक सामने एक तालाब वर्षों से उपेक्षा और गंदगी में क्यों डूबा हुआ है ?ह्व उन्होंने बताया कि यह मौन सत्याग्रह पूरी तरह एकल प्रयास होगा कृ न कोई संगठन, न मंच, न झंडा। बस एक जिम्मेदार नागरिक का प्रयास, जो चाहता है कि जल को जीवन मिले।

अभिषेक सावंत की 5 स्पष्ट मांगें जिनमें तालाब का राजस्व अभिलेख सार्वजनिक किया जाए, ताकि उसकी असली स्थिति स्पष्ट हो सके। तालाब को तीर्थ/आस्था स्थल के रूप में मान्यता दी जाए, जिससे उसकी सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता को स्थायित्व मिले। नगर निगम इसे ह्लसरकारी जलस्त्रोतह्व घोषित करे, ताकि इसकी सफाई और संरक्षण की नियमित जिम्मेदारी तय हो सके। सफाई, जलनिकासी और चारदीवारी की कार्ययोजना बनाई जाए, जिससे यह तालाब एक जीवंत जलधरोहर बन सके। ह्लतालाब संरक्षक समितिह्व का गठन हो, जिसमें स्थानीय नागरिक, विशेषज्ञ, और प्रशासनिक प्रतिनिधि शामिल हों।

# प्रशासन के खिलाफ किसानों ने किया विरोध-प्रदर्शन

जिला संवाददाता




**कुशीनगर।** जिले के कसया तहसील क्षेत्र के बाड़ीपुल चौराहे पर श्यामपुर हतवा व साखोपार के किसानों ने स्मार्ट सिटी बनाने के लिए अपनी उपजाऊ जमीन न देने का एलान करते हुए श्यामपुर हतवा गांव से लेकर बाड़ीपुल चौराहे तक भूमि बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले रविवार को जमकर विरोध-प्रदर्शन किया।बताते चले की नगर पालिका परिषद कुशीनगर में स्मार्ट सिटी बनाने के लिए जमीन न मिलने पर प्रशासन ने श्यामपुर हतवा और साखोपार के बीच जमीन चिन्हित किया है लेकिन किसान अपनी उपजाऊ जमीन न देने के ठान ली है।बैठक कर रहें किसानों ने कहा की स्मार्ट सिटी बनने से हम किसानों को कोई फायदा नहीं होने वाला है। जबकि हमारी उपजाऊ जमीन भी हमारे हाथ से चली जाएगी जो कि हमारे भरण पोषण का मुख्य कारण है। हम इसी से अनाज उपजाकर अपना पेट भरते हैं।

हम स्मार्ट सिटी के विरोध में नहीं है, स्मार्ट सिटी बने लेकिन किसी उपजाऊ विहीन जमीन पर बने जहां किसी किसान का नुकसान ना हो। स्थानीय प्रशासन व सरकार को चाहिए कि हमारी मजबूरी को देखते हुए स्मार्ट सिटी का निर्माण कहीं अन्य जगह कराया जाए।

इस दौरान मुख्य रूप से प्रेम प्रकाश तिवारी, अवधेश कुमार सिंह, धर्मेन्द्र तिवारी, रामजी चौबे, पवन कुमार पाठक, संजय मिश्रा, रामकृपाल चौधरी, नरसिंह चौधरी, रविन्द्र तिवारी, रोहित तिवारी, स्वामीनाथ, आरती देवी, शिवकली देवी हरिहर गुप्ता मुरलीधर, विनय, पप्पू, जितेंद्र, राजू, देवेंद्र, गुंजेश, राकेश यादव, कृष्णा सिंह, योगेंद्र यादव, विपिन पाठक ,विपिन चौहान, गुड्डू दुबे, भरत, कृपाल आदि सैकड़ो किसान मौजूद रहें।

- किसानों ने कहा स्मार्ट सिटी बनाने के लिए नहीं देगे अपनी उपजाऊ जमीन
- भूमि बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले किसानों का हुआ प्रदर्शन

## दिवंगत धर्म जागरण प्रमुख के परिजनों से मिले कृषि मंत्री, बंधाया ढाढस



**कसया, कुशीनगर।** उप्र सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कसया नगर के वॉर्ड नं० 13 के निवासी और धर्म जागरण प्रमुख दिवंगत आचार्य पंडित सुरेन्द्र पाण्डेय के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की और परिजनों को ढाढस बंधाया।रविवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, पर्व मंडल अध्यक्ष अनिल प्रताप राव के साथ स्व सुरेन्द्र पाण्डेय के आवास पर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से भेंट की। कृषि मंत्री ने स्व पाण्डेय के पुत्र अखिलेश्वर पाण्डेय, विश्वजीत पाण्डेय, अरुणेश्वर पाण्डेय, सत्यजीत पाण्डेय, रंजीत पाण्डेय से वार्ता की और बताया कि स्व. पांडेय ने धर्म जागरण प्रमुख के रूप में सनातन धर्म और संस्कृति के संरक्षण और प्रसार का कार्य किया। इस दौरान कृषि मंत्री के पीआरओ सुजीत रघुवंशी, पूर्व नपं चेयरमैन कृष्ण कुमार, राजेश पाण्डेय, आशिर्बाड उपाध्याय, राजेन्द्र दीक्षित, मनोहर पाठक, टेशू पाण्डेय, पूर्ब सभासद वृजेश मद्धेशिया आदि मौजूद रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कर्मियों ने पंचायतीराज मंत्री को दिया ज्ञापन

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज विभाग के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत विकास खण्ड स्तर पर कार्यरत खण्ड प्रेरक, डाटा एंट्री आपरेटर आउटसोर्सिंग संविदा कर्मियों द्वारा वेतन वृद्धि, एच आर पालिसी लागू करने एवं स्थायीकरण करने की मांग को लेकर स्वच्छता कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएट कर्मचारी संघ देवरिया द्वारा बलटिकरा मे आयोजित कार्यक्रम मे एक ज्ञापन दिया गया।पंचायती राज मंत्री को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश में कुल 75 जनपद के विकास खण्ड पर दो खण्ड प्रेरक व एक डाटा एंट्री ऑपरेटर का चयन क्रमशः 2015 से 2017 के बीच किया गया। लेकिन अभी तक वेतन मे मामूली वृद्धि की गयी है।संगठन कि मुख्य मांगे हैवेतन वृद्धि- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आउटसोर्स सेवा निगम का गठन किया जा रहा है जिसमे न्यूनतम वेतनमान 18000 रुपए है, पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कर्मी विकास खण्डो पर विगत 10 वर्षो से पुरे मनोयोग से कार्य कर रहे है इसलिए हमारा वेतन न्यूनतम 35000 किया जाय।2015 से अब तक वेतन में मामूली वृद्धि की गयी है। विकास खण्ड पर कार्यरत कम्पयुटर आपरेटर एवं खण्ड प्रेरक को प्रतिमाह वेतन मिलता है। न्युनतम वेतन मिलने से परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है।एच आर पालिसी - पिछले दस वर्षों से हम लोग विकास खण्ड पर कार्यरत कम्पयुटर आपरेटर एवं खण्ड प्रेरक को प्रतिमाह वेतन मिलता है। न्युनतम वेतन मिलने से परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। दस वर्षो से विभाग का कार्य आउटसोर्सिंग संविदाकर्मियो द्वारा पुरे मनोयोग एवम तत्परता से किया जा रहा है।

## कृषि महाविद्यालय के शैक्षणिक प्रभारी नियुक्त हुए डॉ. समीर

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत डॉ. समीर को कृषि महाविद्यालय में शैक्षणिक प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. डी. के. सिंह ने यह नियुक्ति प्रदान की है।इस नियुक्ति पर कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ. समीर एक अनुभवी शिक्षाविद हैं जो विगत कई वर्षों से शिक्षा, अनुसंधान तथा शैक्षणिक प्रबंधन के क्षेत्र में सक्रिय हैं। एकेडमिक इंचार्ज के रूप में उनकी भूमिका महाविद्यालय की समस्त शैक्षणिक गतिविधियों के समन्वयन, क्रियान्वयन और सतत मूल्यांकन की होगी। वे शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हेतु योजनाओं को तैयार कर उन्हें लागू करेंगे। विवि की एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी दिशा-निदेशों को प्रभावी रूप से लागू करने का कार्य करेंगे। इसके अंतर्गत वे सभी विभागों के विभागाध्यक्षों से नियमित संवाद स्थापित करेंगे, शैक्षणिक योजनाओं, आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी संकलित कर महाविद्यालय कार्यालय को संकलित रूप से प्रस्तुत करेंगे। डॉ. समीर शिक्षकों को नवाचार, अनुसंधान और शैक्षणिक सुधारों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने का कार्य भी करेंगे। डॉ. समीर का कहना है कि वे कृषि अधिष्ठाता प्रो. डी. के. सिंह एवं कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन एवं अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करते हुए आज की शिक्षा प्रणाली को न केवल पाठ्यक्रम-केंद्रित रखते हुए, नवाचार, व्यवहारिक ज्ञान एवं सामूहिक सहभागिता की दिशा में आगे बढ़ाएंगे बल्कि छात्रों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर एक सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार करेंगे। इससे संस्थान की वास्तविक प्रगति सुनिश्चित की जा सकेगी। विवि प्रशासन एवं बोर्ड ऑफ फैकल्टी के सचिव डा आलोक कुमार सिंह ने डॉ. समीर की नियुक्ति पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। डॉ आलोक का कहना है कि उनके नेतृत्व में महाविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान एवं अकादमिक अनुशासन के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा।

## जिला कलेक्ट्रेट बार का शपथ ग्रहण आज कृषि मंत्री होंगेअतिथि

**देवरिया।** जिले कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का शपथग्रहण पूर्वान्ह 11,30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में समारोह पूर्वक सम्पन्न होगा ।अध्यक्ष ज्ञानेश्वर मिश्र प्रीतम, और मंत्री जी प्रकाश मिश्र ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही मुख्य अतिथि एवम विधायक शलभ मणि , जिलाधिकारी ,दिव्य मित्तल ,पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे । मंत्री श्री जयप्रकाश मिश्र ने सभी अधिवक्ताओं, नागरिकों से समारोह में समय से पहुचने का आग्रह किया है ।

# हिंदी और भोजपुरी के प्रख्यात साहित्यकार डॉ. नीरन को श्रद्धांजलि

जिला संवाददाता




**देवरिया।** हिन्दी और भोजपुरी के प्रख्यात साहित्यकार, सबके अपने और विश्व भोजपुरी सम्मलेन के माध्यम से अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भोजपुरी भाषा को प्रतिष्ठित करने वाले डॉ अरुणेश नीरन जी 15 जुलाई 2025 को शिव सायुज्य को प्राप्त हुए। नागरी प्रचारिणी सभा के साथ-साथ अनेकों साहित्यिक -सांस्कृतिक संस्थाओं के संरक्षक व मार्गदर्शक के रुप में समादृत नीरन के निधन से सभा परिवार संतप्त एवं आहत है। पूर्व सूचनानुसार आज सभा के अध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई जिसमें उपस्थित गणमान्यजन ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

डॉ नीरन को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सभा के उपाध्यक्ष डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी ने कहा नीरन जी निर्भीक साहित्यकार थे। उनके लिए मान अपमान कोई मायने नहीं रखता था। वह लोगों को निरन्तर लिखने के लिए उत्साहित करते रहते थे। आगे डॉ तिवारी ने कहा नीरन जी साहित्यकार के साथ-साथ बड़े बड़े यायावर भी थे। वे हर तरह से अप्रतिम हैं, अनुकरणीय हैं। इसके बाद डॉ मधुसूदन मणि त्रिपाठी ने नीरन जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा नीरन जी विभाग की अपेक्षा पुस्तकालय में बैठते थे और निरन्तर अध्ययनरत रहते थे और यही उनके सफलता का सबसे बड़ा कारण है। उसके बाद सभा के पूर्व मंत्री इन्द्र कुमार दीक्षित ने कहा नीरन जी के सम्बन्ध कुछ कहते हुए वाणी अवरुद्ध होने लगती है। ऐसी उनकी गुरुता थी। सही बात तो यह है कि भोजपुरी मुझसे नीरन जी ने दबाव देकर लिखवाया। वास्तव में हम नीरन नहीं हो सकते, हां उनके द्वारा खिंची गई लकीर के सहारे साहित्य को आगे बढ़ा सकते हैं।

इस श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा नीरन जी ऊजार्वान व्यक्तित्व के धनी थे। यह उनके व्यवहार में झलकता था। मुझे उनके साथ काम करने का अवसर मिला है। वे साहित्यकार थे और मैं पत्रकार था। मुझे निरन्तर उनसे प्रेरणा मिलती रही है। आवश्यकता है कि हम नीरन जी को भूलें नहीं। उनकी यादों के साथ-साथ आगे बढ़ें। बुद्ध पी जी कालेज कुशीनगर से आये गौरव त्रिपाठी ने कहा नीरन जी छोटे कद के बड़े आदमी थे। जिस समय भोजपुरी अपना दम तोड़ रही थी उस समय उन्होंने भोजपुरी मंच की स्थापना की और विदेशों में सम्मेलन करा कर भोजपुरी को जीवंतता प्रदान की। मैं उनकी स्मृति को नमन करता हूं। डॉ शकुन्तला दीक्षित ने डॉ नीरन को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा आज नीरन जी पार्थिव शरीर से हमारे बीच नहीं हैं परन्तु शब्द शरीर में आज भी हमारे बीच हैं। उनकी सहजता सबको मोह लेती थी। आगे आगे अनिल मिश्र ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा नीरन जी ने जितने लोगों मंच उपलब्ध कराया उतना किसी भी साहित्यकार ने नहीं कराया। पूर्व विधायक एवं सन्त विनोबा पी जी कालेज देवरिया के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने नीरन जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा नीरन जी ने भोजपुरी को विश्व स्तर पर स्थापित करने का महनीय कार्य किया। उनकी नजर साहित्य में जितनी पैनी थी उतनी ही सामयिक गतिविधियों में भी पैनी दृष्टि रखते थे। उनका आशीर्वाद बराबर मुझे मिलता रहा। मैं हमेशा उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश करता रहूंगा। डॉ सुधाकर तिवारी, कुशीनगर ने डॉ नीरन और अपने से जुड़े संस्मरणों को साझा किया ओर कहा कि भोजपुरी और अपने गांव से उन्हें बहुत लगाव था इसलिए वे देवरिया छोड़ कर कहीं और नहीं गये। चाहते तो वे किसी भी बड़े विश्वविद्यालय में जा सकते थे। नीरन जी के छोटे से व्यक्तित्व के भीतर हिमालयी व्यक्तित्व था, उस महामानव को प्रणाम। नन्द लाल मणि, गोरखपुर ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि अपने उपनाम नीरन की तरह ही सरस और प्रवहमान थे। आशुतोष त्रिपाठी, अंजलि अरोड़ा खुशबू और सौदागर सिंह ने गीत के माध्यम से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का ओजस्वी संचालन रविकान्त मणि त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कौशल कुमार मिश्र, वृद्धि चन्द्र विश्वकर्मा, दुर्गा पाण्डेय, हिमांशु कुमार सिंह, डॉ मधुसूदन मिश्र, गोपाल कृष्ण सिंह रामू, डॉ सौरभ श्रीवास्तव, रवीन्द्र नाथ तिवारी, विनय कुमार बरनवाल, विजय प्रसाद, रजनीश मोहन गोरे, भृगुदेव मिश्र, रमेश चंद्र त्रिपाठी, रामेश्वर तिवारी, लक्ष्मी कान्त तिवारी, पार्वती देवी गौरा, रंजीता श्रीवास्तव, नित्यानंद आनन्द, योगेन्द्र पाण्डेय, मार्कण्डेय पति तिवारी, प्रेम नारायण मणि आशुतोष त्रिपाठी, सुबास राय, जितेन्द्र सिंह, डॉ डी एन पाण्डेय, संजय पाण्डेय, कृष्ण शंकर मिश्र , नन्दलाल मणि, अशोक कुमार मिश्र अनिल कुमार मिश्र आदि गणमान्य उपस्थित रहे। सभा के पूर्व अध्यक्ष आचार्य परमेश्वर जोशी ने अपने दूरभाष संदेश में कहा उनका व्यक्तित्व अनुपम और अनूठा था। वे अप्रिय कभी नहीं बोलते थे। उनके सम्पर्क में जो आता था उनका अपना हो जाता था। इसी तरह श्रद्धांजलि सभा के संयोजक डॉ संजय कानोडिया ने भी दूरभाष संदेश के द्वारा कविता के रुप में गुरुवर नीरन जी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। अंत में सभा के अध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी ने कहा कि नीरन जी ने समकालीन भोजपुरी साहित्य को आगे बढ़ाया। वे मेरे सच्चे मित्र थे। उनकी कमी जीवन पर्यन्त खलती रहेगी। ऐसे कर्मयोगी को मेरा नमन। सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने नीरन जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा वे भले ही हमारे बीच से चले गये हैं, परन्तु हमारे मन-मस्तिष्क में निरन्तर जीवित रहेंगे। उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का प्रयास मैं निरन्तर करता रहूंगा। आप लोगों ने मेरे अनुरोध को स्वीकार किया और अपना समय दिया इसके लिए बहुत बहुत धन्यवाद। अन्त में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें सभी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## झररघाट पुलिस चौकी का एसपी ने किया उदघाटन



**ललितपुर।** रविवार को कोतवाली तालबेहट अंतर्गत चैकी झररघाट को नवनिर्मित भवन में शिफ्ट किया गया। चैकी का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, एएसपी कालू सिंह व सीओ तालबेहट के अलावा स्थानीय लोगों की मौजूदगी में बालिका श्रद्धा जैन ने फीता काटकर किया। इसके पूर्व चैकी के नवनिर्मित परिसर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया, जिसमें एसपी के साथ एएसपी, सीओ व तमाम पुलिस अधिकारी और अन्य लोग शामिल हुये। इस कार्यक्रम में मिशन शक्ति फेज-5 को भी सर्वोपरि रखते हुये बालिका श्रद्धा जैन को एक दिन का नवनिर्मित चैकी झररघाट का इंचार्ज बनाया गया। एसपी ने बताया गया कि इस नई पुलिस चैकी की स्थापना से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था में मजबूती एवं हाइवे पर सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित पुलिस सहायता सुनिश्चित हो सकेगी। चैकी के निर्माण से क्षेत्र में घटित होने वाले अपराध में कमी आयेगी तथा अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगा। उन्होंने पुलिस विभाग के इस प्रयास की सराहना की और जनता से सहयोग की अपील की। इस दौरान जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, क्षेत्राधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

संक्षेप

## ट्रेन में चढ़ते समय मंगलसूत्र व लोकेट चोरी

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला रावतयाना निवासी दुर्गा पत्नी अरविन्द कुमार ने जीआरपी पुलिस को अवगत कराया कि बीती 18 जुलाई को वह ट्रेन संख्या 19314 इन्दौर पटना एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-5 में उसकी पत्नी बक्सर से ललितपुर के लिए सफर कर रही थी। अपराह्न करीब 1.41 बजे उसकी पत्नी का ट्रेन में चढ़ते समय किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सोने की चैन व सोने का लोकेट चोरी कर लिया। घटना की सूचना उसके द्वारा रेलवे हेल्पलाइन नम्बर 139 पर दी गयी। ललितपुर जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## स्मार्ट मीटरों का किया विरोध

**ललितपुर।** जिले में स्मार्ट मीटर के विरोध में स्थानीय संगठनों ने प्रदर्शन किया है। बुंदेलखण्ड विकास सेना ने कम्पनी बाग में बैठक की।

संगठन प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने स्मार्ट मीटर की तेज रीडिंग पर चिंता जताई। स्मार्ट मीटर लगाने वाली जीनस कंपनी पहले से ही गोवा में ब्लैकलिस्टेड है। कंपनी ने ललितपुर में आवासीय और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में मीटर लगाने का काम शुरू कर दिया है।

टीटू कपूर के अनुसार, ये मीटर मानकों के विपरीत हैं। मीटर की तेज रीडिंग से उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। प्रगतिशील किसान जन मोर्चा ने भी विरोध दर्ज कराया है। मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष ऊदल सिंह पटेल के नेतृत्व में लोगों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्राम मसौरा खुर्द के निवासियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर से बिजली बिल कई गुना बढ़ गया है।

## शिवलिंग को क्षतिग्रस्त करने वाला दबोचा

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला सुर्रई घाट कालोनी अन्तर्गत शराब के नशे में गाली गलौज व मारपीट कर अवैध रूपयों की मांग करते हुए, पास में स्थित शिवलिंग की पिण्डी को क्षतिग्रस्त करने के प्रकरण में कोतवाली पर मु.अ.स. 817/2025 धारा 119(1), 115(2), 324(2), 352, 351(3) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग से सम्बन्धित सुर्रई घाट कालोनी निवासी अंशुल बाल्मीकी पुत्र दर्शन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## पत्रकारिता और सोशल मीडिया की भूमिका पर गोष्ठी सम्पन्न

**ललितपुर।** रविवार को सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पत्रकारिता और सोशल मीडिया की भूमिका विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में पत्रकारों ने प्रतिभाग कर अपने-अपने विचारों को रखा। सर्वप्रथम अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की प्रतिमा सम्मुख माल्यार्पण कर गोष्ठी की शुरूआत की गयी।

मौके पर मौजूद वक्ताओं ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चैथा स्तंभ है। इसकी जिम्मेदारी केवल खबरें पहुंचाने की नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने की भी है। वर्तमान समय में जब सूचनाओं की बाढ़ है, तब सच और झूठ के बीच की पतली रेखा को पहचानना पत्रकार की सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है। आज सोशल मीडिया ने हर व्यक्ति को सूत्रधार बना दिया है। जहां एक ओर यह माध्यम तेजी से सूचनाएं पहुंचाने का सशक्त साधन बना है, वहीं दूसरी ओर अफवाहों, आधे-अधूरे तथ्यों और ट्रोल संस्कृति ने इसकी विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह भी खड़े किए हैं। पत्रकारिता की भूमिका अब केवल समाचार देने तक सीमित नहीं है। अब पत्रकार को फील्ड रिपोर्टिंग, तथ्य-जांच (फैक्ट चेक) और डिजिटल माध्यमों पर सक्रियता इन सबमें संतुलन बनाना होता है। सोशल मीडिया ने पत्रकारिता को जनोन्मुख जरूर बनाया है, लेकिन साथ ही इससे कुछ खतरे भी उत्पन्न हुए हैं, जिसमें जैसे बटन दबाते ही सूचना प्रसारण संस्कृति, टीआरपी की होड़ और कभी-कभी वैचारिक ध्रुवीकरण को भी शामिल किया जा सकता है। इस संदर्भ में वरिष्ठ पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वरिष्ठ अनुभवी पत्रकारों से युवा पीढ़ी को यह सीखना चाहिए, कि खबर में संवेदना कैसे जोड़ी जाए, कैसे बिना किसी दबाव के निष्पक्ष रिपोर्टिंग की जाए।

# खेलों में अनुशासन, परिश्रम और समर्पण की भावना का उल्लेखनीय महत्वः सांसद

जिला संवाददाता




- जूनियर नेशनल अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता प्रतीक्षा को सांसद ने किया सम्मानित
- सांसद खेल स्पर्धा 4.0 के अंतर्गत जिला स्तरीय बालक एवं बालिकाओं की खेल प्रतियोगिताओं का हुआ पुरस्कार वितरण

**ललितपुर।** झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के निर्देशन में स्पोर्ट्स स्टेडियम, ललितपुर में माह फरवरी 2025 में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा 4.0 के अंतर्गत जिला स्तरीय बालक एवं बालिकाओं की एथलेटिक्स, वालीबाल, कबड्डी, खो-खो, ऊँची कूद, लंबी कूद सहित अन्य खेल प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में कैलाश नारायण निरंजन अध्यक्ष जिला पंचायत मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती रेखा रावत, व्यायाम प्रशिक्षक आशीष वर्मा एवं अन्य प्रशिक्षकों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण एवं माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को अपने आशीर्वचन एवं मार्गदर्शन से प्रेरित किया। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और खेलों में अनुशासन, परिश्रम एवं समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र, पदक एवं बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर जनपद ललितपुर की कु० प्रतीक्षा यादव पुत्री सुरेश यादव, निवासी ग्राम कैलोनी उदयपुरा, तहसील महरौनी की उल्लेखनीय उपलब्धि पर भी विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। उन्होंने प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में 22 से 24 जून 2025 तक आयोजित 23वीं जूनियर नेशनल अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 1500 मीटर और 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त कर न केवल जनपद बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश को गौरवान्वित किया। उनकी इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए सांसद अनुराग शर्मा द्वारा उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप 25,000 रुपये की राशि देने की घोषणा की गई।

विभिन्न खेलों में जिन प्रतिभागी खिलाड़ियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए, उन्हें क्रमशः ट्रॉफियों, प्रमाण-पत्रों और मैडल से सम्मानित किया गया। एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर की दौड़, लंबी कूद एवं ऊँची कूद जैसी विधाओं में बालक-बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिनमें प्रमुख रूप से सिद्धार्थ राजा, रीनू देवी, अवधेश कुमारी, जयन्ती पटेल, विजय कुमार, ध्रुव राजपूत, सहारा, सुहानी, अंकित कुमार, अभिषेक इत्यादि का उल्लेखनीय प्रदर्शन रहा। खो-खो, कबड्डी एवं वालीबाल जैसी टीम प्रतियोगिताओं में भी खिलाड़ियों ने अनुशासित और ऊर्जावान प्रदर्शन किया। खो-खो की बालक एवं बालिका श्रेणी में श्री शांतिनाथ संस्कार विद्यालय सिरौंजी, जखौरा की टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में जी.एच.एस. दैलवारा की बालक टीम एवं किसान इंटर कॉलेज बिरधा की बालिका टीम ने पहला स्थान हासिल किया। वालीबाल में बालक वर्ग में पी.जी.पी.एस. पनारी, जखौरा एवं बालिका वर्ग में जी.आई.सी. बार, ललितपुर की टीमों ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती रेखा रावत द्वारा सभी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और आशा जताई गई कि आने वाले समय में जनपद ललितपुर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक ऊँचाइयों को छुएंगे तथा जनपद का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिनेश गोस्वामी प्रभारी सांसद कार्यालय, अजय पटैरिया क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा अशोक रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मड़ावरा पंकज ताम्रकार एवं डॉ० एस.पी. पाठक, जिला प्रभारी बुंदेलखंड एकीकरण समिति सहित राकेश सिंह भदौरिया, देवेश तिवारी, एथलेटिक्स प्रशिक्षक रविन्द्र कुमार, क्रिकेट प्रशिक्षक अजरूद्दीन, तीरंदाजी प्रशिक्षक अंकुर सहरावत, सुनील सहित अनेक खेल प्रेमी व अधिकारी उपस्थित रहे।

## अलग-अलग घटनाओं में 2 महिलाएं फांसी के फंदे पर झूलीं

**बाँदा।** जिले के अलग अलग गांव में दो महिलाओं ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक महिला ने शराबी पति की प्रताड़ना से अजीज आकर आत्मघाती कदम उठाया। जबकि दूसरी महिला के परिजनों ने दहेज की मांग पूरी न होने के कारण हत्या करने का आरोप पति व ससुरालीजनों पर लगाया है। ग्राम पिंडखर निवासिनी 45 वर्षीय गुड़िया उर्फ संगीता ने देर रात्रि आंगन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रात में 14 वर्षीय पुत्र नीरज पानी पीने को जगा और आंगन में मां का शव लटकता देख चीख पुकार मचाई। जानकारी मिलने पर दुरईमाफी निवासी पिता मुन्नू यादव व मां शांति ने पति पर शराब पीकर मारने पीटने का आरोप लगाया है। पिता का कहना है कि बीते एक माह से पति सीताराम यादव शराब के नशे में आयेदिन मारपीट कर रहा था। झगड़े से आहत पुत्री ने मोबाइल से घटना की जानकारी देते हुए पति से परेशान हो आत्महत्या करने की बात कही थी। गुड़िया उर्फ संगीता की करीब 20वर्ष पहले शादी हुई थी। देर रात सभी लोग खाना खाने के बाद सोने चले गए तभी महिला ने आत्मघाती कदम उठा लिया। दूसरी घटना ग्राम बल्लान के अंश बोड़ा यादव का पुरवा निवासी रीशू की पत्नी मंजू 22 का शव कमरे में फंदे पर लटकता मिला। देर रात खाना खाने को आवाज लगाने पर महिला नही आई। तब परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे।

वहां महिला का शव पंखे के हुक में साड़ी के फंदे पर लटकता मिला। सूचना के बाद चित्रकूट जनपद के थाना पहाड़ी के ग्राम ओरा निवासी पिता संतोष कुमार ने पति और ससुरालिजनों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। बीती 2 जुलाई 2024 को मंजू ने रीशू के साथ कोर्ट मैरिज की थी। मंजू तीन माह की गर्भवती थी। थाना प्रभारी ऋषिदेव सिंह का कहना है कि अभी तक कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बाढ़ पीड़ितों को बांटे गये 200 राहत किट



**बांदा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की उपस्थिति में तहसील अतर्रा के अमवाँ और तेंदुरा में बाढ़ राहत किट का वितरण किया गया। यहां जिनका घर और अनाज बाढ़ के कारण खराब हो गया था शासन के द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार असहाय लोगों को 200 बाढ़ राहत किट बांटे गए। इसमे लाई 2.5 किलो, चना 2 किलो, भुना चना 2 किलो, चीनी 1 किलो, बिस्कुट 10 पैकेट, आलू 10 किलो, 26 प्रकार के सामान का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कल्लू राजपूत, ब्लॉक प्रमुख शंभू प्रसाद, तहसीलदार दीपेन्द्र कुमार, जिला आपदा विशेषज्ञ डॉ0 प्रभाकर सिंह, नायब तहसीलदार शिवम्कुमार मौर्य, और ग्राम प्रधान, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, ग्राम सचिव और ग्रामीणों के सामने वितरण किया गया। जिला अध्यक्ष ने सरकार के राहत कार्यक्रम को सराहा। इस दौरान गिरे हुए घरों के सर्वे कर राहत धनराशि लाभार्थी के खाते में भेजी जाएगी।

## चोरों ने 3 स्थानों से उड़ाया लाखों का माल

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के बाघा गाँव में बीती रात चोरों ने किराने और कपड़े की दुकान में नकब कर सूने घर से छत का जाल काटकर तीनों जगह से सामान व लाखों का जेवर तथा नगदी पार कर दिया। ग्राम बाघा निवासी शिवनरेश कुशवाहा पुत्र राजेन्द्र प्रसाद ने पुलिस चौकी ओरन में दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार को घर में ताला बंद कर परिवार सहित ससुराल कोनी गया था। रविवार दोपहर वापस घर लौटा और दरवाजे का ताला खोलकर अंदर देखा तो आंगन में लगे छत का जाल टूटा पड़ा था व कमरे का लॉक खुला मिला तथा कमरे में रखा बॉक्स वाला बेड, अलमारी खुली व पूरा सामान बिखरा पड़ा मिला। कमरे की हालत देख होश उड़ गए, सामान देखा तो बॉक्स वाले बेड में रखें जेवर छागला, बिछुआ, हाफपेटी, पायल, करधनी, बच्चों के हाथ के चूड़े चांदी के वजन लगभग 1 किलो 250 ग्राम व सोने के जेवर मंगलसूत्र, माला, झुमका, बिजली, अंगूठी और 1, 20, 000 रुपये गायब थे। दूसरी घटना में कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित विष्णु गुप्ता की किराने की दुकान व बगल में स्थिति राजा भैया रैकवार की कपड़े की दुकान के पीछे से नकब कर किराने का सामान, नगदी व कपड़े की दुकान से कपड़े ले गए। सभी ने पुलिस चौकी में सूचना दी। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी हरिशरण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थलों का मुआयना कर चोरों की तलाश में जुट गए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही चोरों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## बिजली कटौती से त्रस्त लोगों ने किया हाईवे जाम



**बांदा।** शहर के अलीगंज मोहल्ले में बिजली कटौती से आजिज लोग बीती देर रात सड़क पर पहुंचे और जाम लगा दिया। बीते 3 दिनों से लगातार बिजली न आने और लो वोल्टेज की समस्या से परेशान महिलाओ और पुरुषों ने झाँसी - मिर्जापुर हाईवे को जाम कर दिया। लोगों ने कहा कि अनेकों बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं की। शनिवार की रात करीब 11 बजे अलीगंज मोहल्ले की महिलाओं ने घरों से निकलकर सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ओर हाईवे पर बैठ कर ट्राफिक जाम कर दिया। सीमा खान, ज्ञानवती व सतरूपा ने कहा कि 3 दिन से बिजली न मिलने से पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। महिलाओं ने कहा कि छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमारों को ज्यादा परेशानी हो रही है। मामला बढ़ता देख पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के अधिकारी के नहीं आने तक हाईवे खाली करने से मना कर दिया। इसके बाद पावर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर बिजली आपूर्ति बहाल करने का भरोसा दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने जाम हटाया तब आवागमन बहाल हो सका।

# हाई टेंशन लाइन की चपेट में आया किसान, हालत गंभीर

जिला संवाददाता

**बांदा।** बिजली विभाग की लापरवाही से हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर किसान बुरी तरह झुलस गया। ग्राम पंचायत मझिला में रविवार को किसान अजय पाल सिंह पटेल पुत्र देव प्रसाद सिंह खेत में अन्ना मवेशियों को हांकते समय बिजली विभाग की लापरवाही का शिकार हो गया। खेत के ऊपर से महज पांच फीट की ऊंचाई पर झूल रही 11000 वोल्ट की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से घटना हुई। हादसे के तुरंत बाद परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें ट्रामा सेंटर ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताकर कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

फिलहाल उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत लाइन की स्थिति बेहद खतरनाक थी और इसकी शिकायत पहले भी विद्युत विभाग को की जा चुकी थी, लेकिन विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। खेतों में इतनी नीची लाइन किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकती थी, जिसकी चेतावनी ग्रामीण लगातार दे रहे थे। बावजूद इसके कोई सुधार कार्य नहीं किया गया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि विभागीय लापरवाही से आए दिन किसी न किसी की जान जोखिम में पड़ रही है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसान के इलाज की समुचित व्यवस्था शासन की ओर से कराई जाए, परिजनों को मुआवजा दिया जाए और संबंधित लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। गांव की सभी जर्जर व खतरनाक विद्युत लाइनों की तत्काल मरम्मत की जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग ने अपनी कार्यप्रणाली नहीं सुधारी और पीड़ित को न्याय नहीं मिला तो क्षेत्र के किसान सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होंगे।

# जिला कारागार में बंद गैंगस्टर ने बंदी से मारपीट कर मौत के घाट उतारा, मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता

**बिजनौर।** जिला कारगार में बंद आशू चौहान और गैंगस्टर जाकिब के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई जिसमें ने आशू चौहान की मौत हो गई। जेल प्रशासन ने हत्या की खबर को काफी देर तक दबाये रखा। बंदी की हत्या को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने जेल में पहुंचकर जांच की। शहर कोतवाली में गैंगस्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में केस दर्ज कराया गया है।




जिला कारागार में शनिवार को करीब एक बजे बैरक नंबर 13 बी में उत्तराखण्ड के काशीपुर निवासी बंदी आशू चैहान और जनपद अमरोहा के बंदी जाकिब के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ और दोनों में मारपीट होने लगी। दोनों बैरक की जालीदार ग्रिल तक जा पहुंचे। बताया गया कि इसी बीच गैंगस्टर जाकिब ने आशू को तीन घूसे मारे और ग्रिल पर लटककर उसे लात मार दी। आशू दूर जा गिरा और उसकी हालत बिगड़ गई। जेल वार्डन तुरंत ही अन्य बंदियों की मदद से अचेत हुए आशू को लेकर जेल के अस्पताल लेकर पहुंचा जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। मेडिकल अस्पताल के चिकित्सकों ने आशू को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही एडीएम विनय कुमार, एएसपी सिटी संजीव वाजपेयी, सीओ राकेश वशिष्ठ और शहर कोतवाल उदयप्रताप भारी पुलिस बल के साथ जेल में पहुंचे। जिन्होंने उक्त बैरक के बंदियों से बातचीत करते हुए जानकारी जुटाई। वहीं, आरोपी बंदी जाकिब से भी पूछताछ की। पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार की देर शाम शहर कोतवाली में गैंगस्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा

# झांसी इटावा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को ललितपुर तक बढ़ाये जाने की मांग

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** ट्रेन नंबर 11903 वीरांगना लक्ष्मी बाई झांसी रेलवे स्टेशन से इटावा की ओर जाने वाली तथा ट्रेन नंबर 11904 इटावा से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन को आने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को ललितपुर तक बढ़ाई जाने की मांग ललितपुर एवं अशोकनगर जिले वासियों द्वारा उठाई गई है। इसके लिए

- झांसी आ जाने के पश्चात दिनभर झांसी खड़ी रहती है ट्रेन

झांसी ललितपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा से इस ट्रेन का विस्तार ललितपुर तक कराए जाने का आह्वान किया गया है। ट्रेन नंबर 11903 शाम 5.15 बजे झांसी से चलकर रात 10.00 बजे इटावा पहुंचती है। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 11904 सुबह 5.00 बजे इटावा से चलकर झांसी आती है, यह ट्रेन सुबह 10.15 बजे झांसी आ जाने के पश्चात दिनभर झांसी खड़ी रहती है। यदि इस ट्रेन का विस्तार ललितपुर स्टेशन तक कर दिया जाता है तो इससे ललितपुर जिले वासियों को तथा निकटवर्ती अशोकनगर जिले वासियों को ग्वालियर इटावा जाने के लिए नई ट्रेन की सौगात मिल जाएगी और कई लोग इससे लाभान्वित होंगे। इसी प्रकार ललितपुर रेलवे स्टेशन जो अब जंक्शन हो गया है। इस पर टीकमगढ़ छतरपुर जिले से आने वाले लोगों को भी ग्वालियर इटावा जाने के लिए नई ट्रेन मिल सकेगी और एक बड़े भूभाग के लिए इस ट्रेन से लाभ मिल सकेगा, जिससे व्यापार, वाणिज्य पर्यटन एवं सामाजिक विकास में काफी योगदान मिलेगा। यह ट्रेन जो सुबह 5.00 बजे इटावा से चलती है और 10.15 बजे झांसी पहुंचती है, 12.00 तक ललितपुर स्टेशन पर आ सकती है, इस ट्रेन को दोपहर 3.00 बजे ललितपुर से रवाना किया जावे जो झांसी अपने निर्धारित समय 5.15 पर आसानी से पहुंच जाएगी और इटावा को रवाना हो सकेगी। अब यह देखना होगा कि झांसी ललितपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग शर्मा इस झांसी इटावा इंटरसिटी ट्रेन को ललितपुर तक बढ़ाई जाने के लिए रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव जी से कितनी कारगर पहल करते हैं। अभी कुछ दिनों बाद जुलाई माह के अंत में संसद का मानसून सत्र प्रारंभ होने वाला है, इसलिए और झांसी ललितपुर सांसद से यह आम लोगों ने विशेष आह्वान किया है कि इस ट्रेन का विस्तार ललितपुर तक कराए जाने के लिए वह अपना पुरजोर प्रयास करेंगे ताकि ललितपुर, अशोकनगर, टीकमगढ़, छतरपुर जिले वासियों को इस ट्रेन के माध्यम से लाभ मिल सकेगा और सभी क्षेत्रवासी संसद के आभारी रहेंगे।

## जीआरपी ने कच्ची व अंग्रेजी शराब करायी नष्ट



**ललितपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे लखनऊ के आदेश पर चलाये जा रहे माल निस्तारण अभियान के तहत डीआईजी रेलवे लखनऊ परिक्षेत्र प्रयागराज, एसपी रेलवे झांसी के आदेश पर सीओ रेलवे झांसी के निकट पर्यवेक्षण में न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) के निर्देश पर गठित कमेटी के सदस्य जिला अभियोजन अधिकारी, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम की मौजूदगी में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी ललितपुर ने मालखाने में लम्बित कुल 41 अभियोगों से सम्बन्धित कच्ची व अंग्रेजी शराब को नष्ट कराया गया। इस दौरान नष्ट करायी गयी शराब की मात्रा 174 लीटर अवैध कच्ची शराब, 11 बोतल व 11 क्वाटर अंग्रेजी शराब और पांच क्वाटर देशी शराब के जो कि बरामद किये गये थे को नष्ट कराया गया। इस दौरान माल निस्तारण कमेटी में जिला अभियोजन अधिकारी शिववचन राम, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम अन्विता तिवारी, प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी नवीन कुमार व हेड मोहर्रिर थाना जीआरपी हे.का. श्याम बाबू आदि शामिल रहे।

## गंगाजल लेकर अपने गंतव्यों की ओर लौट रहे शिवभक्तों को प्रसाद व फल वितरित



**नगीना, बिजनौर।** समाजसेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान के बैनर तले नगर के समाजसेवियों ने देवभूमि हरिद्वार से गंगाजल भरकर अपने गंतव्यों की ओर लौट रहे कावड़ियों को फल और जल का प्रसाद वितरित किया। रविवार को देवभूमि हरिद्वार से कावड़ लेकर बम-बम भोले का जयघोष करते हुए नगीना से होकर भारी संख्या में गुजर रहे शिवभक्त कावड़ियों को दिव्य सेवा संस्थान के सेवादारों ने थाना प्रभारी निरीक्षक नगीना तेजपाल सिंह के साथ नगीना धामपुर मार्ग पर केले और जल की बोतले वितरित करके धर्म लाभ उठाया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने संस्था के सेवादारों द्वारा की जा रही नर सेवा को नारायण सेवा बताया। और उनके द्वारा की जा रही समाज सेवा की प्रशंसा की। शिवभक्तों की सेवा में जुटे लोगों में नगीना थानाध्यक्ष तेजपाल सिंह, संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा, व्यापारी नेता एंव समाजसेवी संजीव अग्रवाल उर्फ विक्की, सुनील सैनी एडवोकेट, गोपाल सिंह, मनोज सैनी, मुनेश कुमार, ओमप्रकाश सिंह चैहान, राजेश सैनी, पेट्रोलियम विश्वविद्यालय देहरादून के छात्र अनुपम सिंह आदि मौजूद रहे।

## पॉलिथीन बंदी और अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगाः रामआश्रय

**नगीना, बिजनौर।** नगर पालिका परिषद नगीना के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी (पीसीएस अधिकारी) रामआश्रय ने कहां की नगर में अतिक्रमण और पॉलिथीन बंदी के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। नगर पालिका परिषद नगीना के कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी (पीसीएस अधिकारी) रामआश्रय ने नगर पालिका परिषद अपने कार्यालय में वार्ता करते हुए कहा के नगर के मुख्य मार्गों और बाजारों में अतिक्रमण होने की अनेक शिकायत उनको मिल रही है। जल्द ही नगर क्षेत्र के सभी व्यापारियों की बैठक कर अतिक्रमण हटाने को कहेंगे यदि वह नहीं हटाते तो पालिका प्रशासन स्तर से युद्ध स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पर्यावरण की हरियाली में बाधा बन रहे पॉलिथीन और डिस्पोजल गिलासों को बंद करने के लिए प्रदेश शासन के सख्त आदेश हैं, हम शासन के आदेशों का पालन कराने के लिए कटिबंध है। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र का भ्रमण कर उन स्थानों और मुख्य मार्गो को चिन्हित कर अतिक्रमण फैला है उन्होंने बताया कि सब्जी फल बेचने वाले हाथ के ठेलो, समस्त छोटे बड़े दुकानों के व्यापारियों के अतिरिक्त विशेष कर जो पॉलिथीन और प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास बेचने वाले छोटे बड़े है गोदामो पर भी छापा मार अभियान चलाया जाएगा।

## स्कूल बस पलटने के प्रकरण में संचालक व बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

***धामपुर, बिजनौर।*** स्कूली बस के अनियंत्रित होकर पलटने के प्रकरण में पुलिस ने घायल छात्रा के परिजन की तहरीर पर स्कूल संचालक व बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है जनकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह थाना शेरकोट के गांव मन्धोरा, धुराडा, नाथडोई आदि गांवों के बच्चो को बाबू जी मेमोरियल स्कूल ले जा रही स्कूली बस नया गांव-नंद गांव मार्ग पर एक ट्रैक्टर से बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा कर पलट गई थी। घटना से बस में सवार बच्चो में चीख पुकार मच गई थी। ग्रामीणों ने किसी तरह बच्चो को बस से निकाला था। दुर्घटना में बस में सवार लगभग सभी बच्चे चोटिल हुए थे। जिनमें से कई बच्चो को धामपुर व शेरकोट के निजी चिकित्सक से उपचार दिलाया गया था। ग्रामीणों को कहना था कि घटना के वक्त बस में 50 से अधिक बच्चे थे तथा बस चालक बस तेजी से चला रहा था। घटना के बाद मौके पर सीओ राजेश सोलंकी सहित थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने मौके पर पंहुचकर बस को क्रेन की मदद से सीधा करा कर थाने ले आये थे। प्रकरण में पुलिस ने दुर्घटना में घायल छात्रा गांव मन्धोरा निवासी भव्या पुत्री राहुल के चाचा की तहरीर पर स्कूल संचालक सहित बस चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## नामदेव समाज की निःशुल्क हेल्प डेस्क प्रारंभ




**महोबा।** संत शिरोमणि नामदेव समाज सेवा समिति के तत्वावधान में महोबा मुख्यालय के तहसील परिसर के पास शुक्रवारी बाजार के सामने निशुल्क नामदेव हेल्प डेक्स का शुभारंभ संरक्षक रमाशंकर नामदेव द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नामदेव समाज के लोगो ने कहा कि नामदेव समाज का जिला मुख्यालय में कार्यालय होना बहुत जरूरी था। क्योकि कार्यालय ही लोगों को एक दूसरे से संपर्क करने का बेहतर साधन है। जहां मिल बैठकर सामाजिक कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाती है। बता दें कि नामदेव हेल्पडेस्क का उपयोग विभिन्न प्रकार की जानकारी और सहायता प्राप्त करने के लिए किया जाएगा, जिसमे नामदेव समाज में शामिल होने वाले, सदस्यता या पंजीकरण से संबंधित जानकारी प्राप्त करना, समाज द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, बैठकों, और समारोहों के बारे में जानकारी प्राप्त करना, समाज द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक सहायता से संबंधित जानकारी प्राप्त करना, विवाह योग्य युवक युवतियों के रिश्ते और विवाह से संबंधित जानकारी प्राप्त करना। इस मौके पर नामदेव समाज के अध्यक्ष मनीष नामदेव ने कहा कि समाज के लोगों को जहां भी उनकी आवश्यकता महसूस हो वह हर समय समाज की सहायता के लिए मौजूद रहेंगे। इस मौके पर महोबा, चरखारी, कबरई, श्रीनगर, कुलपहाड़, पनवाड़ी, अजनर खरेला, खन्ना से नामदेव समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची पर घमासान

बिहार में आये दिन बड़े-बड़े अपराध हो रहे हैं, पलायन, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य की बदतर हालत आदि ऐसे मुद्दे हैं जो सीधे जनता से जुड़े हैं और बिहार के भविष्य को प्रभावित करते हैं। लेकिन बिहार में महागठबंधन के संभावित घटक दलों का पूरा फोकस मतदाता सूचियों के संशोधन और सुधार का विरोध करने पर हो गया है। आरजेडी, कांग्रेस, वीआईपी, वामदल आदि पार्टियां मतदाता सूची में हो रहे सुधार और संशोधन को इस रूप में प्रस्तुत कर रही हैं मानो चुनाव आयोग मतदाता सूची दुरुस्त करने के बजाय गरीबों का वोट काट रहा है। इस तरह के भ्रम फैलाकर ये पार्टियां लोकतंत्र का तो नुकसान कर ही रही हैं लेकिन अपने सियासी हित के लिए चुनाव आयोग को निशाने पर लेकर सांविधानिक संस्थानों की गरिमा को भी खंडित कर रही हैं। हाल के दिनों यह प्रवृत्ति और बढ़ी है। अगर सुप्रीम कोर्ट का फैसला मनमुताबिक है, तो वाह-वाह और अगर फैसला खिलाफ गया तो अदालत पर ही सवाल खड़े कर संविधान खतरे में बता देंगे। चुनाव जीत गये तो चुनाव आयोग की जय-जय... और हारे तो चुनाव आयोग बिका हुआ है, सरकार की गोद में खेल रहा आदि आदि। इस तरह के सतही आरोपों और छिछोरी सियासत से देश के संवैधानिक संस्थानों की गरिमा खतरे में पड़ गयी है। चुनाव आयोग बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची का 'विशेष गहन पुनरीक्षण' कर रहा है। भारत की लगभग 78 साल की




आजादी और गणतंत्र के 75 सालों में न जाने कितनी बार यह प्रक्रिया सामने आई होगी। मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण का संवैधानिक अधिकार चुनाव आयोग को है। सवाल और आपत्तियां भी की जाती रही हैं। सर्वोच्च अदालत को 1995 में यहां तक फैसला देना पड़ा कि आयोग किसी की 'नागरिकता' तय नहीं कर सकता। व्यक्ति को खुद साबित करना है कि वह भारत का नागरिक है। उसे केंद्रीय गृह मंत्रालय में भी जाना होगा। वही पात्र मंत्रालय है। चुनाव आयोग कुछ दस्तावेजों के आधार पर तय करता है कि अमुक व्यक्ति 'पात्र मतदाता' है अथवा नहीं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का कहना है कि शुद्ध मतदाता-सूची लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए अनिवार्य है। हम चाहते हैं कि कोई भी गैर-भारतीय मतदाता-सूची में शामिल न हो पाये। फिर भी बिहार का विपक्ष चिल्ला रहा है। आरोप लगा रहा है कि विपक्षी गठबंधन के 2-3 करोड़ मतदाताओं के नाम काटे जा सकते हैं। कांग्रेस की आशंका अलग है कि 20 फीसदी मतदाता अपना मताधिकार खो सकते हैं। एडीआर ने इस दलील के साथ सर्वोच्च अदालत में याचिका दी है कि बिहार में पलायन की व्यापक समस्या के कारण 50 फीसदी तक मतदाताओं के नाम सूची से अलग किए जा सकते हैं। इस गंभीर और संवेदनशील मुद्दे पर 10 जुलाई को शीर्ष अदालत में सुनवाई भी हुई। इसकी आगे भी सुनवाई होगी इसलिए विपक्ष को न्यायिक फैसले का इंतजार करना चाहिए। लेकिन वोटों की गोलबंदी के लिए विपक्ष ने बिहार बंद का आयोजन किया। हालांकि अदालतें किसी भी विरोध-प्रदर्शन या चक्का जाम के दबाव में नहीं आतीं। सवाल है कि ड्राफ्ट और अंतिम मतदाता-सूची सार्वजनिक होने से पहले विपक्ष क्यों हंगामा खड़े कर रहा है। वह चुनाव आयोग को कोस रहा है और दूसरी तरफ बिहार में 57 फीसदी से अधिक गणना-प्रपत्र भरे जा चुके हैं। करीब 19 फीसदी लोगों ने अपना फॉर्म आयोग के नेट पर अपलोड भी कर दिया है। फिलहाल पुनरीक्षण में 15 दिन का समय शेष है। विपक्ष ने तेलंगाना में 22 फीसदी मतदाताओं और कर्नाटक में 18 फीसदी मतदाताओं के नाम काटने पर खूब हंगामा मचाया था। दोनों ही राज्यों में कांग्रेस की सरकारें किस तरह बन गईं? जम्मू-कश्मीर में भी पुनरीक्षण के बाद चुनाव हुए थे। वहां भी विपक्ष का एनसी-कांग्रेस गठबंधन जीता और अब उनकी सरकार है। दरअसल चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना एक रुटीन प्रक्रिया है। इसमें विपक्ष को हंगामा करने और चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करने से बचना चाहिए और त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने में आयोग की मदद करनी चाहिए। विपक्षी पार्टियां आयोग की मदद करने के बजाय मतदाता सूची को ही सियासी घमासन का मुद्दा बना रही हैं।

### विचार

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

-कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंत:करण से प्रयास करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमे अवश्य होती है।

-स्वेट मॉर्डन.

# सियासी वजूद की लड़ाई, भाषा पर आयी



मनोज बाजपेयी

हालांकि महाराष्ट्र में राज ठाकरे और उनकी पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की कोई सियासी जमीन नहीं बची है। विधानसभा या लोकसभा में उनका एक भी उम्मीदवार जीता नहीं है। विधानसभा चुनाव में तो उनका बेटा खुद चुनाव हार गया। लेकिन जिस तरह मुंबई महानगर पालिका चुनाव से पहले भाषा विवाद खड़ा करने का प्रयास किया गया है, उससे साफ लगता है कि हिन्दी विरोध के नाम पर चर्चा में आना चाहते हैं। इनका उद्देश्य बस इतना है कि भाषा विरोध के बहाने मराठी वोटों की गोलबंदी कर बीएमसी चुनावों में इनके हाथ कुछ सीटें लग जायें और इनकी सियासी दुकानदारी कम से कम स्थानीय स्तर पर चलती रहे। बीएमसी चुनाव बड़ी पार्टियों के लिए उतना मायने नहीं रखते हैं लेकिन शिवसेना, मनसे जैसे स्थानीय दलों के लिए सियासी ऑक्सीजन से कम नहीं हैं। अगर यहां इनका मेयर बन जाये, कुछ नगर सेवक चुन लिये जायें तो फिर इनकी हफ्तावसूली, कमीशनखोरी और चंदा उगाही आदि चलती रहती है। इससे इनको इतना ऑक्सीजन मिल जाता है कि जैसे-तैसे अपनी प्रासांगिकता को बनाये रख सकें। अस्तित्व बचाने की यह लड़ाई ही महाराष्ट्र में भाषा विवाद के रूप में सामने आ रही है। अन्यथा मनसे और शिवसेना को भी यह बात पता है कि किसी ठेले वाले, खोमचे वाले से बदतमीजी करने या मारपीट करने से न तो हिन्दी कमजोर होगी और न ही मराठी लोकप्रिय बन जायेगी। जो सियासी गुण्डे सड़कों पर मराठी के नाम पर तांडव करते हैं वे भी अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ाते हैं।

> मनसे और शिवसेना को भी यह बात पता है कि किसी ठेले वाले, खोमचे वाले से बदतमीजी करने या मारपीट करने से न तो हिन्दी कमजोर होगी और न ही मराठी लोकप्रिय बन जायेगी। मनसे के जो कार्यकर्ता सड़कों पर मराठी के नाम पर तांडव करते हैं वे भी अपने बच्चों को मराठी के बजाय अंग्रेजी पढ़ाते हैं।

मुंबई में तो हिन्दी इतनी लोकप्रिय है कि राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे की रैली में मराठी के समर्थन में जो नारे लगे, वे भी हिन्दी में ही लगाये गये। इसलिए इनको न तो मराठी से कोई प्रेम है और न ही हिन्दी से कोई विरोध। ये बस सियासी विरोध का वितंडा खड़ा करके चर्चा में आना चाहते हैं और विवाद खड़ा कर बीएमसी चुनावों में लाभ उठाना चाहते हैं। हालांकि इस तरह के उग्र भाषा विरोध से देश को भारी नुकसान होता है। वैसे भी जब देश में मुद्दों की कोई कमी नहीं है तब भाषा विरोध को मुद्दा बनाना सियासी रूप से नासमझी ही होगी।




देश में गरीबी, भुखमरी, रोजगार और बुनियादी सुविधाएं तथा चहुंमुखी विकास जैसे मुद्दों पर राजनीति करने के बजाय धर्म, जाति, संप्रदाय और भाषा के आधार पर सत्ता पाने के आसान प्रयासों को देश के मतदाताओं ने कई बार नकार दिया है। चूंकि देश हित और विकास से जुड़े मुद्दों पर राजनीति करने के लिए समझ और योजना चाहिए। इसके विपरीत भावनात्मक मुद्दे को कुरेद कर समाज को बांटने में ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ता है। इसलिए नेताओं का प्रयास यही रहता है कि सत्ता की खातिर ऐसे मुद्दों को भुनाया जाये। महाराष्ट्र में हिंदी को मुद्दा बना कर ऐसे ही प्रयास किए जा रहे हैं।

**विमर्श**

महाराष्ट्र में भाजपा से पिटने के बाद शिव सेना के गुटों ने एक बार फिर हिंदी विरोध को हथियार बना लिया है। ठाकरे बंधुओं यानी उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे का लगभग 20 साल बाद तथाकथित ऐतिहासिक पुनर्मिलन हुआ। उद्धव और राज ठाकरे, जो 2005 में विधानसभा उपचुनाव के बाद से एक साथ मंच पर नहीं दिखे, उन्होंने मराठी भाषा और अस्मिता के लिए एकजुट होकर भाजपा नीत महायुति सरकार पर जमकर निशाना साधा। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम एक साथ आए हैं और अब एक साथ रहेंगे। राज ठाकरे ने सरकार पर मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की कोशिश का भी आरोप लगाया और मराठी अस्मिता को कमजोर करने की साजिश का भी जिक्र किया। इस मंच से एक तरह से भाषायी हिंसा का समर्थन भी किया गया। कहा गया कि कोई मराठी का विरोध करे तो कान के नीचे बजा दो। यानी थप्पड़ वाली राजनीति महाराष्ट्र में एक बार फिर से जोर पकड़ रही है। हिन्दी विरोध के नाम पर प्रायः मनसे और शिवसेना यूबीटी के कार्यकर्ता हिन्दी बोलने वाले दुकानदारों से, ठेला-खोमचा लगाने वालों से बदतमीजी करते हैं। कई मार-पीट भी करते हैं। अब तो बात यहां तक पहुंच गयी है कि लोकल ट्रेनों में भी सीट को लेकर होने वाला झगड़ा भाषा विवाद का रूप ले लेता है। लेकिन यह जो विवाद चल रहा है यह आम मराठी बोलने वाले और हिन्दी बोलने वाले के बीच नहीं है। यह विवाद पूरी तरह मनसे और शिव सेना यूबीटी कार्यकर्ताओं द्वारा आगे बढ़ाया जा रहा है। वैसे भाषा विवाद की यह सियासत नयी नहीं है। यह समय-समय पर राजनीतिक जरूरत के हिसाब से सड़क पर उतरती रही है। मराठी बनाम हिंदी की हालिया जंग, ठाकरे बंधुओं की गठजोड़ की देन है और यह विवाद शुरू करने का मौका हाल ही में महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले से मिला जिसमें हिन्दी भाषा को स्कूलों में बढ़ाने की बात कही गयी थी। बाला साहब ठाकरे की शुरूआती राजनीति भी मराठी मानुष बनाम बाहरी के बीच घूमती थी। उन्होंने मराठी बनाम गैर मराठी के मुद्दे से ही अपनी राजनीति शुरू की थी। बाला साहेब ठाकरे का मुख्य एजेंडा हिंदुत्व था, लेकिन वह महाराष्ट्र पर पहला हक मराठी मानुष का ही मानते थे। बाला साहेब ठाकरे के भतीजे राज ठाकरे ने भी शिवसेना छोड़ने के बाद मनसे का गठन किया तो सियासी रसूख हासिल करने के लिए भाषा विवाद को ही हथियार बनाया। इस पार्टी का एजेंडा भी दूसरे प्रदेशों से आने वाले लोगों का विरोध करना। राज ठाकरे की पार्टी मनसे शुरू से ही उत्तर प्रदेश और बिहार से आने वाले मजदूरों के खिलाफ रही है। वह दूसरे प्रदेशों से आने वाले लोगों को मराठियों के लिए खतरा बताती रही है। विधानसभा और लोकसभा में गिरता जनाधार पिछले कुछ चुनावों के नतीजे बताते हैं कि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की पार्टियों का जनाधार गिरा है। विधानसभा और लोकसभा चुनावों में लगातार गिरती सीटों की संख्या इसकी पुष्टि करती है। चुनाव और भाषा की राजनीति मुंबई में होने वाले बीएमसी चुनाव को दोनों नेताओं की तीसरी बड़ी परीक्षा माना जा रहा है। बीएमसी देश का सबसे धनी नगर निगम है। इसी वजह से मराठी बनाम हिंदी की राजनीति को बीएमसी चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

बीएमसी चुनाव में दो-तीन महीने बचे हैं और शिवसेना यूबीटी व मनसे की कोशिश अधिक से अधिक नगर सेवक की सीटें जीतकर बीएमसी में प्रभाव हासिल करना है। हालांकि भाषा के नाम पर जो विवाद खड़े होंगे उससे देश को भारी नुकसान होगा। देश की अर्थव्यवस्था में प्रतिदिन होने वाले उतार-चढ़ाव का केंद्र मुंबई है। महाराष्ट्र को भाषा जैसे मुद्दों पर राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने से निश्चित तौर पर देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंच सकता है। लेकिन राजनीतिक दलों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्हें हर हाल में आसान रास्तों से सत्ता चाहिए। इसके लिए बेशक देश और समाज को ही क्यों न बांटना पड़े। सत्ता से बाहर होने के बाद शिव सेना के गुटों को मराठी बनाम बाहरी और भाषा विवाद आसान रास्ता लगता है। इसलिए विवाद भड़काने के लिए ये तमाम हथकंडे अपनायेंगे। अब यह सरकार पर निर्भर है कि वह इन्हें कितना छूट देती है। हां अगर जनता ने इनकी सियासत को खारिज किया तो जरूर इनको एक बड़ा सबक मिलेगा।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

भारत माता के वीर सपूत अमर क्रांतिकारी बटुकेश्वर दत्त की पुण्य तिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि, आपका बलिदानी और साहसिक जीवन जंग-ए-आजादी की अमर गाथा है। सीएम योगी.



बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण का तमाशा और त्रासदी बड़े पैमाने पर मताधिकार से वंचित करके लोकतंत्र की नींव को हिला रही है। तेजस्वी यादव.



हिन्दुओं की आस्था को व्यापार बताने का दुस्-साहस करने वाले सपा बहादुर अखिलेश यादव ने सही मायने में मुस्लिम, मस्जिद और मदरसों को अपने वोट का बाजार बना रखा है। केशव प्रसाद मौर्य.



# वर्षा गीतों और हरियाली की अनुभूति का महीना सावन



संस्कृति

सावन का महीना साल के सभी महीनों में खास है। यह जितना भक्ति और आध्यात्मिकता के वातावरण से परिपूर्ण होता है, इसका उतना ही अपना सांस्कृतिक प्रभाव भी है, जैसा किसी दूसरे महीने का नहीं। सावन का महीना वर्षा गीतों का भी महीना है। कजरी, झूला, मेला-कैरवा तथा सावनी ये सब लोकराग और वनहटिया गीत केवल रिमझिम बूंदों की झड़ी वाले सावन के महीने में ही सुनायी पड़ते हैं। इसके अलावा इस माह में शास्त्रीय संगीत की भी एक गहन विरासत है। इसी माह में मेघ और मियां मल्हार राग की गूंज पूरे वातावरण को मोहित कर देती है। सावन की घटाएं अपने आपमें कविता हैं। लाखों कवियों ने इन घटाओं के रिमझिम बारिश की है। लेकिन जब ये कविताएं शास्त्रीय संगीत की तान पर सवार होती हैं, तो सावन का महीना अपने आपमें एक अनुगूंज बन जाता है।

सावन के महीने का जितना धार्मिक महत्व है, उससे कम सांस्कृतिक महत्व नहीं है। प्राचीनकाल से ही भारत में सावन माह का मतलब हरियाली तीज, कजरी तीज, नाग पंचमी जैसे वर्षा ऋतु से जुड़े त्योहारों का वातावरण रहा है। सावन के हर सप्ताह में कोई न कोई ऐसा त्योहार आता है, जिसके साथ तीज शब्द जुड़ा होता है, जो महिलाओं के उत्सव का पर्याय होता है। सावन के महीने को विशेषकर महिलाओं के उल्लास का महीना भी माना जाता है। इसी महीने में सबसे ज्यादा रंग-बिरंगी चूड़ियां खरीदी और पहनी जाती हैं। इसी महीने में पेड़ों पर झूले पड़ते हैं और इसी महीने में बारिश की बूंदों के साथ वषार्गीतों की तान मिलायी जाती है। जब झूले पर झूलती हुई महिलाएं कजरी गीतों का समवेता गान करती हैं तो यह प्रकृति के उल्लास का अनुपम नजारा होता है। इसलिए सावन के महीने को स्त्री उत्सव का अनूठा महीना भी कहा जाता है। वैसे दूसरे महीनों में भी तीज की तिथियां आती हैं, लेकिन दूसरे महीनों में तीज की तिथियां संस्कृति और उल्लास का पर्याय नहीं बनतीं। जैसे हरियाली और कजरी गीत जैसी रंगत किन्हीं भी गीतों में नहीं बनती। जब वर्षा की रिमझिम फुहार गिर रही होती हैं, तब ये गीत अनुपम समा बांधते हैं और सावन के महीने के एक एक दृश्य को कल्पना से भी ज्यादा भावपूर्ण बना देते हैं। झूलों, मेलों और गीतों के इस महीने के प्रभाव से कोई नहीं बच सका। मुगलकाल में जब कट्टर धार्मिक विचारों के कारण मुस्लिम सत्ता, कला और संगीत से खुद को दूर किए थी, तब भी मुगलकाल में झूलों और लोकगीतों के गाने की परंपरा न अवध में कम हुई और न संस्कृति के गढ़ बुंदेलखंड में। मुगलकाल से लेकर अंग्रेजों तक के राज में झूलों की परंपरा बदस्तूर जारी रही है। यहां तक कि दिल्ली में जब मुगलों का शासन था, तो लालकिले में सावन के उल्लास को एक समारोही रूप देने के लिए सावन-बाधौं महल बनवाया गया था, जहां मुगलों की रानियां-पटरानियां भी सावन की घटाओं के बीच झूला झूलते हुए कजरी और सावनी गीत गाती थीं, जो कि मुगल सत्ता की संस्कृति के खिलाफ था। फिर भी सावन के महीने का प्रभाव इतना ज्यादा होता था कि इस पर कभी विराम नहीं लगाया गया।

झूला और सावन का जैसा चोली दामन का रिश्ता है, झूले का वैसा रिश्ता साल के किसी दूसरे महीने के साथ नहीं है। दरअसल यह प्रकृति के उल्लास का महीना है। सावन के महीने में हर तरफ धरती वर्षा से सराबोर हो जाती है। खेत, वन और सारी सूखी जमीन पानी से लबालब हो जाती है। किसान खरीफ की फसल रोंप चुके होते हैं। घर और प्रकृति में हर तरफ सिर्फ हरे रंग की प्रधानता होती है। जहां तक देखो सिर्फ हरा रंग ही दिखता है। ऐसे वातावरण में जब हर तरफ हरा ही हरा हो, तो लोग सावन को हरियाला मास या हरीतिमा मास भी कह बैठते हैं। दरअसल यह सावन के महीने में प्रकृति के विलक्षण उल्लास का ही प्रतीक है कि जितने धार्मिक उत्सव सावन में होते हैं, किसी और महीने में नहीं होते। यह महीना इंद्रियों को जगा देने वाले वातावरण का मालिक होता है। जब धरती में रिमझिम बारिश की फुहारे गिरती हैं तो धरती से उठती गीली सौंधी सौंधी खुशबू उसकी संतुष्टि की खुशबू से भरी होती है। इस महीने में चारों तरफ मानो हरी चादर तान दी गई होती है। जहां तक नजर जाती है, सिर्फ हरा रंग ही दिखता है, जो आंखों को बहुत भाता है और दिल को उल्लास से भर देता है। इस महीने में जितना संगीत इंसान में वातावरण के उल्लास से फूटता है, उससे कहीं ज्यादा संगीत प्रकृति से स्वयं भी फूटता है। **धीरज बसाक.**

# भावनात्मक साधना

स्वाध्याय, सत्संग, चिंतन, मनन यह चार कार्य भावनात्मक साधना के अन्तर्गत आते हैं। इनसे विचारों की, दृष्टिकोण की, भावना की शुद्धि होती है। क्रियात्मक साधना से संस्कारों का संशोधन एवं पोषण होता है। जो अशुभ संस्कार मनोभूमि में गहराई से जमे हैं, उन्हें उखाड़ने का कार्य क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। शुभ संस्कारों का बीजरोपण तथा उनका परिपोषण भी क्रियात्मक साधना द्वारा ही संभव होता है। भावनात्मक साधना के संबंध में कुछ प्रकाश पिछले पृष्ठों में डाला जा चुका है। क्रियात्मक साधना के अनेक उपक्रम हैं जिनका उपयोग साधक की निष्ठा, अभिरुचि एवं परिस्थितियों के अनुरूप किया जाता है। गायत्री महामंत्र के जप का क्रियात्मक साधना में सर्वप्रथम स्थान है। इसे अनिवार्य धर्म कर्तव्य माना गया है। धर्मशास्त्रों में ऐसी व्यवस्था मिलती है कि भोजन से पूर्व कम से कम एक बार गायत्री का जप प्रत्येक धर्म प्रेमी को करना चाहिए। जो इसकी उपेक्षा करे उन्हें शूद्र कहकर तिरस्कृत किया गया है। प्राचीन काल में संभवतः नित्य गायत्री जप की उपेक्षा करने वाले लोग शूद्र कहकर तिरस्कृत किये गये होंगे और पीछे उनकी स्वतंत्र जाति ही बन गयी होगी। मस्तिष्क और हृदय दोनों ही क्षेत्रों पर गायत्री जप का गंभीर प्रभाव पड़ता है। स्मरण शक्ति, बुद्धिमत्ता, दूरदर्शिता, सूझ-बूझ परिमार्जित कल्पना, अनुत्तेजना एवं संतुलित मनःस्थिति यह मस्तिष्क के गुण हैं। गायत्री उपासना से इन सभी गुणों का साधक के प्रयत्न अनुरूप विकास होता है। निष्ठा श्रद्धा, दृढ़ता, साहस, धैर्य, उत्साह, उदारता, श्रेष्ठता, आदर्शवादिता एवं संकल्प शक्ति हृदयगत गुण हैं। गायत्री जप से इनका भी अभिवर्धन होता है। गायत्री बुद्धि एवं भावना की देवी हैं। जहां उसकी प्रष्ठिा होगी वहां सद्ज्ञान एवं सद्भाव का विकास स्वयंमेव होता चलेगा। अंतःभूमि का स्वस्थ विकास इन्हीं दो तत्वों पर निर्भर है। गायत्री उपासना निसंदेह मनुष्य की अपूर्णताओं की खाई पाटती हुई उसे पूर्णता के परम लक्ष्य तक पहुंचा देने में समर्थ होती है। जिन्हें अपने हृदय एवं मस्तिष्क के विकास में अभिरुचि हो उन्हें गायत्री उपासना एक रामबाण अमोघ औषधि के रूप में अपनानी चाहिए। आत्मिक उन्नति की दिशा में जिनका उत्साह अधिक है, जो गुप्त आध्यात्मिक शक्तियों को विकसित करके अपने आपको सामान्य स्थिति से ऊंचा उठाकर असामान्य स्थिति में ले जाना चाहते हैं उनके लिए गायत्री के अनुष्ठान, पुनश्चरण एवं तपश्चर्यात्मक अनेक विधान हैं।

अंतर्दृष्टि

# सत्ता हथियाओ, माल बनाओ

व्यंग्यलोक

अगले चुनाव में जीतने की आज के जमाने में कतई उम्मीद न करें और उसी हिसाब से जितना भी हड़प अथवा हजम कर सकें कर लें, वर्ना आगामी चुनाव के समय आर्थिक परेशानी आ सकती है। हारने पर रोटी के भी लाले पड़ सकते हैं। इसलिए एक बार सरकार में रहकर पाँच पीढ़ियों के ऐशो आराम की व्यवस्था को ध्यान में रखिए। कई बार अंतुले कौतुक-करतब राजनीति में लम्बे समय तक जिन्दा रखते हैं। कोई भी बड़े नेता के नाम पर कोई बड़ा धंधे का धंधा, गबन-घोटाला करके, सत्ता से अलग हो जाओ, तब भी सत्ता में रहने के जैसे ही ऐशो आराम भोग सकते हो। ऐसा करने से राजनीति से अलग और सत्ताहीन होने का दुःख नहीं व्यापता है थोड़ी सावधानी यही रहे कि जरा केन्द्र को भी विश्वास में ले लें, वरना वह आपको चैन की बंशी नहीं बजाने देगा और कोई जाँच आयोग-वायोग का नाटक रचकर फिजूल परेशान किया जाएगा। राज्य में कोई न कोई ऐसा कार्यक्रम प्रारम्भ करवा दें जिसमें गरीबी की पीड़ा निहित हो तो इससे भी समय आसानी से कट जाता है। जैसे दस्यु उन्मूलन अभियान, पिछड़े को पहले, बेघर को घर, जंगल में मंगल, अन्त्योदय तथा सबको रोटी, ये ऐसे नारे और आश्वासन हैं कि जनता का सहज आपके प्रति विश्वास जग आएगा तथा उसकी लार टपकने लगेगी। करना आपको कुछ नहीं है बस सचिवालय से आदेश निकालकर विभागों के निदेशालयों के मार्फत, जिला मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक उनके निर्देश भेज देने हैं। सरपंच, जिला प्रमुख और जिलाधीश आपकी सरकार की दुकान साधे रहेंगे। कई बार स्थिति उस समय बड़ी विषम हो उठती है जब आपके मंत्रिमण्डल में कोई अन्य साथी आपकी बराबर की टक्कर का हो। उससे सचेत तो रहें ही, इसके साथ ही साथ आप केन्द्र से बातचीत करके, उपमुख्यमंत्री का पद सृजित करवाकर उसे वहाँ 'एडजस्ट कर दें। इससे उसका 'ईगो काफी हद तक मर जाएगा और वह खुलकर विरोध करने में संकोच करेगा। लम्बे समय तक सत्ताजीवी रहने के लिए यह भी जरूरी है कि आप जन सम्पर्क अथवा जन आयोजनों में ज्यादा भाग न लेवें। इससे आपके मुँह से अंट-संट निकलने तथा भूल-चूक होने का पूरा खतरा रहता है। इसलिए इस तरह की बातों से बचें और यदि नौबत जाने की आ ही गई है तो मित्तभाषी बनकर महान और बृद्धिजीवी होने का भ्रम उत्पन्न करें। राज्य में कई बार मजदूरों अथवा कर्मचारियों के आन्दोलन भड़क उठते हैं। ये अवसर भी अत्यन्त घातक होते हैं। आप प्रयास कीजिए उन्हें तत्काल राहत की पंजीरी देने की। यदि फिर भी वे लोग काबू में नहीं आ रहे हैं तो एक समिति बना दें तथा उसमें वह व्यक्ति जरूर शामिल कर देवें, जो आपका प्रतिद्वंदी हो, इससे जिन्दाबाद, मुर्दाबाद का जयघोष उसके ही नाम बुलेगा।



राम विलास जॉगिड़

## आप की बात

### आर्थिक विषमता को घटायें

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इसलिए सरकारों को वेतन आयोग की रिपोर्टों को कूड़े के ढेर में फेंककर अधिक से अधिक लोगों को नियोजित करने का प्रयास करना चाहिए। इससे विषमता घटेगी। दरअसल विकास का लाभ समाज को तभी मिलता है, जब उसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। जब विकास कुछ ही हाथों में केन्द्रित होगा तो वह राष्ट्र लिए के लिए फलदायी नहीं हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि विकास की रफ्तार भी तेज हो और इसके दायरे में अधिक से अधिक लोग आयें। तभी राष्ट्र का कल्याण होगा।

**मनोज कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग

उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग छात्रों के लिए बहुत ही मददगार होती है। सरकार को शिक्षा में सुधार के लिए सभी शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग सुनिश्चित करनी चाहिए। निर्फ रैंकिंग उन छात्रों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है जो कक्षा 12 पास कर उच्च शिक्षा में दाखिले का प्रयास कर रहे हैं। निर्फ रैंकिंग उच्च शिक्षा की दहलीज पर खड़े छात्रों के लिए एक गाइड की तरह है, जो उनको भविष्य की राह चुनने में बहुत मददगार साबित हो रही है। लेकिन जब देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश को उच्च शिक्षा की दृष्टि से निर्फ रैंकिंग में खोजते हैं, तो सिर्फ और सिर्फ निराशा ही हाथ लगती है। हालांकि ऐसा नहीं है कि उत्तर प्रदेश राज्य में स्थिति संस्थानों की संख्या निर्फ रैंकिंग में बहुत कम है। अगर संपूर्ण निर्फ रैंकिंग को देखा जाये तो ओवरऑल रैंकिंग में प्रदेश के आठ संस्थान मौजूद हैं। इसी तरह इंजीनियरिंग, विधि, चिकित्सा और प्रबंध जैसे कैटेगरी में भी प्रदेश के संस्थान मौजूद हैं, लेकिन जो सबसे निराशाजनक बात है वह यह कि निर्फ ओवरऑल रैंकिंग में उत्तर प्रदेश सरकार का एक भी राज्य विश्वविद्यालय मौजूद नहीं है।

**आशीष श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## बड़ी संख्या में महिलाओं ने थामा सपा का दामन

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन के महिला महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने समाजवादी पार्टी की नीतियों को अपनाकर पार्टी में शामिल हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने सभी को पार्टी का झंडा देकर पार्टी में शामिल किया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा भारतीय जनता पार्टी के जुल्म, अत्याचार से सभी वर्ग के लोग परेशान हैं आज किसान नौजवान महिलाएं सभी ने भाजपा को हटाकर 2027 में सपा की सरकार बनाने का संकल्प ले लिया है महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा पार्टी में शामिल होने वाली सभी महिलाओं को शुभकामना देते हुए कहा उनके आने से पार्टी मजबूत होगी और 2027 के चुनाव में पार्टी को इसका लाभ मिलेगा महानगर अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल ने पार्टी में शामिल होने वाली महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा मेरी कमेटी के पदाधिकारीयू के सहयोग से आज पार्टी में सैकड़ो महिलाएं शामिल हुई।

# डबल इंजन की सरकार में हर दीन-दुखी को मिला पेंशन का अधिकार

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** डबल इंजन की सरकार में सामाजिक राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ बड़ी संख्या मे लाभर्थियों को मिल रहा है। इस योजना के तहत विशेषकर वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

अयोध्या मंडल में इस योजना के बेहद सकारात्मक परिणाम सामने आये

- **अयोध्या मंडल में छह लाख से अधिक लाभार्थी**
- **मंडल में अम्बेडकरनगर टॉप पर, बाराबंकी है दूसरे स्थान पर**

हैं।6 लाख से अधिक पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। अयोध्या मंडल में अम्बेडकरनगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर, अयोध्या और अमेठी जिले शामिल हैं।समाज कल्याण विभाग के आंकड़ों के अनुसार अयोध्या मंडल में अम्बेडकरनगर जिला इस योजना के तहत सबसे अधिक लाभार्थियों वाला जिला है। यहां बड़ी संख्या में वृद्ध नियमित रूप से पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। अम्बेडकरनगर के बाद बाराबंकी जिला इस मामले में दूसरे स्थान पर है।

योगी सरकार ने इस योजना को पारदर्शी और सुलभ बनाने के लिए ऑनलाइन पोर्टल की सुविधा शुरू की है।

इसके माध्यम से पात्र व्यक्ति आसानी से आवेदन कर सकते हैं। समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी उन लोगों तक भी पहुंच रहे हैं, जो ऑनलाइन आवेदन करने में असमर्थ हैं। विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस पहल ने न केवल आर्थिक सहायता प्रदान की है, बल्कि समाज के दीन-दुखी वर्गों में आत्मविश्वास भी जगाया है।

राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों को मासिक पेंशन प्रदान की जा रही है।इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन स्तर को बेहतर करना है। उप निदेशक समाज कल्याण अयोध्या मण्डल राकेश रमन ने बताया कि पेंशन योजना के तहत सभी बुजुर्ग जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं।उन्हें साल में चार किश्त के हिसाब से 12 हजार रुपए प्रतिवर्ष पेंशन के दिए जा रहे हैं। वृद्धावस्था पेंशन योजना से जोड़ने के लिए विकासखण्ड, निकाय, वार्डवार, मोहल्लावार और बैंकों से अभिलेख प्राप्त कर तथा आधार प्रमाणीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है।

**किस जिले में कितने लाभार्थी व कितना व्यय**

**जिला-लाभार्थी- व्यय**

- **अंबेडकरनगर**-134960-19195.20
- **अमेठी**-89310-10717.20
- **अयोध्या**-106319-12765.51
- **बाराबकी**-119522-14342.64
- **सुल्तानपुर**-120449-14453.88

**नोट-राशि लाख में है।**

# सरकार कर्मचारियों की लंबित मांगों शीघ्र करें पूरा: आर.के. वर्मा



जिला संवाददाता

अयोध्या। रविवार को प्रेस क्लब सिविल लाइन्स अयोध्य में आयोजित अयोध्या की मंडलीय समीक्षा बैठक कर्मचारियों की एकता को एक जुट करते हुए सरकार से पूर्व की लंबित मांगों को पूर्ण कराने की हुंकार के साथ सम्पन्न हुई।

बैठक सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रा. क. स. परिषद आर के वर्मा, निगम महासचिव आर. के. निगम, एवं प्रदेश महा सचिव व एस-4, के सजजन लोग अध्यक्ष डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसो. उ०५० एवं प्रदेश महामंत्री उ०प्र०राक्रम राजेश सिंह एवं कर्मचारी महासंघ के आर के वर्मा (३-१०) की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में जनपद अयोध्या, अमेठी, अम्बेडकरनगर, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानघ्पुर जनपदों के सभी पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आर के वर्मा ने कहा शिक्षक कर्मचारियों की पुरानी पेंशन सरकार शीघ्र बहाल करे। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आर के निगम ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों का मर्जर सरकार का बहुत ही निराशाजनक कदम है। इससे बच्चों की शिक्षा पर बहुत बड़ा असर पड़ेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए जे० के सचान ने कहा कि आउट सोर्सिग सरकार शीद्र बन्द करे एवं राजेश सिंह ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की तमाम लंबित मांगे पूरी करे।

## जलशक्ति मंत्री ने बाढ़ सम्भावित क्षेत्रो का किया दौरा, अधिकारियों को दिए निर्देश



**बाराबंकी।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सरयू नदी (घाघरा) के दाएं तटबंध स्थित ग्राम कोठरी गौरया की बाढ़ सुरक्षा हेतु चलित परियोजना एवं अन्य परियोजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जलशक्ति मंत्री ने नाव में बैठकर सरयू नदी के तटबंध को कटान से रोकने के लिये चल रही परियोजनाओं को गहनता से देखा और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जल शक्तिमंत्री ने अलीनगर-रानीमऊ तटबंध के ग्राम कोठरी गौरया, ब्लॉक पूरे डलई तहसील सिरौलीगौसपुर में बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों की परियोजना का मुख्य अभियंता शारदा सहायक, अधीक्षण अभियंता मंडल अयोध्या, अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खंड के साथ निरीक्षण किया।तथा ग्राम सूबेदार पुरवा कोठरी आदि ग्राम में हो रही कटान को रोकने के लिए फ्लड फाइटिंग कार्य करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन पर जल-मिष्ठान बांट यात्रियों की सेवा में जुटे धर्मसेवक: अमित

**बाराबंकी।** रेलवे स्टेशन के आसपास के लोग भी धर्मसेवकों द्वारा रेलवे स्टेशन पर जल मिष्ठान बांटने का इंतजार करते हैं। उक्त विचार धर्मजागरण बाराबंकी धाम उ0प्र0 संयोजक अमित अवस्थी के नेतृत्व मे फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियो मे मिष्ठान-जल वितरण कर रहे धर्मसेवको के बीच वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र कुमार सिंह ने व्यक्त किए।इस मौके पर अर्जुन वर्मा, सालिकराम वर्मा, प्रद्युम्न कुमार रावत, प्रतियोग रावत, नीरज रावत, विष्णु कुमार मौर्य, जयशंकर लाल जोशी, मंसाराम जोशी, बैजनाथ वर्मा, रामअधार मौजूद रहे।

# स्टेट हाईवे पर लगा दिया भारी वाहनों के प्रवेश वर्जित का बोर्ड

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के मीठे गांव स्थित एनएचएआई टोल प्लाजा कर्मियों के प्रभाव में आकर इनायत नगर पुलिस ने स्टेट हाईवे से होकर गुजरने वाले बड़े वाहनों को रोके जाने व्यवस्था को पुनः लागू कर दिया है। यही नहीं इनायत नगर पुलिस ने स्टेट हाईवे पर वाहनों का यातायात रोक जाने हेतु होम गाड्र्स की तैनाती भी कर दी है। वहीं दूसरी ओर से टोल कर्मियों द्वारा एनएचएआई के आदेश का हवाला देते हुए स्टेट हाईवे पर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित होने संबंधी बोर्ड भी गाड़ दिया है। और तो और टोल कर्मियों की ओर से कुचेरा स्थित शाहगंज मोड़ के स्टेट हाईवे पर दोनों तरफ लोहे के बड़े-बड़े पिलर गाड़कर वाहनों का प्रवेश रोके जाने की पूरी तैयारी कर ली गई है, जिसके चलते अब क्षेत्रवासी ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर मीठे गांव के पास टोल स्थापित किया गया है, जहां से होकर वहां अयोध्या की ओर प्रवेश करते हैं। टोल केंद्र से 2 किलोमीटर पहले स्थित कुचेरा बाजार से एक राजकीय राजमार्ग पिपरी जलालपुर होते हुए अंबेडकर नगर को जोड़ता है। विगत 1 वर्ष पूर्व इसी स्टेट हाईवे के मोड़ पर इनायत नगर पुलिस ने टोल कर्मियों के प्रभाव में आकर दो होमगार्ड तैनात कर दिए थे जो अवैध वसूली करते हुए वाहनों को रोके और छोड़े जाने का सिलसिला जारी कर रखे थे। क्षेत्रीय ग्रामीणों एवं वाहन स्वामियों के भारी विरोध के बाद पुलिस की जमकर किरकिरी हुई थी और तत्कालीन क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह ने अवैध पुलिस बैरियर हटवा दिया था।

# सदन ने नयी कार्यकारिणी के चुनाव पर लगायी मुहर

**अयोध्या।** गांधी सभागार में आयोजित नगर निगम बोर्ड की नवीं बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन का फैसला लिया गया। इसके पूर्व स्वच्छता सर्वेक्षण में 28वीं रैंक आने पर सदन ने ध्वनिमत से प्रसन्नता जताई और अगले वर्ष देश के नगर निकायों में टॉप टेन में आने का संकल्प जताया।




महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित नगर निगम बोर्ड की बैठक में नगर आयुक्त जयंत कुमार, अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत कुमार का परिचय कराया गया। इस मौके पर विधायक वेद प्रकाश गुप्त, सांसद प्रतिनिधि जाफर मीसम मौजूद रहे। इसके बाद महापौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में 28 वां स्थान आने पर नगर की जनता, पार्षद गण और कर्मचारियों की सराहना की। उनके प्रस्ताव पर सदन ने ध्वनि मत से अगले वर्ष देश के टॉप 10 नगर निकायों में शामिल होने के लिए और सजगता से कार्य करने का संकल्प जताया गया। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उम्मीद के अनुरूप स्वच्छता के मामले में अयोध्या को नंबर वन बनाने के लिए हम सबको तकनीकी खामियां दूर कर तेजी से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने सामुदायिक व निजी शौचालयों में सुधार की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि पिरखौली का प्लांट चालू होने पर हम स्वच्छता के मामले में टॉप टेन में आ जाएंगे।चर्चा की शुरूआत में विपक्षी पार्षद दल के नेता विशाल पाल ने कार्यवृत्ति की उपलब्धता का मसला उठाया। इसके बाद विनय जायसवाल ने एक अप्रैल से 25 जुलाई तक के आय-व्यय का विवरण मांगा। चर्चा आगे बढ़ी तो पूर्व उपसभापति जय नारायण सिंह ह्वरिंकूह्व ने कार्यकारिणी के चुनाव का मुद्दा उठाया। इस पर विशाल पाल एवं रामभवन यादव ने आपत्ति जताई, जिस पर भाजपा पार्षद बृजेंद्र सिंह, अनूप दास, चंदन सिंह आदि ने चर्चा में भाग लेते हुए विरोध जताया। रिंकू सिंह ने कहा कि जो कार्यकारिणी कालातीत हो चुकी है, वह सदन को संचालित नहीं कर सकती। अनुज दास ने कहा कि जब कार्यकारिणी ही अल्पमत में है तो सदन के संचालन का कोई औचित्य नहीं है। बृजेंद्र सिंह ने सबसे पहले कार्यकारिणी के चुनाव पर निर्णय लिए जाने पर जोर दिया।

महापौर ने कहा कि नई कार्यकारिणी के गठन के बाद सदन का संचालन सुचारु रूप से किया जाएगा। उन्होंने 15 से 20 दिन में विधिक राय लेकर नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके साथ ही बैठक स्थगित करने की घोषणा की। बैठक का संचालन सीटीओ गजेंद्र सिंह ने किया। सदन की बैठक में उपसभापति राजेश गौड़, संतोष सिंह, अखिलेश पांडेय, गरिमा मौर्य, आभा पांडेय, रंजन यादव, सुल्तान अंसारी, मिथिलेश मिश्र, सुमन यादव, अर्चना श्रीवास्तव आदि पार्षदों ने हिस्सा लिया।

## जल शक्ति मंत्री ने लोधेश्वर, कुंतेश्वर और पारिजात धाम में किया पूजन-अर्चन



**बाराबंकी।** तहसील रामनगर अंतर्गत लोधेश्वर महादेवा मंदिर में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रुद्राभिषेक कर जनकल्याण की प्रार्थना की।इसके उपरान्त जलशक्ति मंत्री सिरौलीगौसपुर के प्रसिद्ध कुंतेश्वर धाम एंव पारिजात धाम पहुँचे। जहाँ पारिजात वृक्ष के नीचे बैठकर उन्होंने विधिपूर्वक पूजन किया।इस अवसर पर राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, एमएलसी अंगद सिंह, एसडीएम विवेकशील यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, कोतवाल रामनगर अनिल पांडे, एसडीएम सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मानव कल्याण एसोसिएशन की मासिक बैठक सम्पन्न, सदस्यता परिचय पत्र का वितरण



**बाराबंकी।** मानव कल्याण एसोसिएशन की मासिक बैठक जिला कार्यालय बेगमगंज मे सम्पन्न हुई। बैठक मे राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा नवागत पदाधिकारियो को सदस्यता परिचय पत्र वितरण किया गया। तथा सामाजिक एवं धार्मिक स्थान पर जैसे वृद्धा आश्रम, सरकारी अस्पताल, मंदिरों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, घूम कर निरीक्षण कर जहां भी मानवाधिकार हनन एवं मानव कल्याण संबंधी जरूरतें होंगी संगठन वहां पर तत्परता से काम करेगा। इस अवसर पर हरिनाम वर्मा, सरदार सुरजीत सिंह, वेद प्रकाश पांडे, चंद्रशेखर कांडपाल, राजीव श्रीवास्तव, हेमंत श्रीवास्तव, राम मनोहर, जुबेर अहमद खान, शोभित शाह, रामपाल, नीरज वर्मा, मोहम्मद सलीम, अरीब अहमद, आकाश कनौजिया मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब की बैठक संपन्न समाज सेवा में बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी करने का लिया गया संकल्प

**बहराइच।** रोटरी क्लब बहराइच की पहली वेलकम मीटिंग और पार्टी लेजर रिसॉर्ट मे सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर कई वरिष्ठ रोटेरियन श्री,गौरीशंकर भानीरामका,केदार नाथ मातनहेलिया,कुलभूशन अरोरा,विनोद टेकडीवाल, रवी कोठारी, डॉ अनिल केडिया, डॉक्टर एस के वर्मा, अनिल सिंघल, प्रदीप केडिया, सुशील ड्रोलिया, अनिल गोयल, अमित अग्रवाल, राकेश दोचानीया, सुधीर लोहिया, डॉ अरविंद शुक्ला, प्रदीप रायतानी आदि सदस्य उपस्थित थे जिन्होंने सभी सदस्यों का उत्साहवर्धन किया।



राष्ट्रीयगान के साथ सभा की कार्यवाही शुरू की गई लगभग 70% सदस्य उपस्थित थे और 20% रोटेरियन साथियों ने क्लब की फीस डैशबोर्ड पर ही जमा कर समर्पण भावना का परिचय दिया।अध्यक्ष कैलाश जालान ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया और कहा कि इन्टरनेशनल रोटरी क्लब का इस सत्र का स्लोगन ₹यूनाइट फॉर गुड₹ है। जिसका अर्थ है कि एकजुट होकर सामाजिक कार्य करने से ही हमें सफलता प्राप्त होगी। सचिव रामेश्वर रस्तोगी ने कई एजेंडो पर चर्चा की और रोटरी सेंटर हिमरिया बहराइच की भूरि-भूरि प्रसन्सा की। सभी सदस्यों ने इसे विकसित करने का वादा किया।

इस अवसर पर अनेक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई और सभी ने एक साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया। रोटरी क्लब बहराइच समाज सेवा के कार्यों में हमेशा तत्पर रहा है।

# परिवहन मंत्री ने शहीद के नाम की बस स्टाप की स्थापना

जिला संवाददाता

**सोहावल-अयोध्या।** लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर रविवार को बसहा चैराहे पर रोडवेज के एक बस स्टाप की स्थापना हो गई। अब यहां बसों का ठहराव होने के साथ इनका यहां से आवागमन भी होगा। 1965 के युद्ध में शहीद हुए हवलदार देवी प्रकाश सिंह निवासी रहीमपुर बदौली की स्मृति में समर्पित इस बस स्टाप का शुभारंभ प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक बीकापुर डाक्टर अमित सिंह चैहान के साथ जिला पंचायत के अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे काम करने वाले दर्जनों लोगों को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देते हुए सम्मानित किया।

आगंतुकों द्वारा करीब दर्जन भर पौधों को रोपित किया गया जिसकी तैयारी वन विभाग ने कर रखी थी। चैराहा पर स्थित शहीद की शिलापट के पास स्थापित इस बस स्टाप का शुभारंभ करते हुए तय समय से 6 घंटे लेट पहुंचे मंत्री श्री सिंह ने शहीद के पुत्र और आयोजक संपादक धर्मपाल सिंह की सराहना करते हुए अपने संबोधन में कहा प्रदेश की सरकार जन सुविधाओं को लेकर हमेशा चिंतित रहती है। इस बस स्टाप के बन जाने से क्षेत्र के लोगों का आवागमन तो आसान होगा ही इस क्षेत्र के विकास में भी तेजी आएगी। हवलदार शहीद को समर्पित यह बस स्टाप हमारी और सरकार की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि है। इससे पहले विधायक श्री चैहान ने शहीद की 85 वर्षीय पत्नी फूल पति देवी को राष्ट्रीय ध्वज देते हुए सम्मानित किया। कहा कि यह बस स्टाप क्षेत्र के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। इनके नाम पर एक भव्य द्वार भी स्थापित किया जाएगा। संबोधन करने वालों में रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, जिला पंचायत के आलोक सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, चंद्रभान सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। मौजूद लोगों में नानमून सिंह, कप्तान तिवारी, राजा सिंह चैहान, रवि सिंह, एस पी श्रीवास्तव, अमित यादव, राम शंकर दुबे, खाकी वर्दी वाले गुरु जी, विमलेश सिंह, प्रदीप यादव आदि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण वन एवं परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## बार सभागार में भारतीय संविधान, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद पर संगोष्ठी सम्पन्न



**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन सभागार में भारतीय संविधान, धर्मनिरपेक्षता एवं समाजवाद पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी मे मुख्य अतिथि समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कन्हैया पाल ने कहा कि आज देश प्रदेश जिस दौर से गुजर रहा है। सभी के सामने है। भारतीय जनता पार्टी ने पूंजीपतियों को बढ़ाने का काम किया है। इस बार समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को वोट सपोर्ट कर अखिलेश यादव को पुनः 2027 में मुख्यमंत्री बनाना होगा। जिससे पीडीए के लोंगो का भी विकास हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर बार अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि जनपद में पीडीए को हमने मजबूत कर रखा है। तथा 2027 में पुनः अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर प्रदेश व देश मे अमन चैन का माहौल बनाना है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय महासचिव संदीप यादव, विष्णु देव यादव, उमेश प्रताप यादव, राजेश पाल, विपिन पाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन अनूप कल्याणी ने किया। इस अवसर पर संजय यादव, सूरज यादव गामा, रोहित यादव, हुमायू नईम खान, विजय गौतम, सुशील पटेल मौजूद रहे।

# हर व्यक्ति एक पौधा लगाने की ले जिम्मेदारी: लल्लू सिंह

जिला संवाददाता

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** अयोध्या न्यास की ओर से मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पाराखानी गांव में ह्नहरित अयोध्याह्न थीम के तहत एक वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और क्षेत्र को हरा-भरा करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद लल्लू सिंह और विशिष्ट अतिथि मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान रहे। इस अवसर पर पाराखानी गांव में पाकड़, बरगद, पीपल, आम, आंवला और हरिशंकरी जैसे पौधों का रोपण किया गया। पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए, ताकि उनकी देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में ग्रामीणों और कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह आयोजन और भी सार्थक बन गया।पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ह्वयदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाने की जिम्मेदारी ले, तो हमारा देश हरा-भरा हो सकता है। पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं, बल्कि हमारी भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भविष्य भी सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने सभी से पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की।कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी के नेतृत्व में किया गया, जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्याम नारायण पाठक, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, जिला पंचायत सदस्य बबलू पासी, वरिष्ठ भाजपा नेता जनार्दन मौर्य सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। यह पौधारोपण अभियान न केवल पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देने में सफल रहा, बल्कि सामुदायिक सहभागिता और एकजुटता का भी शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को जारी रखने का संकल्प लिया, ताकि अयोध्या को और अधिक हरित और समृद्ध बनाया जा सके।

# शहीद तात्या टोपे हमारे देश की धरोहर है, पुरानी जेल पर्यटन स्थल बने : कैप्टन चन्द्र प्रकाश शर्मा

**बहराइच ।** शिवपुरी - अखंड ब्राह्मण सेवा समिति भारतवर्ष ने प्रशासन से मांग की है कि सर्किल जेल(पुरानी जेल) शिवपुरी को तात्या टोपे जेल पर्यटन के रूप में संरक्षित किया जाए । जिला अध्यक्ष कैप्टन चन्द्र प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में समिति के पदाधिकारी गणों ने सर्किल जेल शिवपुरी को देखकर अफसोस व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कैप्टन चंद्र प्रकाश शर्मा ने कहा कि जो केवल अपने स्वार्थ की ही सोचता है, स्वार्थ को पूरा करने में तत्पर रहता है, स्वार्थ के लिए दूसरों को हानि पहुंचाता है, उसका नाम 'असुर' है। जो परोपकार, सहयोग, परसेवा , राष्ट्र सेवा करता है और प्रत्येक कार्य को बुद्धिमत्ता और चिन्तन पूर्वक करता है, उसका नाम 'देव' है। देव स्वभाव से समाज चलता है तथा उसमें सुख-शान्ति रहती है। जबकि असुर स्वभाव से समाज में आपा-धापी मचती है और अराजकता फैलती है। देवत्व से ही परिवार, समाज तथा राष्ट्र की उन्नति होती है। प्रत्येक मनुष्य को देवत्व का स्वभाव धारण करना चाहिए तथा असुरत्व का त्याग करना चाहिए।हमारे स्वतंत्रता-संग्राम सेनानी राष्ट्र को गुलामी की जंजीरों से स्वतंत्र करने के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए।

गोरिल्ला युद्ध के प्रणेता, जिनके बलिदान से शिवपुरी की धरा धन्य हुई, देवतुल्य शहीद तात्या टोपे ने जिस जेल को पवित्र किया, वह जेल आज जर्जर अवस्था में पड़ी हुई है। अखंड ब्राह्मण सेवा समिति भारतवर्ष मांग करती है कि सरकार शीघ्र से शीघ्र स्वतंत्रता सेनानियों की संघर्ष स्थली को शहीद तात्या टोपे जेल पर्यटन स्थल के रूप में संरक्षित करें। इस जेल में शहीद तात्या टोपे, मध्य भारत के प्रथम मुख्यमंत्री लीलाधर जोशी के साथ-साथ बहुत से स्वतंत्रता सेनानी रहे, जिनकी पट्टिका प्रांगण में लगी हुई है।महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा त्रिपाठी ने शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि शहीदों के कारण ही आज हिंदुस्तान आसमान छू रहा है, जिन्होंने अपना बलिदान देकर भारत माता को स्वतंत्र कराया। जिनके कारण आज हम विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहे हैं,



ऐसे सपूतों को शत-शत नमन।उपाध्यक्ष हरवंश त्रिवेदी एवं सलाहकार कैलाश नारायण मुद्गल ने कहां कि इस जेल में स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को संजोया जाए, जिससे आने वाली पीढ़ी प्रेरणा ले सके।

महासचिव पंडित दिनेश चन्द्र शर्मा ने कहा कि जो लोग अपनी विरासत का सम्मान नहीं करते, अपनी आने वाली पीढ़ियों को बलिदान की गाथाएं नहीं बताते, प्रेरणादायक काल खण्डों को भूल जाते हैं,वह देश गुलाम हो जाता है।सचिव पंडित रामसेवक गौड़, पंडित हरिओम शर्मा , पंडित पीयूष त्रिपाठी, युवा उपाध्यक्ष राजा दीक्षित ने अपने विचार व्यक्त किये ।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कैप्टन चन्द्र प्रकाश शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा त्रिपाठी, श्रीमती ममता शर्मा, उपाध्यक्ष हरिवंश त्रिवेदी, पंडित हरिओम शर्मा महासचिव दिनेश चंद्र शर्मा, सचिव रामसेवक गौड़, सलाहकार कैलाश नारायण मुद्गल, पंडित पियूष त्रिपाठी, युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष राजा दीक्षित तथा जसमन मौर्य उपस्थित रहे।

## विद्युत तार बरामद, दो अभियुक्त गिरफ्तार



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बहराइच द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में श्री रामानन्द कुशवाहा , अपर पुलिस अधीक्षक(नगर) जनपद बहराइच व श्री रवि खोखर क्षेत्राधिकारी कैसरगंज जनपद बहराइच के कुशल निर्देशन व श्री मिथिलेश कुमार राय प्रभारी निरीक्षक फखरपुर मय पुलिस की टीम द्वारा मु0अ0सं0-263/2025 धारा 303(3)/317(2) बीएनएस व 136 विधुत अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1. शहनवाज पुत्र मंजूर हुसैन निवासी सौगहना थाना फखरपुर जनपद बहराइच 2. वनवारी पुत्र बिहारी नि0 भीट दा0 खालिदपुर थाना फखरपुर जनपद बहराइच को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार किये गये अभियुक्त को मा0न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया ।

संक्षेप

## एनबीडब्लू के तीन वारंटी गिरफ्तार

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज पुलिस ने रविवार थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों से तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पकड़े गए वारंटी अभियुक्त रायवेंद्र मिश्रा उर्फ लालू पुत्र राम मिलन मिश्र निवासी मिश्राने, विजय प्रताप सिंह पुत्र राम बचन सिंह निवासी इनायतपुर, शहाबुद्दीन पुत्र शाह अली निवासी इटकौली शामिल है। थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि पकड़े गए वारंटियों के खिलाफ न्यायालय की विभिन्न अदालतों से वारंट जारी हुआ था। जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## बाइक से गिरा युवक घायल, मौत

**सुलतानपुर।** घर से बाजार जा रहा बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा। इलाज के लिए लोग लेकर सीएचसी मोतिगरपुर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के उघड़पुर भटपुरा निवासी लल्लन शर्मा पुत्र शेर बहादुर शर्मा (28) आवश्यक कार्य से रविवार सुबह घर से ड्रेमा बाजार के लिए बाइक से निकला था। गांव के बाहर ईदू की दुकान के समीप अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। घटना में लल्लन शर्मा के सिर में गंभीर चोटे आई। सूचना पर पहुंचे परिजन तत्काल उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अवैध गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** स्थानीय पुलिस ने रविवार दोपहर इटकौली सिरवारा रोड स्थित पुलिया के पास चेकिंग के दौरान एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से एक किलो एक सौ छप्पन ग्राम गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के ही तियरी मछरौली निवासी अरमान पुत्र गुलाम मोहम्मद के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी को पकड़ने में उपनिरीक्षक गुलाब चंद्र पाल, हेड कांस्टेबल अखिलेश सिंह, सिपाही अमित सिंह यादव, रोहित सिंह ने सराहनीय प्रयास किया।

## मकरीकुण्ड में मिला अज्ञात युवक का शव

**सूरापुर, सुलतानपुर।** रविवार सुबह बिजेथुआ महावीर धाम स्थित मकरीकुण्ड में एक अज्ञात युवक का शव उतराता मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सुबह करीब आठ बजे स्थानीय लोगों ने मकरी कुंड में शव को देखा बिजेथुआ राजापुर ग्राम प्रधान सरोज कुमारी ने तुरंत सूरापुर पुलिस चौकी को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को कुण्ड से निकलवाकर पंचनामा की कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि युवक की मौत तालाब में डूबने से हुई है। शव की स्थिति देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की मौत शनिवार को ही हो चुकी थी। युवक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# भक्ति-आस्था का संगम है सावन का उत्सव

जिला संवाददाता (vol)



**रायबरेली।** भारतीय संस्कृति में आस्था और विश्वास का गहरा आधार रचा-बसा है, जो सावन मास में भगवान शिव की भक्ति में और भी प्रगाढ़ हो जाता है। सृष्टि के कण-कण में शिवत्व का प्रस्फुरण होता है, और इस पवित्र महीने में भक्तों का रोम-रोम हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठता है। न उम्र की सीमा, न कोई बंधन, सिर्फ अटूट श्रद्धा और प्रेम के साथ भक्त भगवान शिव के चरणों में समर्पित हो जाते हैं। सावन का महीना एक अनुपम उत्सव का रूप ले लेता है, जहां गंगा घाटों से जल लेकर सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा करने वाले कांवरियों की भक्ति और उत्साह देखते ही बनता है।

### कांवरियों की अटूट श्रद्धा

सावन के प्रत्येक सोमवार को सड़कों पर एक अनोखा नजारा देखने को मिलता है। भगवा वस्त्र पहने, हाथों में गंगाजल की कांवर लिए और मन में भगवान शिव के प्रति अगाध प्रेम लिए भक्त बाबा घुइसरनाथ धाम, बाबा नर्मदेश्वर धाम, जगनमोहनेश्वर, बालेश्वर धाम, और नंदमोहर धाम जैसे पवित्र स्थानों की ओर बढ़ते हैं। खासकर नन्हें-मुन्ने कांवरियों का उत्साह इस यात्रा को और भी जीवंत बना देता है। गाजे-बाजे के साथ थिरकते कदम, भक्ति में डूबे गीत, और नाचते-गाते हुए ये बाल योगी अपनी छोटी-सी उम्र में भी भारतीय संस्कृति के आध्यात्मिक मूल्यों को जीवंत कर देते हैं।

### गंगा घाट से शिव धाम तक की यात्रा

गेगासो, गोकना घाट और डलमऊ घाट जैसे पवित्र स्थानों से गंगाजल लेकर हजारों श्रद्धालु सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय करते हैं। रविवार की शाम से ही कांवरियों की कतारें सड़कों पर दिखने लगती हैं जो सोमवार की सुबह तक शिव मंदिरों तक पहुंचती हैं। यह यात्रा केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक दृढ़ता का प्रतीक है। भक्तों के नयन नीर और गंगाजल से किया गया जलाभिषेक भगवान शिव की कृपा का आह्वान करता है, जो उनके जीवन को कल्याणमय बनाता है।

### सावन का आध्यात्मिक महत्व

सावन मास में प्रकृति और आत्मतत्व का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। मान्यता है कि इस महीने में भगवान शिव सृष्टि के संचालन की बागडोर संभालते हैं, जिससे भक्तों का विश्वास और गहरा हो जाता है। कांवर यात्रा इस विश्वास का जीवंत प्रतीक है, जहां भक्त अपने सांसारिक जीवन को भूलकर शिव भक्ति में लीन हो जाते हैं। खासकर बाल कांवरियों का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक संपदा आज भी जीवित और समृद्ध है।

रायबरेली में सावन का यह उत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रतीक है। गंगा घाटों से शिव धाम तक की यह यात्रा भक्तों के मन में दृढ़ विश्वास और सुखद अनुभूति भर देती है। नन्हें कांवरियों से लेकर बुजुर्ग भक्तों तक, सभी एक ही भावना के साथ भगवान शिव को रिझाने में जुटे रहते हैं। यह दृश्य न केवल रायबरेली की सड़कों को भक्तिमय बनाता है, बल्कि पूरे देश में भारतीय संस्कृति की महानता का संदेश भी देता है। सावन का यह पवित्र महीना भक्ति, आस्था, और उत्साह का अनुपम संगम प्रस्तुत करता है, जो हर शिव भक्त के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव है।

## भारी संख्या में भक्तों ने निकाली कांवड़ यात्रा

सलोन रायबरेली। विकासखंड क्षेत्र के सांडा सैदन गांव में भक्तों द्वारा निकाली कावड़ यात्रा, भगवान की झांकियों आकर्षण का केंद्र बनी। कावड़ यात्रा के दौरान भगवान भगवान की झांकियां देखने को भीड़ उमड़ी। लोगों ने जमकर लगाए भगवान शिव के जय घोष। इस दौरान भारी संख्या में सुरक्षा के कड़े इंतजाम नजर आए। सांडा सैदन गाँव में भारी संख्या में भीड़ देखने को मिली गाँव से मानिकपुर रोड से होते हुई बाबा घुश्मेश्वर कावड़ यात्रा के लिए रवाना हुए। इस मौके पर दूधनाथ अध्यक्ष, ग्राम प्रधान राज नारायण, पूर्व प्रधान संतोष कुमार, अंश, चन्दभान वर्मा, बब्लु, गोलू साहू, लवकुश, कुलदीप, अर्जुन, इमरान, निखिल, विपिन कमलेश आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## एसडीएम ने विवादों को किया निस्तारित

**सलोन, रायबरेली।** प्रदेश सरकार की पहल पर आमजन की समस्याओं के तुरंत समाधान करने के लिए मौके पर मामले का निस्तारण कराया जा रहा है। सलोन तहसील क्षेत्र के बेतौरा, गोपाल पुर ग्राम पंचायत में एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर विवादों को निस्तारित किया। शनिवार शाम को बेतौरा निवासी मो शरीफ पुत्र नसीर, मो रईस पुत्र नसीर, मो अनीस पुत्र नजीर ने डीएम को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर हदबरारी करने की मांग की थी जिस पर उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को सामने बुलाकर मामले का समझौता कराया। वहीं दूसरा प्रकरण गोपाल पुर निवासी श्यामलाल ने सी डी ओ से रास्ते के विवाद के लिए शिकायत किया था। मौके पर एसडीएम पहुँचकर श्याम लाल व दूसरा पक्ष सुदामा को बुलाकर रास्ता खुलवाकर विवाद का समझौता कराया। एसडीएम ने कहा कि कोई रास्ता विभाग सम्बंधित शिकायत आती है तो उसका निस्तारण तत्काल कराया जायेगा। एसडीएम ने राजस्व कर्मचारियों से कहा कि एक-एक नागरिक की बात गंभीरता से सुने और मौके पर मामलों में समाधान की दिशा में कदम उठाए। उन्होंने कर्मचारियों से कहा वे प्रत्येक समस्या का गंभीरता से संज्ञान लें और त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें ताकि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# श्रावण मास पर भंडारा आयोजित



**अमेठी।** श्रावण मास के अवसर पर भोलेनाथ के भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया जिसमें यात्रा कर रहे हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कमरौली थाना क्षेत्र के उतेलवा बाईपास पर मित्र मंडली परिवार की ओर से सावन माह के चलते भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें सर्व प्रथम पूजा आरती के बाद भंडारा का आयोजन हुआ। लखनऊ वाराणसी हाइवे से निकलने वाले राहगीर काँवरिया व आसपास के हजारो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में शशिकांत, अनिल जायसवाल, सतीश सिन्हा, अंकित यादव, इंद्रेश पांडे, अमित दुबे, हिमांशु व्यास, अरविंद पाल, दया गुप्ता, राजन मिश्र, बृजेश यादव, संजय सहित दर्जनों लोग सहयोग मे रहे। इस मौके पर तौफीक, केके मिश्र सहित तमाम भक्त भंडारे में मौजूद रहे।

## संसार की सर्वोपरि समृद्धि व जीवन की सबसे बड़ी सफलता सद्बुद्धि को ही प्राप्त करना है

**अमेठी।** गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में चल रहे चालीस दिवसीय अनुष्ठान के ग्यारहवें दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। रविवार को प्रातः कालीन वेला में पहुंचे श्रद्धालुओं ने हवन पूजन के साथ जप अनुष्ठान किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित जप अनुष्ठान में रविवार को प्रातः आए श्रद्धालुओं ने गायत्री शक्तिपीठ में होने वाली नियमित हवन पूजन में भाग लिया। हवन के उपरांत साधकों ने जप अनुष्ठान किया। रविवार को गायत्री परिवार की डॉ चंद्रावती सिंह ने जप अनुष्ठान का महत्व बताते हुए परम पूज्य गुरुदेव की पुस्तक अखंड ज्योति के अंश को साझा करते हुए कहा कि गायत्री सद्बुद्धि दायक मंत्र है, यह साधक के मन को, अतः करण को, मस्तिष्क को और विचारों को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करता है। सत तत्व की वृद्धि करना उसका प्रधान कार्य है। साधक जब इस महामंत्र के अर्थ पर विचार करता है तो वह समझ जाता है कि संसार की सर्वोपरि समृद्धि और जीवन की सबसे बड़ी सफलता सद्बुद्धि को ही प्राप्त करना है। यह मान्यता सुदृढ़ होने पर उसकी इच्छा शक्ति इसी तत्व को प्राप्त करने के लिए लालायित होती है। मंत्र जप में लाल अशोक सिंह, रुद्र सिंह, वीर सिंह, कोमल मिश्रा, अशोक मिश्र, डॉ त्रिवेणी सिंह, महेश बरनवाल, शिव प्रसाद तिवारी, संगीता शर्मा, अभिषेक गुप्ता के साथ बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

## राहुल दुबे की मौत से भाजपा में शोक की लहर, पीड़ित परिवार से मिले अमरेंद्र सिंह

**अमेठी।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रहे राहुल दूबे की सड़क दुघर्टना में मौत पर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। भाजपा नेता और पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने शनिवार को पीड़ित परिवार से मुलाकात की। अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने कहा कि राहुल दूबे की दुःखद मौत से अमेठी का हर नौजवान दुखी हैं। राहुल दूबे की मौत ने भाजपा से एक समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता छीन लिया है। उन्होंने राहुल की मौत पर गहरा दुःख व्यक्त किया और पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हमेशा परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिया।

**स्मृति ईरानी ने शोक व्यक्त किया :** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शोक संदेश में कहा है कि सड़क दुघर्टना में राहुल दूबे के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। समर्पित कार्यकर्ता के रूप में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। ऊं शांति भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विषुव मिश्र ने राहुल की असामयिक मौत को संगठन के लिए बड़ी क्षति बताया और कहा कि भाजपा पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़ी रहेगी।

## बैजनाथ धाम के लिए निकल रहा कांवड़ियों का दल

**मुंशीगंज, अमेठी।** सावन मास में कांवड़ यात्रियों का दल रोज बैजनाथ धाम की यात्रा के लिए जा रहा है। स्थानीय कस्बे में स्थित शिव मंदिर के दर्शनोपरांत रेलवे स्टेशन पहुंचे कांवड़ यात्रियों को पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया ने अंगवस्त्र भेंट कर बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में पप्पू मोदनवाल, पवन सेठ, शिवपूजन चौरसिया, एडवोकेट आलोक तिवारी, राजेश मोदनवाल, विपिन मोदनवाल, अरविंद सिंह, दिनेश जायसवाल, सुनील पाण्डेय, मनोज गुप्ता, हनुमान मौर्या सहित सैकड़ों बम लोग उपस्थित रहे और पूरा स्टेशन बोल बम के नारों से गुंजायमान रहा।

## हरित महाभंडारा में हुआ पौध वितरण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**सुलतानपुर।** लक्ष्य सेवा समर्पण फाउंडेशन, यूनीक फाउंडेशन एवं कटका क्लब सामाजिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पशु चिकित्सालय परिसर में ₹हरित महाभंडारा₹ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनमोल अग्रहरि (अध्यक्ष, लक्ष्य सेवा समर्पण फाउंडेशन) ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला परियोजना अधिकारी अभिनंदन प्रताप सिंह उपस्थित रहे। श्री सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में आम लोगों की भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने मौसमी और स्थानीय उत्पादों के सेवन को प्रोत्साहित करते हुए इसे पर्यावरण के लिए लाभकारी बताया। कार्यक्रम में 200 लोगों को निःशुल्क पौधे वितरित किए गए। कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा कि हमें ऐसी खाद्य एवं जीवनशैली अपनानी चाहिए जो प्रकृति के अनुकूल हो। यूनीक फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. अनूप मिश्र ने सहभागिता और सहयोग को पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने का सबसे सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम का संचालन इरफान खान ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपांकर बरनवाल ने किया। इस अवसर पर अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, वन विभाग के अधिकारीगण एवं सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सिकंदरपुर में थमने का नाम नहीं ले रहा भूमि विवाद

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के राजस्व गांव सिकंदरपुर में भूमि गाटा संख्या 1633 पर 2 मार्च 2022 को शुरू हुआ भूमि विवाद मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आरोप है कि विपक्षियों राम तीरथ आदि के द्वारा कई बार सीमांकन करने मौके पर गई राजस्व और पुलिस टीम के साथ अभद्रता करते हुए नापने वाला फीता छीन कर तोड़ देने जैसी घटनाओं को अंजाम दिया गया। बावजूद 2022 से 2025 तक, इन 3 सालों में भूमि विवाद का यह मामला अभी तक अनसुलझा ही है, जिसके लिए सुनियोजित तरीके से समय-समय पर विवाद उत्पन्न करने तथा एक पक्ष की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का काम किया जा रहा है। मामले में प्रशासन ने कोर्ट के आदेश पर मौके पर दोनों पक्षों द्वारा धारा 44 के अंतर्गत दायर किए गए मुकदमे के आधार पर मौके पर जाकर सीमांकन करदोनों पक्षों की भूमि गाटा संख्या 1632 और 1633 चिन्हित करते हुए पथरगढ़ी करवा दी गई है।

राजस्व गांव सिकंदरपुर में स्थित भूमि गाटा संख्या 1633 जोकि सूर्यभान सिंह पुत्र स्वर्गीय रामस्वरूप सिंह के नाम राजस्व भू अभिलेख में दर्ज थी, इस जमीन का गांव के ही रहने वाले वासुदेव सिंह पुत्र रामसुंदर सिंह ने बैनामा लेकर बराबर की जमीन सूर्यभान सिंह को अपनी बाग में उन्हें भी बैनामा कर दिया गया। इसी गाटा संख्या की जमीन पर अपना अधिकार बताते हुए गांव के ही रहने वाले विपक्षी राम तीरथ पुत्र छंगालाल, इनकी मां चमेला और पत्नी अरुणा देवी आदि द्वारा धारा 44 के अंतर्गत भूमि गाटा संख्या 1632 के सीमांकन हेतु अदालत में एक वाद दायर किया गया था। उधर सूर्यभान सिंह के द्वारा भी अपने गाटा संख्या 1633 की भूमि पैमाइश के लिए धारा 44 के अंतर्गत वाद दायर किया गया था। 14 अगस्त 2022 को राजस्व टीम के तत्कालीन कानून को श्रीकांत पांडेय के नेतृत्व वाली टीम द्वारा जब मौके पर जाकर सीमांकन किया गया, तो गाटा संख्या 1633 के 0.0507 हैक्टेयर पर विपक्षी राम तीरथ पुत्र छंगालाल आदि का कब्जा पाया गया, जो वादग्रस्त भूखंड का अंश है। मौके पर सीमांकन करने गई राजस्व टीम ने बाकायदा पथरगढ़ी भी करवाया, किंतु आरोप है कि, राजस्व टीम के सामने ही विपक्षी आमादा फौजदारी होकर गाली गलौज करते हुए राजस्व टीम द्वारा कराई गई पथरगढ़ी उखाड़ कर फेंक दी गई।

दूसरी तरफ विपक्षी रामतीर्थ द्वारा अदालत में धारा 44 के अंतर्गत हदबरारी मुकदमा के तहत राजस्व अधिकारियों ने सिकंदरपुर गांव स्थित भूमि गाटा संख्या 1632 की पैमाइश कर विपक्षियों की भी भूमि की माप कर चिन्हांकित करवा दी गई। यहीं दोनों पक्षों का विवाद समाप्त हो गया। बताते हैं कि, इस दौरान बकौल प्रदीप सिंह, राम तीरथ ने दो लाख रुपए की मांग करी, जब उन्होंने रुपए देने से मना कर दिया तो राम तीरथ ने योजना बद्ध तरीके से बबलू सिंह और उनके पिता वासुदेव सिंह के विरोधियों के साथ मिलकर झूठा, खड्यंत्र भूमि विवाद का रच कर परेशान करने की ठान लिया, जिससे वादी पक्ष वासुदेव सिंह और बबलू सिंह का सामाजिक छवि धूमिल हो रही है। इस भूमि विवाद मामले में सूर्यभान सिंह द्वारा दी गई लिखित शिकायती पत्र का संज्ञान लेकर 12 जून 2025 को मौजूदा एसडीम सचिन यादव के आदेश पर एक बार फिर राजस्व और पुलिस टीमें गठित कर मौके पर पहुंची और पैमाइश कर पुनः पथरगढ़ी करवाई गई।

# सीताकुंड धाम में आस्था व स्वच्छता का संगम, गोमती मित्रों की अनोखी पहल



जिला संवाददाता (vol)

**सुल्तानपुर।** ह्लजुड़ रही जो आस्था धाम से है, वह गोमती मित्रों के काम से हैह्व – यह कथन सीताकुंड धाम की वर्तमान छवि पर सटीक बैठता है। एक समय केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित और उपेक्षित रहा यह स्थल अब जनपद का आस्था एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रमुख केंद्र बन गया है। इसका पूरा श्रेय गोमती मित्र मंडल को जाता है, जिसकी शुरूआत अधिवक्ता मदन सिंह ने की थी।

बीते 13 वर्षों में इस संगठन ने नशे और गंदगी के अड्डे रहे सीताकुंड को एक भव्य धार्मिक परिसर में बदल दिया है। सीता उपवन का निर्माण पर्यावरण जागरूकता की दिशा में एक मिसाल बना है, वहीं हर रविवार होने वाली सामूहिक आरती ने सैकड़ों श्रद्धालुओं को माँ गोमती से जोड़ा है। रविवार को हुए साप्ताहिक श्रमदान में प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक सैकड़ों गोमती मित्रों ने उमस भरी गर्मी में भी पसीना बहाते हुए स्थल की सफाई की और श्रद्धालुओं से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन, प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। सीताकुंड धाम की यह रूपांतरण यात्रा जनसहयोग और समर्पण का उदाहरण बन चुकी है, जो पूरे जनपद के लिए प्रेरणा है।

## दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ समापन


जिला संवाददाता (vol)

● केएनआई के इंजीनियरिंग संस्थान में शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**सुलतानपुर।** फरीदीपुर स्थित कमला नेहरू संस्थान के इंजीनियरिंग संकाय में होलिस्टिक एजुकेशनविषय पर आयोजित दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य वक्ता के रूप में अरबिंदो आश्रम से डॉ. अपर्णा राय और शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. जे. पी. सिंह ने अपने विचार साझा किए। डॉ. जे. पी. सिंह ने शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के संतुलन को जीवन के लिए अनिवार्य बताते हुए समग्र विकास पर बल दिया। वहीं, द्वितीय सत्र में डॉ. अपर्णा राय ने मन, प्राण और शरीर के संतुलन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए 'चैत्य' के विविध स्वरूपों से परिचय कराया। उन्होंने सकारात्मक सोच को शिक्षक जीवन का आवश्यक अंग बताया।

संस्थान के डीन एकेडमिक रत्नेश सिंह ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया, जबकि निदेशक प्रो. (डा.) डी. एस. पुन्डीर ने शिक्षकों को कार्यक्रम में सीखे गए विचारों को अपने जीवन व शिक्षण कार्य में उतारने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रबंधक एवं स्थानीय विधायक विनोद सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आयोजन समिति और शिक्षकों को बधाई दी। कार्यक्रम में संकायों के शिक्षकगण और संयोजक राघवेंद्र त्रिपाठी सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## पत्रकार एसो. की तहसील अमेठी का गठन राजकुमार उपाध्याय बने तहसील अध्यक्ष



**अमेठी।** पत्रकार एसोसिएशन की जिला इकाई की गठन के बाद पूरे जनपद में गठन को लेकर जिला अध्यक्ष रमन पांडेय ने जिला इकाई का गठन करना शुरू कर दिया है उसी क्रम में तहसील अमेठी की एक बैठक स्थानीय निरीक्षण गृह के परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार संतोष श्रीवास्तव ने किया इस मौके तहसील स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में राजकुमार उपाध्याय को तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शुभम बरनवाल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। अन्य पदाधिकारियों में सूर्यभान मिश्रा को उपाध्यक्ष और अभिषेक तिवारी को सचिव नियुक्त किया गया है। लाल जी तिवारी को संगठन का संरक्षक एवं प्रभारी मनोनीत किया गया है। नई टीम के गठन के साथ ही एसोसिएशन की गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। बैठक में संरक्षक संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी संगठन का अस्तित्व तभी संभव है जब लोग बिना स्वार्थ के एक दूसरे की मदद की लिए हर संभव तैयार रहे। जिला अध्यक्ष रमन पांडेय ने कहा कि संगठन के प्रति लोगों को निष्ठा भाव से कार्य करना होगा। इसके अलावा वार्षिक सदस्यता शुल्क समय से जमा कर दे ताकि सभी सदस्यों का पहचान पत्र बन जाए। इस मौके पर राजकुमार उपाध्याय, विकास तिवारी, विकास शुक्ल सूर्यभान मिश्र शुभम बरनवाल, चन्द्र मोहन मिश्रा, सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली, गिरफ्तार कार, कारतूस और असलहा बरामद

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के बलरामऊ गांव के पास बदमाशों और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए सुलतानपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है। रविवार भोर को गोसाईगंज थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय, उप निरीक्षक गुलाबचंद पाल, उप निरीक्षक द्रिवेश त्रिवेदी, हेड कॉन्स्टेबल अखिलेश सिंह, हेड कांस्टेबल विमलेश सिंह, कांस्टेबल रोहित सिंह कांस्टेबल अमित सिंह यादव के साथ रात्रि गस्त पर थे। रविवार भोर साढे चार बजे पुलिस को सूचना मिली कार सवार बदमाश किसी घटना को कारित करने के लिए सैफुल्लागंज के रास्ते मोतीगंज के तरफ जा रहे है। थाना क्षेत्र के बलरामऊ के पास पुलिस ने कार सवार बदमाशों को रुकने के लिए कहा। पुलिस को देखकर कार सवार दोनों बदमाशो ने पुलिस के ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने पैर में गोली मारकर दोनों बदमाशों को घायल कर दिया। पुलिस पर फायर करने वाले बदमाशो की पहचान जासापारा निवासी शक्ति सिंह व देवदत्त सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को शक्ति की तलाश मोतिगरपुर थाने में दर्ज मुकदमे में थी। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक कार दो तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खाली खोखा को बरामद किया है। वहीं घायल बदमाशों को सीएससी जयसिंहपुर से सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज ईलाज के लिए ले जाया गया। गोसाईगंज पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हुए है। इन्होंने बताया शक्ति सिंह उर्फ शाका के ऊपर कुल 16 और देवदत्त सिंह उर्फ बाबा पर 12 मामले दर्ज है।

# राज्य मंत्री ने अफसरों को दिये आवश्यक निर्देश



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** राज्य मंत्री ग्राम विकास एवं समग्र ग्राम विकास ग्रामीण अभियंत्रण विभाग उत्तर प्रदेश शासन विजय लक्ष्मी गौतम का आगमन जनपद में हुआ। पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में गॉर्ड ऑफ ऑनर के बाद उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। लक्ष्मी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने आम जनमानस के स्वास्थ्य, शिक्षा, भरण पोषण, आवास आदि से संबंधित जितनी भी योजनाएं चालू की हैं, उन सबका लाभ प्रत्येक दशा में पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा आम जनमानस में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के आच्छादन एवं प्रगति की गुणवत्ता का निरीक्षण गांव में जाकर करते रहें। लाभार्थियों का फीड बैक भी अवश्य प्राप्त करें। इस अवसर पर सीडीओ अर्पित उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धि लाल, शिवेंद्र सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिहार नहीं अब पूरे देश में खतरे में लोकतंत्र

**रायबरेली।** स्वराज इंडिया पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन के अवसर पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के संस्थापक व वरिष्ठ समाजवादी विचारक योगेंद्र यादव ने देश में लोकतांत्रिक अधिकारों पर मंडरा रहे गंभीर खतरे को उजागर किया। उन्होंने बिहार में चल रही प्रक्रिया को लोकतंत्र की नींव पर सीधा हमला करार दिया और आगाह किया कि यह संकट सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं रहने वाला। योगेंद्र ने बताया बिहार में लाखों मतदाताओं के नाम, जो वर्षों से मतदाता सूची में हैं, केवल इस आधार पर हटाए जा रहे हैं कि उन्होंने 2003 से पहले का नागरिकता प्रमाण नहीं दिखाया। यह प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326 और नागरिकता की निरंतरता के सिद्धांत के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि बिहार में लाखों ऐसे मतदाताओं के नाम हटाए जा रहे हैं, जो वर्षों से वोट डालते आ रहे हैं। उन्हें फिर से नामांकन फॉर्म भरने को मजबूर किया जा रहा है। अगर वे यह प्रक्रिया पूरी नहीं करते, तो उनका नाम स्वतः हटा दिया जाएगा। चुनाव आयोग ने यह नया नियम जोड़ा है कि 2003 से पहले नागरिकता साबित करने वाले दस्तावेज न होने पर मतदाता की पात्रता संदिग्ध मानी जाएगी। पहली बार देश में संभावित मतदाताओं को चाहे वे पहले से रजिस्टर्ड हों या नहीं एन्युमरेशन फॉर्म भरना अनिवार्य कर दिया गया है। वरना उनका नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में भी नहीं दिखेगा।

## छह वांछित वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** जनपद सुलतानपुर की थाना धनपतगंज पुलिस ने अपराध नियंत्रण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी बल्दीराय के मार्गदर्शन तथा प्रभारी निरीक्षक धनपतगंज की नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 06 वांछित वारंट अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इस सराहनीय कार्रवाई को उपनिरीक्षक सुब्बा यादव और चन्द्रमणि यादव ने अपनी टीम के साथ अंजाम दिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राजेश कुमार तिवारी (ग्राम तिवारीपुर चन्दौर), रामनयन (ग्राम कोथे), वसुध प्रसाद (ग्राम रधे पंडित का पुरवा), रामअचल (ग्राम लाला का पुरवा, छितौनी), हकीम उर्फ कल्लू और कलीम (दोनों निवासी चकतेन्दुआ) शामिल हैं। इन सभी पर थाना कूरेभार में विभिन्न धाराओं के तहत गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ये अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय द्वारा वांछित चल रहे थे। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल तीरथराज सरोज, कांस्टेबल अमित यादव, मंगल यादव और अवनीश भारती भी शामिल रहे। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप है और आम जनता में पुलिस की कार्यप्रणाली के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। थाना धनपतगंज पुलिस की यह तत्परता कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में एक अहम कदम मानी जा रही है।

संक्षेप

## टाटा प्ले बिंज पर अब प्रसार भारती का वेव्स ओटीटी

नई दिल्ली। टाटा प्ले बिंज पर प्रसार भारती का ओटीटी प्लेटफॉर्म, वेव्स उपलब्ध हो गया है। यह ऐप टाटा प्ले बिंज को और ज्यादा विशाल ग्राहकों के बीच पहुँचाने में मदद करेगा। वेव्स पर सांस्कृतिक और परिवार के साथ बैठकर देखा जा सकने वाला मनोरंजन उपलब्ध है। यहाँ पर क्षेत्रीय, सांस्कृतिक, हिंदी और सदाबहार कार्यक्रम देखे जा सकते हैं। इस साझेदारी द्वारा दूरदर्शन के कार्यक्रम एक ही सदस्यता में टाटा प्ले बिंज पर देखे जा सकेंगे। टाटा प्ले बिंज के दर्शक वेव्स पर उपलब्ध सभी कार्यक्रम देख सकते हैं। यहाँ पूरे परिवार के लिए अलग-अलग इलाकों और संस्कृतियों से जुड़ा मनोरंजन मिलता है। 12 भारतीय भाषाओं में 20,000 से अधिक घंटों के मनोरंजन के साथ वेव्स पर ब्योमकेश बक्षी, फौजी और हम लोग जैसे धारावाहिक देखे जा सकते हैं।

## छोटे शहरों में स्कोडा का नेटवर्क बढ़ा

नई दिल्ली। भारत में 25 साल और दुनिया भर में 130 साल की शानदार विरासत के साथ स्कोडा ऑटो नए मुकाम गढ़ रही है। कंपनी ने इस महीने 2025 की पहली छमाही में अपनी अब तक की सबसे जबरदस्त बिक्री दर्ज की है और अब एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में ब्रांड ने देश के 172 शहरों में 300 से अधिक ग्राहक टचपॉइंट्स का आंकड़ा पार कर लिया है। ग्राहक अनुभव को बेहतर से बेहतरीन बनाना स्कोडा ऑटो की भारत में तेज रफ्तार विकास रणनीति का मूल मंत्र है। देशभर में तेजी से बढ़ता यह नेटवर्क, न केवल स्कोडा की बढ़ती पहुँच का प्रमाण है, बल्कि भारतीय ग्राहकों के बीच उसके मजबूत होते भरोसे की कहानी भी कहता है।

## आईकू जेड10आर 24 को होगा लॉन्च

मेरठ। हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू 24 जुलाई को आईकू जेड10आर लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। छात्रों और नए कंटेंट क्रिएटर्स के लिए तैयार यह स्मार्टफोन 4के फ्रंट और रियर कैमरा, अल्ट्रा-स्लिम क्वाड-कर्व्ड डिस्प्ले और सेगमेंट-लीडिंग मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7400 प्रोसेसर के साथ आता है, जो उन लोगों के लिए एकदम सही विकल्प है जो हमेशा ऑन-द-गो रहते हैं और ऑनलाइन एक्टिव रहते हैं। चाहे कंटेंट बनाना हो, क्लासेज अटेंड करनी हों, रील्स स्क्रॉल करनी हों, ब्रेक में गेमिंग करनी हो या मल्टीपल ऐप्स के बीच स्विच करना हो आईकू जेड10आर को तेज-तर्रार, मल्टीटास्किंग लाइफस्टाइल को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

## गैलेक्सी वॉच8 सीरीज की प्री-बुकिंग शुरू

नई दिल्ली। सैमसंग ने आज गैलेक्सी वॉच8 और गैलेक्सी वॉच8 क्लासिक को लॉन्च किया है। यह सीरीज पूरे गैलेक्सी वॉच लाइनअप में एक प्रतिष्ठित डिजाइन पहचान स्थापित करती है। गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा के कुशन डिजाइन की बुनियाद पर आधारित, यह सीरीज अब तक की सबसे पतली गैलेक्सी वॉच है। गैलेक्सी वॉच8 सीरीज को 9 जुलाई से 24 जुलाई, 2025 तक प्री-बुक करने वाले उपभोक्ता 12,000 रुपये तक का मल्टी-बैंक कैशबैक या अपग्रेड बोनस, या नए गैलेक्सी एस और जेड सीरीज ग्राहकों के लिए विशेष रूप से तैयार 15,000 रुपये तक के मल्टी-बाय ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। गैलेक्सी वॉच8 सीरीज को नए सिरे से डिजाइन किया गया है ताकि यह बहुत आरामदायक हो और बेहतरीन प्रदर्शन दे।

## सनफीस्ट मॉम्स मैजिक बढ़ा रहा 'भारत में गोद लेने' की पहल को

नई दिल्ली। सनफीस्ट मॉम्स मैजिक, बीते कई सालों से सिर्फ एक स्वादिष्ट बिस्कुट ही नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर लोगों की जिंदगी में शामिल रहा है। यह ब्रांड सच्चे अर्थ में मां बनने के अनुभव को प्रदर्शित करता है। मॉम्स मैजिक का मानना है कि हर बच्चे की जिंदगी में मां की भूमिका एक वॉर्मेस्ट सुपरपावर की होती है। इसी विश्वास के साथ, इस साल मॉम्स मैजिक ने 'भारत में गोद लेने' के प्रयासों को बढ़ावा देने की एक नेक पहल शुरू की है। 'नो मोर मिस्ड कॉल', 'हग हर मोर' और 'विल ऑफ चेंज' जैसे सफल अभियानों के बाद, ब्रांड ने एक बार फिर गोद लेने वाली माताओं के प्रति समाज की रूढ़िवादी सोच को चुनौती दी है, ताकि उन्हें वह सम्मान और एक समान स्वीकृति मिल सके जिसकी वे हकदार हैं।

# 10 कंपनियों की पूंजी 94,433 करोड़ घटी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 94,433.12 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 742.74 अंक या 0.90 प्रतिशत नीचे आया।

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, भारती एयरटेल, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत बढ़ गई। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 27,334.65 करोड़ रुपये घटकर 11,54,115.65 करोड़ रुपये रह गया। सबसे अधिक नुकसान टीसीएस को ही हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 24,358.45 करोड़ रुपये घटकर 19,98,543.22 करोड़ रुपये पर आ गई। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 20,051.59 करोड़ रुपये घटकर 15,00,917.42 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में 11,888.89 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 10,83,998.73 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 7,330.72 करोड़ रुपये घटकर 5,84,789.77 करोड़ रुपये रहा। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 3,468.82 करोड़ रुपये घटकर 6,59,096.12 करोड़ रुपये रह गई। इस रुख के उलट भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 13,208.44 करोड़ रुपये बढ़कर 7,34,763.97 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 5,282.15 करोड़ रुपये बढ़कर 5,85,292.83 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 3,095 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 10,18,008.73 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 506 करोड़ रुपये बढ़कर 5,83,828.91 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# इस सप्ताह सीमित दायरे में रहेगा सोने का भाव



नयी दिल्ली। सोने का भाव इस सप्ताह एक सीमित दायरे में रहेगा। विश्लेषकों का मानना है कि निवेशक वैश्विक व्यापार वार्ता के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं और उन्हें अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा फेडरल रिजर्व के संकेतकों का भी इंतजार है, ऐसे में सोने की कीमतों में बहुत उतार-चढ़ाव की संभावना नहीं है।

कारोबारी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पावेल के संबोधन और अमेरिका, ब्रिटेन तथा यूरो क्षेत्र सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के वैश्विक खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़ों पर भी कड़ी नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि सर्राफा कीमतों की दिशा जानने के लिए यूरोपीय केंद्रीय बैंक के ब्याज दर संबंधी फैसले पर भी सभी की निगाह रहेगी। आने वाले सप्ताह में व्यापार वार्ता के नतीजों, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों की टिप्पणियों, अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों पर सभी की निगाह रहेगी। इसमें आवास बाजार, साप्ताहिक बेरोजगारी दावे और टिकाऊवस्तुओं के ऑर्डर शामिल हैं। नए उत्प्रेरकों की कमी और इस अवधि में अमेरिकी डॉलर में सुधार के बीच पिछले कुछ सप्ताह में सोने की कीमतें एक दायरे में स्थिर होती दिख रही हैं। अमेरिका और उसके व्यापारिक साझेदारों, जैसे भारत और चीन, के बीच व्यापार वार्ता पर ध्यान केंद्रित रहने के कारण सर्राफा बाजार में गिरावट सीमित दिख रही है। शुल्क लागू होने की एक अगस्त की समयसीमा नजदीक आने के साथ, व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता सोने की सुरक्षित निवेश मांग को बढ़ावा दे सकती है। इस बीच, अगस्त से अक्टूबर तक घरेलू त्योहारी मांग से कीमतों में तेजी आ सकती है।

# नये आयकर विधेयक पर संसदीय समिति की रिपोर्ट आज लोकसभा में पेश होगी

नयी दिल्ली। नए आयकर विधेयक-2025 की समीक्षा के लिए गठित संसदीय समिति की रिपोर्ट सोमवार को लोकसभा में पेश की जाएगी। यह छह दशक पुराने आयकर अधिनियम का स्थान लेगा।

भाजपा नेता बैजयंत पांडा की अध्यक्षता वाली 31 सदस्यीय प्रवर समिति को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नए आयकर विधेयक, 2025 की समीक्षा के लिए नियुक्त किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 13 फरवरी को इसे लोकसभा में पेश किया था। समिति ने 285 सुझाव दिए हैं और 16 जुलाई को अपनी बैठक में नए आयकर विधेयक-2025 पर रिपोर्ट को अपनाया है। इसे अब आगे की कार्रवाई के लिए सदन में पेश किया जाएगा। सरलीकृत आयकर विधेयक, जो 1961 के आयकर अधिनियम के आकार का आधा है, मुकदमेबाजी और नई व्याख्या के दायरे को कम करके कर निश्चितता प्राप्त करने का प्रयास करता है। लोकसभा में पेश किए गए नए विधेयक में शब्दों की संख्या कम यानी 2.6 लाख है। यह आयकर अधिनियम के 5.12 लाख शब्दों से काफी कम है। इसमें धाराओं की संख्या 536 है, जबकि मौजूदा कानून में 819 धाराएं प्रभावी हैं। आयकर विभाग द्वारा जारी एफएक्यू (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न) के अनुसार, अध्यायों की संख्या भी 47 से घटाकर 23 कर दी गई है।

# 3,558 जाली कंपनियां पकड़ीं गयीं




नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 15,851 करोड़ रुपये के फर्जी इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) दावों का पता लगाया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक है।

हालांकि, जाली कंपनियों की संख्या में सालाना आधार पर कमी आई है। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई फर्जी कंपनियों की कुल संख्या 3,558 रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 3,840 से कम है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की अध्यक्षता में राज्यों के वित्त मंत्रियों की एक समिति वर्तमान में विशिष्ट क्षेत्रों में कर चोरी का अध्ययन कर रही है और आईटीसी धोखाधड़ी को रोकने के तरीकों पर विचार कर रही है। औसतन, हर महीने लगभग 1,200 फर्जी कंपनियां पकड़ में आ रही हैं। अप्रैल-जून की अवधि में फर्जी कंपनियों की संख्या पिछले साल की समान अवधि की तुलना में कम है, जो दर्शाता है कि फर्जी जीएसटी पंजीकरण के खिलाफ अभियान कारगर रहा है। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही के दौरान केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई फर्जी कंपनियों और आईटीसी धोखाधड़ी के आंकड़ों के अनुसार, 3,558 फर्जी फर्मों से जुड़े 15,851 करोड़ रुपये का आईटीसी धोखाधड़ी से लिया गया। इस अवधि के दौरान, जीएसटी अधिकारियों ने 53 लोगों को गिरफ्तार किया और 659 करोड़ रुपये बरामद किए गए। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में, जीएसटी अधिकारियों ने 3,840 फर्जी कंपनियों से जुड़े 12,304 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी का पता लगाया था। 549 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे और 26 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

# देश का वाहन निर्यात 22 प्रतिशत बढ़कर 14.57 लाख इकाई पर

नयी दिल्ली। देश के वाहन निर्यात में अप्रैल-जून तिमाही में 22 प्रतिशत का उछाल आया है। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम का कहना है कि यात्री वाहनों के रिकॉर्ड निर्यात, दोपहिया तथा वाणिज्यिक वाहन खंड के बेहतर प्रदर्शन से कुल वाहन निर्यात बढ़ा है।

जून तिमाही में वाहन निर्यात बढ़कर 14,57,461 इकाई पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 11,92,566 इकाई था। यह 22 प्रतिशत की वृद्धि है। पहली तिमाही में यात्री वाहनों का निर्यात अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 2,04,330 इकाई पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 1,80,483 इकाई के आंकड़े की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने कहा कि निर्यात वृद्धि अधिकांश बाजारों में स्थिर मांग और पश्चिम एशिया तथा लातिनी अमेरिका में मजबूत प्रदर्शन के कारण हुई है। श्रीलंका और नेपाल जैसे पड़ोसी बाजारों में मांग में सुधार, जापान से बढ़ती मांग और ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ने वाहन निर्यात बढ़ाने में मदद की है। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने पहली तिमाही में 96,181 यात्री वाहनों का निर्यात किया।

# भारत-अमेरिका वार्ता से तय होगी बाजार की दिशा




नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता से जुड़े घटनाक्रमों तथा वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

एक विश्लेषक का कहना है कि बाजार सोमवार को तीन दिग्गज कंपनियों-रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के तिमाही नतीजों पर प्रतिक्रिया दे सकता है। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को जून तिमाही के लिए 26,994 करोड़ रुपये का अपना अबतक का सबसे अधिक तिमाही लाभ दर्ज किया है। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 78.3 प्रतिशत का उछाल है। सभी की निगाहें चालू तिमाही नतीजों के सत्र पर टिकी हैं। निवेशक सोमवार को शुरुआती कारोबार के दौरान सबसे पहले तीन दिग्गज कंपनियों - रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक - के नतीजों पर प्रतिक्रिया देंगे। इसके बाद के सत्रों में, इन्फोसिस, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया सहित कई बड़ी कंपनियां अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। वैश्विक स्तर पर, बाजार भागीदार व्यापार समझौतों से जुड़े घटनाक्रमों पर नजर रखेंगे। इनसे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह और मुद्रा की चाल को दिशा मिलेगी। इस बीच, एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जून, 2025 तिमाही के लिए अपने एकीकृत शुद्ध लाभ में 1.31 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। बैंक का शुद्ध लाभ घटकर 16,258 करोड़ रुपये रह गया है। आईसीआईसीआई बैंक का एकीकृत शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 15.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13,558 करोड़ रुपये रहा है। जैसे ही हम एक नए सप्ताह में प्रवेश कर रहे हैं, बाजार विभिन्न घरेलू और वैश्विक व्यापक आर्थिक संकेतकों का इंतजार कर रहा है। घरेलू मोर्चे पर, निवेशक इटर्नल, अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, नेस्ले जैसी प्रमुख कंपनियों के पहली तिमाही की नतीजों पर कड़ी नजर रखेंगे। भारत और अमेरिका के वार्ताकारों ने 17 जुलाई को वाशिंगटन में प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी की। यह वार्ता वाशिंगटन में चार दिन (14-17 जुलाई) तक चली। ये विचार-विमर्श महत्वपूर्ण हैं।

# विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अब तक भारतीय शेयर बाजार से 5,524 करोड़ निकाले



नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई में अबतक भारतीय शेयर बाजार से 5,524 करोड़ रुपये निकाले हैं। अमेरिका-भारत के बीच व्यापार को लेकर जारी तनाव तथा कंपनियों के मिले-जुले तिमाही नतीजों के बीच एफपीआई शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं।

इससे पिछले तीन माह के दौरान एफपीआई भारतीय बाजार में शुद्ध लिवाल रहे थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही, 2025 में अबतक एफपीआई की कुल निकासी 83,245 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। आगे चलकर, एफपीआई प्रवाह का रुख अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि व्यापार विवादों के समाधान और कंपनियों की आमदनी में सुधार से निवेशकों का भरोसा बहाल हो सकता है और एफपीआई फिर भारतीय बाजार की ओर आकर्षित हो सकते हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (18 जुलाई तक) शेयरों से 5,524 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। इससे पहले जून में उन्होंने 14,590 करोड़ रुपये, मई में 19,860 करोड़ रुपये और अप्रैल में 4,223 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। इससे पहले, एफपीआई ने मार्च में 3,973 करोड़ रुपये, फरवरी में 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये की बड़ी निकासी की थी। एफपीआई के इस महीने के रुझान में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिला है। इसके लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। वैश्विक बाजारों और वृहद घटनाक्रमों के साथ-साथ भारत में नतीजों के सीजन के कारण एफपीआई ने निकासी की है। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने बॉन्ड में सामान्य सीमा के तहत 1,850 करोड़ रुपये और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग से 1,050 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

पेज एक का शेष

## मोदी चार

लाभ मिलने की उम्मीद है और इससे ब्रिटिश कंपनियों के लिए भारत में व्हिस्की, कार और अन्य उत्पादों का निर्यात आसान हो जाएगा, साथ ही समग्र व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार, तीन वर्षों की बातचीत के बाद तय हुए इस व्यापार समझौते से सभी क्षेत्रों में भारतीय वस्तुओं के लिए व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित होने की उम्मीद है और भारत को लगभग 99 प्रतिशत टैरिफ लाइन (उत्पाद श्रेणियों) पर टैरिफ हटने से लाभ होगा, जो लगभग 100 प्रतिशत व्यापार मूल्यों को कवर करेगा। ब्रिटिश सरकार के एक बयान में कहा गया था कि भारतीय टैरिफ में कटौती की जाएगी, जिससे 90 प्रतिशत टैरिफ लाइन में कटौती सुनिश्चित हो जाएगी, तथा इनमें से 85 प्रतिशत एक दशक के भीतर पूरी तरह टैरिफ मुक्त हो जाएंगी। विदेश मंत्रालय ने रविवार को दो देशों की यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, स्टॉर्मर के साथ भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर व्यापक चर्चा करेंगे, साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी करेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के महाराजा चार्ल्स तृतीय से भी मुलाकात करने की संभावना है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यात्रा के दौरान दोनों पक्ष व्यापार और अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और नवाचार, रक्षा और सुरक्षा, जलवायु, स्वास्थ्य, शिक्षा और लोगों के बीच संबंधों पर विशेष ध्यान देते हुए व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे। लंदन से मोदी मालदीव जाएंगे। वह मुख्य रूप से 26 जुलाई को मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होंगे। यह मोदी की मालदीव की तीसरी यात्रा होगी तथा नवंबर 2023 में राष्ट्रपति मुइज्जू के पदभार ग्रहण करने के बाद भारतीय शासनाध्यक्ष की पहली यात्रा होगी। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मुइज्जू आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करेंगे और व्यापक आर्थिक एवं समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए भारत-मालदीव संयुक्त दृष्टिकोण के कार्यान्वयन में प्रगति का जायजा लेंगे। यह संयुक्त दृष्टिकोण पिछले साल अक्टूबर में मुइज्जू की भारत यात्रा के दौरान अपनाया गया था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत द्वारा अपने समुद्री पड़ोसी, मालदीव को दिए जाने वाले महत्व को दर्शाती है, जो भारत की पड़ोसी पहले नीति और विजन महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) में एक विशेष स्थान रखता है। मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दोनों पक्षों को घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा और मजबूत करने का अवसर प्रदान करेगी।

## विपक्ष पहलगाम

ये राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे हैं। सरकार इससे पीछे नहीं हट रही है और न ही कभी हटेगी, बल्कि नियमों और परंपराओं के दायरे में चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार नियम और परंपरा को महत्व देती है। बैठक में उठाए गए मुद्दों को दोनों सदनों की कार्य मंत्रणा समिति में उठाया जाएगा, जहां अंतिम निर्णय लिया जाएगा। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा, हमने सभी बिंदुओं पर गौर किया है। हमने सभी दलों से अनुरोध किया है कि वे संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने दें। समन्वय सुनिश्चित करना होगा। संसद की सुचारु कार्यवाही सभी की जिम्मेदारी है। रीजीजू ने कहा कि सरकार ने कम सांसदों वाले दलों को संसद में बोलने के लिए अधिक समय आवंटित करने की मांग पर गौर किया है। उन्होंने कहा, हम छोटे दलों सहित सभी को पर्याप्त समय देने का प्रयास करेंगे। विपक्ष द्वारा पहलगाम हमले सहित अन्य मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी के बयान की मांग को लेकर रीजीजू ने कहा, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री विदेश यात्रा के अलावा संसद में ही रहते हैं। प्रधानमंत्री हमेशा संसद में रहते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री हर समय सदन में नहीं रहते। उन्होंने कहा, जब भी संसद चलती है, कैबिनेट मंत्री अपने विभागों से संबंधित मुद्दों पर जवाब देने के लिए उपस्थित रहते हैं। रीजीजू ने कहा कि सरकार 17 प्रमुख विधेयक ला रही है, जिनका विवरण जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी दल भी चाहते हैं कि विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडलों के दौरे के बाद सरकार की उपलब्धियों को उजागर करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी चाहिए। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी ट्रंप के दावों, उन चूकों जिनके कारण पहलगाम हमला हुआ और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बयान दिए जाने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दायित्व है कि वह इन प्रमुख मुद्दों पर संसद में बयान दें। गोगोई ने कहा, हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री अपना नैतिक दायित्व निभाएंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि एसआईआर और निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाए गए हैं और जवाब न देने से चुनाव प्रक्रिया तथा भविष्य के चुनावों की निष्पक्षता पर संदेह पैदा होगा। उन्होंने कहा कि संसद में सरकार का रुख स्पष्ट करना प्रधानमंत्री का कर्तव्य है। गोगोई ने सशस्त्र बलों के कई अधिकारियों द्वारा चीन और पाकिस्तान द्वारा दोतरफा हमले का मुद्दा उठाए जाने का भी जिक्र किया और इस पर चर्चा की मांग की। उन्होंने कहा कि रक्षा और विदेश नीति तथा रक्षा बजट आवंटन पर चर्चा जरूरी है और प्रधानमंत्री को इस पर जवाब देना चाहिए। गोगोई ने मणिपुर की स्थिति पर भी चर्चा की मांग करते हुए कहा, वहां ढाई साल बाद भी हिंसा खत्म नहीं हुई है। प्रधानमंत्री कई छोटे देशों का दौरा कर चुके हैं, लेकिन मणिपुर जैसे छोटे राज्य में जाने से बच रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने बैठक में बिहार में एसआईआर के कथित चुनावी घोटाले और भारत एवं पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम कराने में मध्यस्थता संबंधी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे का मुद्दा उठाया।

## योगी ने की

परिसर में उतरा, जिसके बाद उन्होंने मोदीपुरम क्षेत्र में दुल्हेड़ा चौकी के पास बनाए गए मंच से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मंच पर राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राज्य सरकार में मंत्री सोमेंद्र तोमर और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक कांवड़ संघ से ऐसे किसी भी तत्व का पर्दाफाश करने का आग्रह किया, जो इस यात्रा को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं और उपद्रव कर रहे हैं। योगी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें यह ध्यान रखना होगा कि कुछ तत्व लगातार इस उत्साह को भंग करने और इस भक्ति व आस्था को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे तत्वों द्वारा सोशल मीडिया मंचों के साथ-साथ प्रत्यक्ष रूप से भी कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की कोशिशें की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से किसी भी प्रकार की संदेहास्पद गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करने की अपील की। इससे पहले योगी ने मेरठ से मुजफ्फरनगर तक कांवड़ मार्ग का हवाई सर्वेक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यह भी कहा कि शिव भक्ति का मूल भाव संयम, अनुशासन और सहभाव है। योगी ने कहा, सभी शिवभक्तों का दायित्व है कि वह कांवड़ ले जाते समय दूसरों की परेशानी को भी समझें। अपने सह कांवड़ यात्रियों, अन्य शिवभक्तों तथा राहगीरों की सुविधाओं का ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा, 2017 से पहले कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासनिक रवैया नकारात्मक था। यात्रा में बाधाएं डाली जाती थीं। लेकिन अब सरकार श्रद्धालुओं के साथ है और पूरी तत्परता से सेवाएं दे रही है। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से समय पर अपने गंतव्य पहुंचने और शांति पूर्वक जलाभिषेक करने की भी अपील की।

## स्कूली बच्चों

में दाखिला, प्रवेश परीक्षाओं के लिए पंजीकरण, छात्रवृत्ति का लाभ उठाने, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजनाओं आदि जैसी सेवाओं का लाभ (जहां भी लागू हो) उठाने में आधार के निर्बाध उपयोग को सुनिश्चित करना है। कुमार ने कहा, हम विद्यालयों और कॉलेजों में दूसरी अपडेट प्रक्रिया लागू करने की योजना बना रहे हैं, जो बच्चों के 15 साल की उम्र पूरी करने के बाद की जाती है। फिलहाल, नवजात शिशुओं और पांच साल से कम उम्र के बच्चों का आधार उनके बायोमेट्रिक के बिना ही बनाया जाता है। कुमार ने कहा कि कई सरकारी योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए आधार बेहद जरूरी है। हम चाहते हैं कि बच्चों को सभी लाभ सही समय पर मिलें। विद्यालयों के जरिए, हम ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक सुविधा को पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इस परियोजना के तहत, यूआईडीएआई हर जिले में बायोमेट्रिक मशीनें भेजेगा, जिन्हें एक स्कूल से दूसरे स्कूल में ले जाया जाएगा।

## कांवड़ यात्रा

जल लाकर अपने क्षेत्र के शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं। यह परंपरा हजारों वर्षों से चली आ रही है, जो न केवल हमारी धार्मिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि भारत की एकता और सामाजिक समरसता का भी द्योतक है। मुख्यमंत्री सैनी ने शिवभक्तों से अपील करते हुए कहा कि यात्रा के दौरान अनुशासन और संयम बनाए रखें, जिससे किसी को कोई असुविधा न हो और यात्रा का पवित्र उद्देश्य पूर्ण हो। उन्होंने प्रशासन से भी अपील की कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए हर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

## छांगुर का

में ब्योरा जुटा रही है। खासतौर से उन लड़कियों के बारे में पता किया जा रहा है कि जो लव जिहाद में फंसने के बाद दोबारा अपने घर वापस नहीं आईं। लव जिहाद को लेकर भारत नेपाल सीमा पहले से ही संवेदनशील रही है। सीमा के उस पार भी बड़े अड्डे हैं। धर्मांतरण करने वालों को यहां से सीधे बार्डर के उस पार करवा दिया जाता है। नेपाल से वह दूसरे रास्तों के जरिए विभिन्न शहरों में चले जा रहे। अभी तक एटीएस ने जो कार्रवाई की है उसमें इसी तरह का खेल सामने आया है। खुफिया एजेन्सी के एक अफसर का कहना है कि कुछ और साक्ष्य मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पटनाः गैंगस्टर

आरोपियों के ठिकानों का पता लगाया। एसएसपी ने कहा कि हमने कोलकाता पुलिस से संपर्क किया और पूरी जानकारी साझा की। कोलकाता पुलिस और उनके विशेष कार्य बल ने एक टीम बनाई और आरोपियों को पकड़ने में बिहार पुलिस को पूरी मदद की। एसएसपी ने बताया कि बिहार पुलिस के अधिकारियों ने पटना में तौसीफ के एक सहयोगी की बहन से भी पूछताछ की ताकि उनके ठिकानों के बारे में जानकारी मिल सके। बक्सर जिले के निवासी चंदन मिश्रा की बृहस्पतिवार सुबह पटना के एक निजी अस्पताल में हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। चंदन मिश्रा हत्या के एक मामले में दोषी था और पैरोल पर बाहर आया था। पुलिस ने सभी आरोपियों की पहचान कर ली है। घटना का एक कथित सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में 17 जुलाई को पांच हथियारबंद लोगों को अस्पताल के आईसीयू में घुसते और चंदन मिश्रा पर गोलियां चलाते हुए दिखाया गया था। मिश्रा बेऊर जेल में सजा काट रहा था और फिलहाल पैरोल पर था तथा इलाज के लिए अस्पताल गया था। उस पर 12 से ज्यादा हत्याओं समेत 24 आपराधिक मामले दर्ज थे। बयान में कहा गया है कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि चंदन की हत्या की साजिश पटना के समनपुरा इलाके में तौसीफ के एक सहयोगी के आवास पर रची गई थी। पश्चिम बंगाल पुलिस ने शनिवार को बताया कि कोलकाता के आनंदपुर इलाके के एक गेस्ट हाउस से एक महिला समेत पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।




# इंग्लैंड ने भारत को आठ विकेट से हराया

## तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर की, बारिश से प्रभावित 29 ओवर के दूसरे वनडे में 143 रन बनाये

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड ने वर्षा से प्रभावित दूसरे एकदिवसीय मैच में शनिवार को भारतीय क्रिकेट टीम को डकवर्थ-लुईस पद्धति से आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। इससे पहले दिन में, इंग्लैंड की शानदार गेंदबाजी के सामने सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (42) और दीप्ति शर्मा (नाबाद 30) की संयमित बल्लेबाजी से भारतीय महिला टीम ने तीन मैच की श्रृंखला में बारिश से प्रभावित 29 ओवर के दूसरे वनडे में आठ विकेट पर 143 रन बनाये।

लगातार बारिश के कारण मैच शुरू होने में काफी विलंब हुआ और इसे 29-29 ओवर का कर दिया गया था। शुरुआत में इंग्लैंड को 29 ओवर में 144 रन का लक्ष्य प्राप्त करना था, लेकिन फिर से बारिश होने के कारण लक्ष्य को संशोधित कर 24 ओवर में 115 रन कर दिया गया, तब 18.4 ओवर में इंग्लैंड का स्कोर एक विकेट पर 102 रन था। घरेलू टीम ने अंततः संशोधित लक्ष्य को 21 ओवर में हासिल कर मैच जीत लिया। इससे पहले इंग्लैंड ने बादलों की आंख मिचौली के बीच टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का फैसला किया। तेज गेंदबाज एम अर्लॉट (26 रन पर दो विकेट) ने पारी के दूसरे ही ओवर में प्रतिका रावल (तीन) को



बोल्ड कर भारत को बड़ा झटका दिया। मंधाना और हरलीन देओल (16) ने दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी कर टीम की वापसी करने की कोशिश की। इस साझेदारी को 10वें ओवर में सोफी एकलेस्टोन ने तोड़ा। उन्होंने 27 रन पर तीन विकेट लिये। इस साझेदारी के टूटने के बाद हालांकि विकेटों का पतझड़ शुरू हो गया। मंधाना एक छोर पर डटी रही लेकिन दूसरे छोर से एक्लेस्टोन ने हरलीन के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत (सात) को भी चलता किया। जेमिमा रोड्रिग्स (तीन) और रिचा घोष (दो) भी जल्दी पवेलियन लौट गयी। जिससे भारतीय टीम का स्कोर एक विकेट पर 46 रन से पांच विकेट पर 72 रन हो गया। टीम के रनों का शतक पूरा होने से पहले मंधाना को लिन्से स्मिथ (28 रन पर दो विकेट) ने पवेलियन की राह दिखायी।

### तेंदुलकर के साथ अपना नाम ट्रॉफी पर अजीब लगता है : जेम्स एंडरसन

लंदन। इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने स्वीकार किया कि सचिन तेंदुलकर के साथ ट्रॉफी पर अपना नाम देखकर वह अजीब महसूस करते हैं और उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के महानतम क्रिकेटरों में से एक के साथ अपना नाम होना बहुत बड़ा सम्मान है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी का नाम एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी रखा है। पहले इसका नाम पटौदी ट्रॉफी था जो भारत के पूर्व कप्तान इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर था। एंडरसन ने स्काय स्पोटर्स से कहा यह जरूरी नहीं कि आपके नाम पर ट्रॉफी का होना कितना बड़ा है, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण है कि आपके नाम के साथ सचिन तेंदुलकर का नाम है, जो मेरे लिए अब तक के सबसे महान क्रिकेटरों में से एक हैं। उन्होंने कहा, मैं ट्रॉफी पर अपने साथ उनका नाम देखता हूं तो बड़ा अजीब लगता है। मैं उनका काफी सम्मान करता हूं। मैने बचपन से उन्हें देखा है और उनके खिलाफ खेला है। वह इतने महान क्रिकेटर रहे हैं जिन्होंने पूरे देश की उम्मीदों का बोझ अपने पूरे कैरियर में उठाया है।

# बैडमिंटन मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ भारतीय ने डब्ल्यूयूजी में खोला खाता

बर्लिन। भारत ने बैडमिंटन खिलाड़ियों की बदौलत रविवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में खाता खोला जिन्होंने चीनी ताइपे से हार के बावजूद मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता जबकि तैराक श्रीहरि नटराज ने पूल में अपना रिकॉर्ड प्रदर्शन जारी रखा। सतीश कुमार करुणाकरण, देविका सिहाग, सनीथ दयानंद, तस्नीम मीर, वर्षिनी विश्वनाथ श्री और वैष्णवी खड़केकर की भारतीय मिश्रित टीम सेमीफाइनल में चीनी ताइपे के अपने प्रतिद्वंद्वियों से ।-3 से हार गई। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार सेमीफाइनल में हारने वाली दोनों (दूसरी टीम कोरिया) को कांस्य पदक मिलेगा।

चीन और चीनी ताइपे फाइनल में आमने-सामने होंगे। रविवार को दूसरे सेमीफाइनल में चीन ने कोरिया को हराया। भारत के लिए सिर्फ देविका ही महिला एकल मैच जीत पाईं और उन्होंने हुआंग चिंग पिंग को 15-10, 15-10 से हराया। करुणाकरण पहले मैदान में उतरे और पुरुष एकल मैच में सु ली यांग से 13-15, 15-13, 10-15 से हार गए। देविका की जीत के बाद दयानंद और करुणाकरण की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी चेन झी रे और लिन यू चीह से 8-15, 13-15 से हार गई।

तस्नीम और वर्षिनी की महिला युगल जोड़ी चौथे मैच में ह्सू यिन-हुई और यांग चू युन से 3-15, 8-15 से हार गई और चीनी ताइपे ने सेमीफाइनल



में जगह बना ली। तैराक श्रीहरि नटराज ने रविवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय बेहतर करते हुए 49.46 सेकेंड का समय निकाला और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

नटराज ने ग्वांग्झू एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2008 में बनाये गये 49.47 सेकेंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया। नटराज ने हीट नंबर 6 रेस जीती और कुल मिलाकर 12वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। शुक्रवार को नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में दो बार अपने ही सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय को बेहतर किया था। तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय केवल राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में ही बनाए जाते हैं। अन्य प्रतियोगिताओं में बनाए गए समय को सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय या सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन माना जाता है। हमवतन जाशुआ थॉमस दुरई हीट में 51.45 सेकेंड के समय के साथ 47वें स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहे।

नटराज ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में भी 25.59 सेकंड के समय के साथ हीट 4 जीतकर और कुल मिलाकर 10वें स्थान पर रहकर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता में शामिल एक अन्य भारतीय ध्यान महेश कुमार हीट में कुल मिलाकर 35वें स्थान पर रहे।

## संक्षेप

### गोल्फ : भाटिया 34वें और राय संयुक्त 44वें स्थान पर

पोर्टरश (उत्तरी आयरलैंड)। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने ब्रिटिश ओपन के तीसरे दौर में एक-अंडर 70 का स्कोर किया, जिससे वह संयुक्त 34वें स्थान पर आ गए हैं। भाटिया ने सातवें और नौवें होल पर दो बर्डी लगाई लेकिन आखिरी नौ होल में वह दो बोगी कर बैठे। भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय शुरुआती दो दौर की लय को बरकरार नहीं रख पाये और पार 71 का कार्ड खेलने के बाद 18 स्थान नीचे खिसक कर संयुक्त रूप से 44वें स्थान पर आ गये। साहिथ थीगाला कट से जगह बनाने से चूक गये।

### निशांत देव ने इवांस पर दर्ज की जीत

नयी दिल्ली। भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पेशेवर सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के फ्रिस्को में स्थानीय मुक्केबाज लाकुआन इवांस को तकनीकी नॉकआउट आधार पर हराया। 24 वर्ष के निशांत ने सुपर वेल्टरवेट मुकाबले के छठे दौर में जीत दर्ज की जो पेशेवर सर्किट पर उनकी लगातार तीसरी जीत है। निशांत ने लगातार घूंसे बरसाये जिसके बाद रैफरी ने एक मिनट 58 सेकंड के बाद मुकाबला रोक दिया। विश्व चैम्पियनशिप 2023 में लाइट मिडिलवेट (71 किलो) में कांस्य पदक जीत चुके निशांत इस साल की शुरूआत में पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको के मार्को वेर्डे से मामूली अंतर से हारने के बाद पेशेवर सर्किट में उतरे थे।

### श्रीहरि नटराज ने 100 मीटर में भारतीय समय को किया बेहतर

बर्लिन। तैराक श्रीहरि नटराज ने रविवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय बेहतर करते हुए 49.46 सेकेंड का समय निकाला और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। नटराज ने ग्वांग्झू एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2008 में बनाये गये 49.47 सेकेंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया। नटराज ने हीट नंबर 6 रेस जीती और कुल मिलाकर 12वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

शुक्रवार को नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में दो बार अपने ही सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय को बेहतर किया था। तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय केवल राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में ही बनाए जाते हैं। अन्य प्रतियोगिताओं में बनाए गए समय को सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय या सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन माना जाता है।

# एथलेटिक्स : श्रीशंकर ने पुर्तगाल में लंबी कूद का जीता खिताब

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के स्टार लांग जंपर मुरली श्रीशंकर ने पुर्तगाल के माइया में विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के कांस्य स्तर के टूर्नामेंट मीटिंग माइया सिडाडे डो डेसपोर्टो में 7 . 75 मीटर की कूद लगाकर खिताब जीत लिया। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने शनिवार की रात को दूसरे दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। उन्होंने 7.63 मीटर की कूद के साथ शुरूआत की और दूसरे दौर में 7 . 75 मीटर की कूद लगाई। तीसरी कूद में उन्होंने 7 . 69 मीटर का फासला नापा। अगला प्रयास फाउल रहा और इसके बाद 6 . 12 और 7 . 58 मीटर की कूद लगाई। पोलैंड के पियोत्र तारकोवस्की ने भी 7 . 75 मीटर की कूद लगाई लेकिन उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7 . 58 मीटर था जो श्रीशंकर के 7 . 69 मीटर से कम था। विश्व एथलेटिक्स के नियमों के अनुसार अगर दो खिलाड़ियों में टाई होता है तो दूसरी वैध कूद को टाइब्रेकर माना जाता है।

घुटने के आपरेशन के कारण लंबे समय खेल से दूर रहे श्रीशंकर ने इस महीने की शुरूआत में इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट के जरिये वापसी की है। उनकी नजरें सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई करने पर लगी है जिसके लिये स्वतः क्वालीफिकेशन मार्क 8 . 27 मीटर है।

### क्रिकेट संघ चुनाव अध्यक्ष समेत 23 पदों के लिए कुल 49 उम्मीदवार मैदान में

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में क्रिकेट संचालन की प्रमुख संस्था क्रिकेट संघ लखनऊ (सीएएल) के चुनाव के लिये नामांकन के दूसरे और अंतिम दिन रविवार को 17 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिये नामांकन दाखिल किया। अध्यक्ष समेत 23 पदों के लिये चुनाव आगामी 26 जुलाई को होगा। सीएएल से मिली जानकारी के मुताबिक 11 पदों के लिये 19 उम्मीदवारों समेत कुल 49 उम्मीदवार मैदान में हैं। नामांकन पत्रों की जांच 21 जुलाई को होगी जबकि मतदान 26 जुलाई को लखनऊबाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय परिसर में होगा। सीएएल का पिछला चुनाव वर्ष 2017 में हुआ था, जिसमें सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी नवनीत सहगल अध्यक्ष चुने गये थे। उन्होंने इस बार भी इसी पद के लिये नामांकन किया है। अध्यक्ष पद के लिये अखिल भारतीय कांग्रेस कमेठी के वरिष्ठ सदस्य ललन कुमार ने भी नामांकन किया है। ऐसे में अध्यक्ष पद के लिये चुनाव रोचक हो सकता है। कुमार ने पीटीआईभाषा से कहा, सीएएल का चुनाव हर तीन साल पर होना चाहिये लेकिन इस बार यह लगभग सात साल बाद हो रहा है। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) से सम्बद्ध सीएएल राजधानी लखनऊमें क्रिकेट की नियंत्रण और शासी इकाई है।

# तेज गेंदबाज कम्बोज भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी

मैनचेस्टर। इंग्लैंड के खिलाफ 23 जुलाई से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट के लिये फिट होने की कोशिशों में जुटे आकाश दीप और अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। ग्रोइन की चोट से जूझ रहे आकाश दीप ने दूसरा और तीसरा टेस्ट खेला था जबकि अर्शदीप इस श्रृंखला में अभी तक नहीं खेल सके हैं। आकाश दीप की उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है जबकि अर्शदीप का मैनचेस्टर टेस्ट में खेलना मुश्किल ही लग रहा है जिसकी वजह से चयनकर्ताओं ने कम्बोज को बुलाया।

अर्शदीप को नेट सत्र के दौरान साइ सुदर्शन का एक शॉट बचाते समय बायें हाथ में चोट लगी थी। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा था, हम मैनचेस्टर टेस्ट पास आने पर टीम संयोजन के बारे में फैसला लेंगे, खासकर अर्शदीप की स्थिति को ध्यान में रखते हुए। उन्होंने कहा था उसे कट लगा है लेकिन देखना है कि यह कितना गहरा है। मेडिकल टीम उसे डॉक्टर के पास ले गई है और देखना है कि उसे टांके आते हैं या नहीं। कम्बोज ने टेस्ट श्रृंखला से पहले



इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों में भारत ए के लिये अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने नॉर्थम्पटन और कैंटरबरी में चार पारियों में पांच विकेट लिये। उन्होंने पिछले साल केरल के खिलाफ लाहली में रणजी ट्रॉफी मैच में हरियाणा के लिये एक पारी के दस विकेट चटकाये थे। वह बंगाल के प्रेमांग्शु चटर्जी (1956 . 57) और राजस्थान के प्रदीप सोमासुंदरम (1985 . 86) के बाद यह कारनामा करने वाले तीसरे गेंदबाज बने थे। उन्होंने पिछले सत्र में छह रणजी मैचों में 34 विकेट लिये थे।

**भारतीय सितारों के बहिष्कार के बाद डब्ल्यूसीएल में भारत . पाकिस्तान मैच रद्द**

बर्मिंघम। पहलगाम में अप्रैल में हुए आतंकवादी हमले का हवाला देकर शिखर धवन समेत कई भारतीय सितारों के खेलने से इनकार के बाद विश्व लीजैंड्स चैम्पियनशिप (डब्ल्यूसीएल) में भारत और पाकिस्तान के वेटरन खिलाड़ियों के बीच रविवार को यहां होने वाला मैच रद्द कर दिया गया है। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन इस चैम्पियनशिप के सह मालिक है और इसका दूसरा सत्र 18 जून को एजबेस्टन में शुरू हुआ था। इसका फाइनल मुकाबला दो अगस्त को खेला जाएगा। विश्व कप विजेता युवराज सिंह इंडिया चैम्पियंस टीम के कप्तान है जिसमें हरभजन सिंह, इरफान पठान, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और वरुण आरोन जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं। डब्ल्यूसीएल के आयोजकों ने एक्स पर एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए मैच रद्द करने के फैसले की जानकारी दी।

# उत्तर प्रदेश लगातार दूसरी बार विजेता, मिले 40 स्वर्ण

लखनऊ। मेजबान उत्तर प्रदेश ने द्वितीय डब्लूएमएसकेएफ ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप-2025 में दमदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 40 स्वर्ण के साथ ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा बरकरार रखा। वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे फेडरेशन, इंडिया के तत्वावधान में वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे फेडरेशन, उत्तर प्रदेश द्वारा चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप में पश्चिम बंगाल की टीम उपविजेता रही जबकि पंजाब को तीसरा स्थान मिला। इस चैंपियनशिप में मेजबान उत्तर प्रदेश ने 40 स्वर्ण, 52 रजत, 26 कांस्य सहित 118 पदक के साथ पहला स्थान हासिल किया। पश्चिम बंगाल 22 स्वर्ण, 6 रजत, 4 कांस्य सहित 32 पदक के साथ दूसरे एवं पंजाब 8 स्वर्ण, 4 रजत, 2 कांस्य सहित 14 पदक के साथ तीसरे स्थान

❍ द्वितीय डब्लूएमएसकेएफ ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप

पर रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक डा.कीर्ति विक्रम सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अनिल कुमार त्रिपाठी (प्रदेश अध्यक्ष, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ, एलजीपी -राम विलास पासवान) ने खिलाड़ियो को पुरस्कृत किया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए शोतोकान कराटे फेडरेशन, उत्तर प्रदेश के सचिव संतोष कुमार ने




धन्यवाद ज्ञापित किया। आज समापन समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश स्वात एसोसिएशन के सचिव केबी पंत सहित समाजसेवी जितेंद्र सिंह व आदित्य त्रिवेदी भी मौजूद थे।

चैंपियनशिप के दूसरे व अंतिम दिन उत्तर प्रदेश के अंश लोधी ने बालक कैडेट कुमिते (60 किग्रा से कम), पिंटू यादव ने बालक कैडेट (45 किग्रा से कम), शुभ रावत ने बालक कैडेट (40 किग्रा से कम), शक्ति सिंह ने बालिका सब जूनियर कुमिते (8 साल, 35 किग्रा से कम) एवं काता में स्वर्ण पदक जीते। अन्य परिणामों में बालिका सब जूनियर 11 साल काता में उत्तर प्रदेश की अवंतिका सिंह ने स्वर्ण व पश्चिम बंगाल की अहाना भट्टाचार्य ने रजत पदक जीता। बालिका सब जूनियर कुमिते (10 साल, 45 किग्रा से कम) में उत्तर प्रदेश की यादवी यादव ने स्वर्ण, अद्विका तिवारी ने रजत व अन्वेषा श्रीवास्तव ने कांस्य पदक जीता। बालक सब जूनियर कुमिते (9 साल, 35 किग्रा से कम) में उत्तर प्रदेश के अणर्व गुप्ता ने स्वर्ण, अंश पटवा ने रजत एवं कविश मिश्रा व साहिल यादव ने कांस्य पदक जीते। बालिका सब जूनियर कुमिते (11 साल, 40 किग्रा से कम) में उत्तर प्रदेश की सुनैषा चौधरी ने स्वर्ण, वर्तिका सिंह ने रजत एवं पश्चिम बंगाल की अहाना बनर्जी व अंकिता भगत ने कांस्य पदक जीते।

बालिका सब जूनियर कुमिते (10 साल, 40 किग्रा से कम) में उत्तर प्रदेश की आरना सिंह ने स्वर्ण, पश्चिम बंगाल की सजदा साहिल ने रजत व उत्तर प्रदेश की आराध्या ने कांस्य पदक जीते। बालिका सब जूनियर 10 साल काता में पश्चिम बंगाल की असिता बनर्जी ने स्वर्ण, इशानी ने रजत एवं पश्चिम बंगाल की सजदा साहिल व उत्तर प्रदेश की यशस्वी त्रिवेदी ने कांस्य पदक जीते।

### अर्जुन व प्रज्ञानानंदा पर जीत के बाद कार्लसन तीसरे स्थान के लिए खेलेंगे

लास वेगास (अमेरिका)। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने लय में वापसी करते हुए फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में अर्जुन एरिगेसी को 2-0 और आर प्रज्ञानानंदा को 3-। से शिकस्त दी। अब 750,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट के फाइनल में हैंस मोके नीमन का सामना अमेरिका के लेवोन अरोनियन से होगा जबकि कार्लसन तीसरे स्थान के लिए दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा से भिड़ेंगे। कार्लसन के लिए दोनों मैच काफी रोमांचक रहे क्योंकि इससे पहले प्रज्ञानानंदा ने उन्हें टूर्नामेंट जीतने का मौका हासिल करने से महरूम कर दिया था। भारतीय खिलाड़ी ने इस मिनी-मैच के पहले गेम में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की लेकिन नॉर्वे के खिलाड़ी ने रिटर्न गेम में वापसी की और जीत हासिल कर टूर्नामेंट में वापसी की। वहीं अर्जुन ने पहले गेम में बढ़त हासिल की लेकिन इसे कायम नहीं रख सके जबकि दूसरे गेम में कार्लसन सर्वश्रेष्ठ साबित हुए। अंतिम दिन की अन्य बाजियों में अर्जुन पांचवें स्थान के प्ले-ऑफ के लिए अमेरिका के फैबियानो कारूआना से भिड़ेंगे जबकि प्रज्ञानानंदा को सातवें स्थान के लिए एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो से भिड़ना है। अब अंतिम दिन सभी की निगाहें नीमन पर लगी होंगी जो अंतिम आठ चरण में सबसे कम रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं और 200,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के लिए वापसी करने वाले अरोनियन के सामने होंगे। भारतीय खिलाड़ी ने इस मिनी-मैच के पहले गेम में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की लेकिन नॉर्वे के खिलाड़ी ने रिटर्न गेम में वापसी की और जीत हासिल कर टूर्नामेंट में वापसी की।

# हालात से जल्दी सामंजस्य नही बिठा सके : मंधाना

एजेसी

लंदन। अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय में इंग्लैंड से हार के बाद स्वीकार किया कि भारतीय खिलाड़ी लॉर्ड्स मैदान की मुश्किल परिस्थितियों के अनुकूल नहीं ढल पाए और बल्लेबाजों ने समझदारी भरे शॉट नहीं खेले। भारत ने साउथम्पटन में खेले गये पहले मैच में चार विकेट से जीत हासिल की लेकिन शनिवार को लॉर्ड्स में खेले गये बारिश से प्रभावित मुकाबले में उन्हें आठ विकेट से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। उप-कप्तान मंधाना (42) और दीप्ति शर्मा (30 नाबाद) को छोड़कर कोई भी भारतीय बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों के सामने चुनौती पेश करने में विफल रहा।

भारतीय टीम 29 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन ही बना सकी। मंधाना ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगता है कि बल्लेबाजी इकाई के तौर पर हम परिस्थितियों के अनुकूल जल्दी नहीं ढल पाये। हमने कुछ ऐसे शॉट खेलने की कोशिश की जो लॉर्ड्स जैसी पिच शायद आसान नहीं थे। मंधाना ने स्वीकार किया कि मैच शुरू होने से पहले बारिश के कारण लंबे ब्रेक से खिलाड़ियों की एकाग्रता प्रभावित हुई। उन्होंने कहा बारिश से प्रभावित मैच में ध्यान केंद्रित करना हमेशा बहुत मुश्किल होता है। हमें मैच शुरू होने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। इस तरह के मैचों में टॉस अगर आपके पक्ष में नहीं रहा तो मुश्किलें और बढ़ सकती है। यह हम सभी के लिए एक कड़ी चुनौती थी। हम कुछ पहलुओं पर और बेहतर कर सकते थे। इस खब्बू बल्लेबाज ने कहा कि कहा कि लॉर्ड्स में रन बनाना हमेशा मुश्किल काम होता है और उनकी टीम कुछ महत्वपूर्ण सबक लेकर वापस लौटेगी। उन्होंने कहा कई खिलाड़ियों को लॉर्ड्स में



पहली बार खेलने का मौका मिला। उत्साह काफी ज्यादा था। इसलिए मुझे यकीन है कि बहुत से इन खिलाड़ियों ने काफी कुछ सीखा होगा। भारत ने 2017 में इसी मैदान पर इंग्लैंड से विश्व कप फाइनल हारा था।

इस मैच में नौ रन की हार के बावजूद टीम के प्रदर्शन का ग्राफ उसके बाद ऊपर चढ़ा। मंधाना ने कहा कि पिछले आठ साल भारत में महिला क्रिकेटरों के लिए शानदार रहे हैं। उन्होंने कहा महिला क्रिकेट, खास कर भारत में 2017 के बाद काफी बदलाव आया है। हम सब उस दिन जीत नहीं पाने से बहुत निराश थे, लेकिन जब हम भारत लौटे तब हमें नायकों जैसा स्वागत मिला। हर कोई महिला क्रिकेट के बारे में बहुत कुछ जानने लगा। उन्होंने कहा पिछले आठ वर्षों से हम जहां भी खेलते हैं स्टेडियम में मौजूद भारतीय प्रशंसकों की संख्या से हमें लगता है कि हम घरेलू मैदान पर खेल रहे हैं। लोग हमें देखने आते हैं, हमारी आलोचना करते हैं, हमारी सराहना करते हैं, जो सब अच्छा है क्योंकि इससे क्रिकेट को बढ़ावा मिल रहा है।

**भारतीय खिलाड़ियों के बहिष्कार के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच लीजेंड्स मैच रद्द**

बर्मिंघम। शिखर धवन सहित कई भारतीय खिलाड़ियों के खेलने से इनकार के बाद वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भारत-पाकिस्तान के बीच मैच रद्द कर दिया गया है। भारतीय खिलाड़ियों ने अप्रैल में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में इस मैच में शामिल होने से इनकार किया था।

# आपातकाल के अहसास ने दिलायी सफलता

## मेरा साक्षात्कार 21 मार्च 1977 को हुआ था, जिस दिन आपातकाल हटाया गया था : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को सिविल सेवा में अपने प्रवेश को याद करते हुए कहा कि दिल्ली में उनका यूपीएससी साक्षात्कार 21 मार्च, 1977 को हुआ था - जिस दिन आपातकाल हटाया गया था। जयशंकर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, (1977) चुनाव के नतीजे एक दिन पहले से आ रहे थे। आपातकालीन शासन की हार का एहसास साफ दिख रहा था।

एक तरह से, इसी चीज ने मुझे साक्षात्कार में सफलता दिलाई। पुरानी यादों को ताजा करते हुए, उस समय 22 साल के रहे जयशंकर ने कहा कि वे साक्षात्कार से दो महत्वपूर्ण बातें लेकर लौटे - दबाव में संचार का महत्व और वह कि महत्वपूर्ण लोग एक दायरे से बाहर नहीं देख रहे थे। सिविल सेवा में प्रवेश पाने वाले नए बैच के लोगों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने यूपीएससी परीक्षा को अग्नि परीक्षा के समान बताया और कहा कि सेवाओं के लिए उम्मीदवारों का चयन करने के लिए यह दुनिया की एक बहुत ही अनोखी परीक्षा प्रणाली है। जयशंकर ने कहा कि असली चुनौती साक्षात्कार है और उन्होंने 48 साल पहले हुए अपने यूपीएससी साक्षात्कार का उदाहरण दिया। अब 70 साल के हो चुके जयशंकर याद करते हैं, मेरा साक्षात्कार 21 मार्च, 1977 को था। उसी दिन आपातकाल हटा



लिया गया था। तो, मैं शाहजहां रोड पर साक्षात्कार के लिए गया। उस सुबह सबसे पहले पहुंचने वाला मैं था। लगभग एक महीने पहले, मोदी सरकार ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल की 50 वीं बरसी मनाई थी, जिसके तहत देश भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए थे, ताकि उस घटना को याद किया जा सके जिसे उसके नेताओं ने भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय करार दिया था। देश में 21 महीने का आपातकाल 25 जून 1975 को लगाया गया था और 21 मार्च 1977 को हटा लिया गया था। विपक्षी नेताओं का गठबंधन जनता पार्टी, 1977 के चुनावों में विजयी हुई तथा इंदिरा गांधी को पराजित किया और मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने। जयशंकर ने कहा कि साक्षात्कार में उनसे पूछा गया था कि 1977 के चुनावों में क्या हुआ था।

एक छात्र के रूप में जेएनयू से अपने जुड़ाव और राजनीति विज्ञान विषय का हवाला देते हुए विदेश मंत्री ने कहा, मैं भाग्यशाली था। जयशंकर ने कहा, हमने 1977 के चुनाव अभियान में हिस्सा लिया था। हम सभी वहां गए थे और आपातकाल के खिलाफ काम किया था। उन्होंने कहा तो जवाब देते वक्त, मैं भूल गया था कि मैं साक्षात्कार में हूं, और उस समय, किसी तरह मेरा संवाद कौशल काम करने लगा। एक अनुभवी राजनयिक और इससे पहले विदेश सचिव के तौर पर व्यापक रूप से सेवा दे चुके जयशंकर ने कहा था कि उन लोगों को, जो सरकार से काफी जुड़े हुए हैं, सहानुभूति रखते हैं, उन्हें आहत किए बिना यह समझाना कि क्या हुआ था, वास्तव में एक बड़ी चुनौती थी। और दूसरी बात जो उन्होंने उस दिन सीखी, वह थी इस लुटियंस बबल (लुटियंस दिल्ली के दायरे तक सिमटने) के बारे में।

## सीबीआई समर्थित इंटरपोल रेड नोटिस की संख्या वर्ष 2023 के बाद दोगुने से अधिक हो गयी




नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अनुरोध पर जारी किए गए इंटरपोल के रेड नोटिस की वार्षिक संख्या वर्ष 2023 के बाद से दोगुने से भी ज्यादा हो गई है। यह इंटरपोल महासभा और जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी के दौरान हुए विचार-विमर्श के आधार पर और परिष्कृत तकनीक को अपनाकर भगोड़ों की तलाश की दिशा में देश में आए क्रांतिकारी बदलाव को दर्शाता है। ल्योन स्थित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) ने 2020 में 25, 2021 में 47 और 2022 में 40 रेड नोटिस जारी किए थे। नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि 2023 से, भारत के अनुरोध पर जारी किए गए रेड नोटिस की संख्या में उल्लेखनीय गति से वृद्धि हुई है। इसकी संख्या 2023 में 100, 2024 में 107 थी, जबकि 2025 के पहले छह महीनों में 56 नोटिस जारी किए गए। इंटरपोल पारंपरिक रूप से 195 सदस्य देशों को विभिन्न उद्देश्यों के लिए आठ रंग के नोटिस जारी करता है, जो किसी देश के अनुरोध पर उन्हें सचेत करते हैं।

इसने इस वर्ष पायलट आधार पर नौवां नोटिस सिल्वर नोटिस जोड़ा है, ताकि विदेशों में जमा अवैध संपत्तियों पर नजर रखी जा सके। सिल्वर नोटिस में भारत भी भागीदार है। रेड नोटिस (आरसीएन), किसी भगोड़े पर नजर रखने के लिए सबसे अहम है। रेड नोटिस (आरसीएन) के तहत इंटरपोल द्वारा दुनिया भर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या इसी तरह की कानूनी कार्रवाई लंबित रहने तक किसी व्यक्ति का पता लगाने और उसे अस्थायी रूप से गिरफ्तार करने का अनुरोध किया जाता है। कानून से बचने के लिए किसी दूसरे देश में भाग गए किसी भगोड़े के प्रत्यर्पण की दिशा में यह पहला महत्वपूर्ण कदम है।

संक्षेप

### डिजिटल अरेस्ट व ऑनलाइन निवेश मामले में तीन गिरफ्तार

नयी दिल्ली। ऑनलाइन निवेश और डिजिटल अरेस्ट जैसी धोखाधड़ी के जरिए लोगों को ठगने में कथित तौर पर शामिल तीन लोगों को दिल्ली और राजस्थान से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान राजस्थान के टोंक निवासी दीपक वर्मा (20), सीकर निवासी कानून के छात्र सुरेंद्र कुमार डूडी और हरियाणा के सिरसा निवासी वेल्डर राजवीर के रूप में हुई है। राजवीर को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, वर्मा और राजवीर ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी में शामिल थे जबकि सुरेंद्र पर डिजिटल अरेस्ट में शामिल एक गिरोह का हिस्सा होने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, द्वारका में साइबर धोखाधड़ी के कई मामले सामने आने के बाद यह कार्वाई की गई। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना और डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर टीम ने राजस्थान और दिल्ली में आरोपियों का पता लगाया। पुलिस के मुताबिक, टीम ने कई जगहों पर छापेमारी की और एक सप्ताह के भीतर अलग-अलग जगहों से आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि कॉलेज छात्र वर्मा को बैंक खाते और सिम कार्ड उपलब्ध कराने के लिए पैसे दिए गए थे।

## रूस के प्रशांत तट पर सुनामी का खतरा टला

एजेंसी

मॉस्को। प्रशांत महासागर सुनामी चेतावनी केंद्र ने रविवार को कहा कि रूस के कामचातका प्रायद्वीप पर अब सुनामी आने का खतरा नहीं है। इससे पहले, इसने समुद्र में पांच शक्तिशाली भूकंप आने के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की थी।

इनमें से सबसे बड़े भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई थी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, बड़े भूकंप का केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की शहर के 144 किलोमीटर पूर्व में 20 किलोमीटर की गहराई में था। शहर की आबादी ।,80,000 है। इससे पहले और बाद में भी भूकंप आया। सुनामी केंद्र ने शुरू में कहा था कि बड़ी सुनामी लहरों का खतरा है, लेकिन बाद में उसने अपनी चेतावनी को कम कर दिया और अंततः कहा कि खतरा टल गया है। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने भी सबसे बड़े भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की तथा तटीय बस्तियों के निवासियों से तट से दूर रहने का आग्रह किया है। जान-माल के किसी नुकसान की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है।

## केजरीवाल, संजय सिंह ने उपराष्ट्रपति धनखड़ से की मुलाकात

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से उनके आवास पर मुलाकात की। केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेने के लिए उनसे मुलाकात की। मैं ईश्वर से उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने भी एक्स पर एक पोस्ट में इस मुलाकात की पुष्टि की। संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा



है। विपक्षी दलों द्वारा कई प्रमुख मुद्दे उठाए जाने की संभावना है। सरकार ने सदन के सुचारू संचालन के लिए विपक्षी दलों से सहयोग मांगा है।

## बेरोजगारी पर बिहार सरकार को घेरा
## भाषण नहीं, नौकरी चाहते हैं युवा : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। पटना में भारतीय युवा कांग्रेस के रोजगार मेले में उमड़ी भारी भीड़ का हवाला देते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा और उसके अवसरवादी सहयोगियों ने बिहार के युवाओं को बेरोजगारी के दलदल में धकेल दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि यह परिवर्तन की शुरुआत है और बिहार के युवा अब भाषण नहीं, बल्कि अपने भविष्य को आकार देने के लिए रोजगार चाहते हैं।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, बिहार में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित महारोजगार मेले में उमड़े जन-सैलाब से ये साबित हो गया है कि भाजपा और उसके अवसरवादी सहयोगियों ने बिहार के युवा को बेरोजगारी के दलदल में धकेल दिया है। उन्होंने लिखा देश के युवाओं के जीवन में बदलाव की शुरुआत बिहार से होगी। कांग्रेस का संकल्प अडिग है हुनर को हक़, हर युवा को रोज़गार, रुके पलायन, साथ रहे हर परिवार। गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, महारोजगार मेले में उमड़ा यह जनसैलाब सिर्फ एक भीड़ नहीं, एक संदेश है कि - बिहार का युवा अब भाषणों पर नहीं, रोज़गार से अपना भविष्य चाहता है। उन्होंने लिखा, भाजपा और नीतीश सरकार ने बिहार को जिस तरह बेरोज़गारी की आग में



झोंका, वहां से लाखों युवाओं को रोज़ी-रोटी के लिए पलायन करना पड़ता है अपना गांव, अपना परिवार सब कुछ पीछे छोड़ना पड़ता है।

गांधी ने लिखा बिहार के युवा कर्मठ हैं, काबिल हैं, होनहार हैं - उनकी ज़रूरत बस स्थानीय और सम्माननीय रोजगार है। अब बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन सिर्फ़ आश्वासन नहीं, समाधान लेकर आया है। कांग्रेस नेता ने कहा, हमारा फ़ोकस साफ़ है - हुनर को हक, हर युवा को रोजगार, रुके पलायन, साथ रहे हर परिवार। इसी रास्ते बनेगा एक समृद्ध बिहार दोनों कांग्रेस नेताओं ने मेले में उमड़ी युवाओं की भारी भीड़ का एक वीडियो भी साझा किया। आईवाईसी ने दावा किया कि यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि बिहार में बेरोजगारी सबसे गंभीर समस्या है।

## मुस्लिमों को वोट बैंक बनाकर रखना चाहता है विपक्ष : रिजीजू

एजेंसी

नयी दिल्ली। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने आरोप लगाया है कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम की आलोचना करने वाली कांग्रेस और कुछ अन्य पार्टियों का मूल उद्देश्य मुसलमानों को अपना वोट बैंक बनाकर रखना है। रीजीजू ने कहा कि मोदी सरकार किसी का तुष्टीकरण नहीं, सबको न्याय में विश्वास करती है। ऐसे में जब उच्चतम न्यायालय ने मई में वक्फ मामले में दोनों पक्षों को सुनने के बाद तीन प्रमुख मुद्दों पर अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया था, रीजीजू ने कहा कि चूंकि मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है, इसलिए वह इस पर अभी कोई पूर्वानुमानात्मक बयान नहीं देंगे। रीजीजू ने वीडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा, लेकिन एक बात हम बहुत स्पष्ट रूप से कहना चाहते



हैं- संसद का काम कानून बनाना है। उच्चतम न्यायालय निश्चित रूप से उसकी सही तरीके से व्याख्या कर सकता है। रीजीजू ने कहा हमें पूरा विश्वास है कि जो कुछ भी हमने किया है, वह कानून, संविधान के प्रावधानों और उसकी भावना के अनुरूप है। मुझे पूरा भरोसा है कि संसद की भूमिका को कोई नहीं छीन सकता। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा नये वक्फ कानून की आलोचना पर उन्होंने कहा मैं ओवैसी की आलोचना नहीं करना चाहता, क्योंकि उन्होंने वक्फ (संशोधन) अधिनियम का विरोध मजबूरी में किया है।

मंत्री ने कहा मुख्य समस्या वही है, जो मैं आपको बता रहा हूं। कांग्रेस पार्टी समेत कुछ नेताओं ने मुसलमानों को वोट बैंक की तरह समझा है। जब आप किसी समुदाय को वोट बैंक बनाना शुरू कर देते हैं, तो आप अतार्किक हो जाते हैं। उन्होंने कहा फिर आप उन्हें एक श्रेणी में रख देते हैं, चाहे अच्छा हो या बुरा, फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि इसलिए, जो लोग वक्फ विधेयक की आलोचना कर रहे हैं।

### यमुना की सफाई के शहरी नदी प्रबंधन योजना की शुरुआत

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी को स्वच्छ और पुनर्जीवित करने के लिए शहरी नदी प्रबंधन योजना (यूआरएमपी) शुरू की गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की एक पहल है, जिसे राष्ट्रीय शहरी कार्य संस्थान और दिल्ली सरकार के सहयोग से शुरू किया गया है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल ने रेखांकित किया कि यूआरएमपी को एक जीवंत दस्तावेज के रूप में कार्य करना चाहिए, न कि केवल एक नीति रिपोर्ट के रूप में।

इंटरटेनमेंट...

## फिल्म 'सैयारा' ने 2 दिनों में कमाये 48 करोड़

मुंबई। अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म 'सैयारा' ने रिलीज के दो दिन में करीब 48.25 करोड़ रुपए की कमाई की है। फिल्म का पहले दिन 22 करोड़ रुपए और दूसरे दिन 26.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन हुआ। बता दें कि पहले दिन के आंकड़ों में बदलाव किया गया, क्योंकि कुछ सिनेमाघरों में डिमांड के चलते स्क्रीन बढ़ाए गए थे। 'सैयारा' 18 जुलाई, 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को लेकर मिले-जुले रिएक्शन मिल रहे हैं। खासकर युवाओं को यह मूवी पसंद आ रही है। सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो सामने आए हैं, जहां सिनेमाघरों में लोग फिल्म देखकर रो पड़ते हैं।

एक वीडियो में यह भी दावा किया गया है कि फिल्म देखते-देखते एक लड़की ने अपने बेस्ट फ्रेंड को प्रपोज कर दिया। फिल्म 'सैयारा' के सिनेमाघरों में क्रेज को लेकर सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए हैं। वहीं, फिल्म ट्रेड एक्सपर्ट आमिर अंसारी मानते हैं कि इस फिल्म की सफलता कई मायनों में ऐतिहासिक है। आमिर का मानना है कि फिल्म 200 करोड़ रुपए नेट भारत में कमाने की




क्षमता रखती है और वर्ल्डवाइड 250 करोड़ रुपए पार करना तय है। आमिर अंसारी एक चर्चित बॉक्स ऑफिस एनालिस्ट, फिल्म ट्रेड एक्सपर्ट, और यूट्यूबर हैं, जो हिंदी सिनेमा के कलेक्शन और ट्रेंड पर बारीकी से नजर रखते हैं। जब 'सैयारा' की एडवांस बुकिंग शुरू हुई, तो किसी को उम्मीद नहीं थी कि फिल्म पहले दिन 3 करोड़ रुपए भी कमा पाएगी।

यहां तक कि प्रमुख ट्रेंडिंग पोर्टल्स और ऑरमैक्स जैसे प्लेटफॉर्म्स ने भी 3 करोड़ रुपए का ही अनुमान लगाया था, लेकिन जैसे ही फिल्म के गानों को लेकर क्रेज दिखा, खासकर मोहित सूरी के म्यूजिक ने जो पकड़ बनाई, फिल्म की एडवांस बुकिंग ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। आमिर ने बताया कि 14 जुलाई को 6,000 टिकट बिके, फिर 15 जुलाई को 53,000 और 16 जुलाई को 1.16 लाख टिकटों की बिक्री हुई। एडवांस बुकिंग ने कमाई में 10 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया। आमिर ने बताया कि फिल्म का क्रेज इस हद तक देखा गया कि दूसरे दिन की एडवांस बुकिंग में मुंबई में 650 से बढ़ाकर 770 शो कर दिए गए। दिल्ली-एनसीआर में 800 से बढ़ाकर 1100 शो तक किए गए। हालत यह थी कि रात 11:00 बजे, 11:55 बजे, सुबह 8:00 और 9:00 बजे के शो भी हाउसफुल गए। शनिवार को फिल्म ने जबरदस्त कमाई की। सिर्फ बुक माई शो पर इसने रात तक 5 लाख से अधिक के टिकट्स बेच दिए।

### रोमांटिक ट्रैक 'हीर' के साथ सिंगर निंजा की वापसी

मुंबई। सिंगर निंजा रोमांटिक इंडी पॉप गाने हीर के साथ वापसी कर रहे हैं। उनका यह गाना आज 20 जुलाई को रिलीज हुआ है। यह गाना प्यार, चाहत और गहराई से भरी एक कहानी बयां करता है। गाने में निंजा और शहनाज अख्तर की आवाज है। संगीत अदन ने दिया है और बोल राजा ने लिखे हैं। वहीं, दैनिक भास्कर से बातचीत में निंजा ने कहा कि यह गाना लोगों को बहुत ज्यादा पसंद आएगा। मेरा नया गाना हीर वाकई में दिल के बहुत करीब है। इसमें मेरे साथ शहनाज अख्तर हैं और हमने इसे बहुत खूबसूरती से तैयार किया है। इस गाने में मेलोडी और बीट्स का बेहतरीन तालमेल है, जो इसे खास बनाता है। यह फोक और हिप-हॉप का एक अनोखा मिश्रण है, जिसे सुनकर हर पीढ़ी के लोग जुड़ाव महसूस करेंगे।

### सैफ अली खान पर हमले का मामला, 23 को होगी सुनवाई

**मुंबई**। बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान पर 15 जनवरी को उनके घर में घुसकर हमला किया गया था। इस मामले में पुलिस ने शरीफुल इस्लाम को गिरफ्तार किया था। शरीफुल बांग्लादेशी हैं, जो अब भी मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं। अब 5 महीने बाद शरीफुल ने जमानत की मांग की है। शरीफुल का कहना है कि उन्हें काल्पनिक कहानी की बुनियाद पर आरोपी बनाया गया है। मामले के आरोपी शरीफुल इस्लाम ने शुक्रवार को जमानत याचिका दायर की है। इस जमानत याचिका पर सुनवाई 23 जुलाई को होगी। शरीफुल इस्लाम के वकील विपुल दुशिंग ने याचिका में लिखा है कि शरीफुल का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं है। घटना की जांच लगभग पूरी हो चुकी है।

## 'छावा' साल की सबसे बड़ी हिट फिल्म

मुंबई। देश में फिल्म दर्शक सिनेमाघर लौटने लगे हैं। इस साल की पहली छमाही (जनवरी-जून 2025) में रिलीज फिल्मों ने 5,723 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड कमाई की है। यह 2022 के बाद सर्वाधिक और पिछले साल से 14% अधिक है।

ऑरमैक्स मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, कमाई के आंकड़े 2022 के रिकॉर्ड से महज 12 करोड़ रुपए कम हैं। 2022 में 5,738 करोड़ रुपए की कमाई हुई थी। वहीं, 2023



में 4,883 करोड़ रुपए और 2024 में 5,032 करोड़ कमाई हुई थी। 2025 की टॉप 5 फिल्मों में 4 हिंदी फिल्में शामिल हैं बता दें कि इस छमाही में 70% अधिक यानी 17 फिल्मों ने 100 करोड़ रुपए से अधिक कमाए। 2024 में ऐसी 10 फिल्में थीं। 2025 में अब तक सिर्फ एक ही फिल्म 'छावा' 250 करोड़ रुपए के क्लब में पहुंच पाई है। फिल्म ने 693 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके बाद सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म रही 'संक्रांति वस्तुनाम, जिसने 222 करोड़ रुपए जुटाए हैं। विक्की कौशल स्टारर फिल्म 'छावा' 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। तीसरे नंबर पर रही आमिर खान की 'सितारे जमीन पर' (201 करोड़ रुपए) और चौथे स्थान पर अक्षय कुमार की 'हाउसफुल 5' (200 करोड़ रुपए)। वहीं 'रेड 2' ने 199 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।

महीनों की बात करें तो फरवरी 2025 में सबसे ज्यादा 1264 करोड़ रुपए की कमाई हुई, लेकिन इसके बाद कोई बड़ी ब्लॉकबस्टर नहीं आई। 2025 में हिंदी का रहा दबदबा साल 2025 में कमाई के मामले में हिंदी की हिस्सेदारी 39% रही, वहीं, 2024 में 40% थी। वहीं, तेलुगु (19%), तमिल (17%), मलयालम (10%), हॉलीवुड (10%) और अन्य भाषाओं (5%) का योगदान रहा। हॉलीवुड का हिस्सा तीन साल बाद फिर दोहरे अंकों में पहुंचा है। जून में बॉक्स ऑफिस पर 920 करोड़ रुपए की कमाई हुई। यह साल का चौथा श्रेष्ठ महीना रहा। 2 साल में पहली छमाही बॉक्स ऑफिस पर 42% का योगदान देती आई है। इस अनुमान से पूरे साल की कमाई 13,500 करोड़ रुपए रहने की उम्मीद है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com